■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 348
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शुक्रवार
23 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1994:** सऊदी अरब में भगदड़ से 270 तीर्थयात्रियों की मौत।
**2004:** बांग्लादेश में तूफ़ान के कारण मेघना नदी में नाव डूबने से 250 डूबे।
**2008:** भारत ने सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल पृथ्वी-2 का सफल परीक्षण किया।
**2010:** उच्चतम न्यायालय ने बिना विवाह किये महिला और पुरुष के एक साथ रहने को अपराध की श्रेणी से बाहर किया।

**जीवन में केवल एक खुशी है प्यार करना और प्यार पाना।**

### प्रधानमंत्री ने 26 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं के अलावा पुनर्विकसित 103 रेलवे स्टेशनों का किया उद्घाटन

# देश में 100 से अधिक अमृत भारत स्टेशन बनकर तैयार : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहे। पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इन सभी रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत पुनर्विकसित किया गया था। पीएम ने बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि 11 साल में राजस्थान में करीब 70 हजार करोड़ खर्च किए गए हैं। केंद्र सरकार प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए करीब 10 हजार करोड़ खर्च कर रही है। 2014 की तुलना में यह 15 गुना ज्यादा है। भारत के बुनियादी ढांचे में हो रहे बदलावों का उल्लेख करने के साथ आधुनिकीकरण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने पिछले 11 वर्षों में सड़कों, हवाई अड्डों, रेलवे और रेलवे स्टेशनों में हुई तीव्र प्रगति की चर्चा की। उन्होंने कहा




कि भारत अब पिछले वर्षों की तुलना में बुनियादी ढांचे के विकास में छह गुना अधिक निवेश कर रहा है, एक ऐसी प्रगति जिसने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने देश भर में प्रतिष्ठित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की चर्चा करते हुए उत्तर में उल्लेखनीय चिनाब ब्रिज, अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग और पूर्व में असम में बोगीबील ब्रिज का उदाहरण दिया। उन्होंने पश्चिमी भारत में, मुंबई में अटल सेतु का उल्लेख किया जबकि दक्षिण में, उन्होंने भारत के अपनी तरह के पहले पंबन ब्रिज की चर्चा की। अपने रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाने के भारत के निरंतर प्रयासों पर बल देते हुए श्री मोदी ने देश की नई गति और प्रगति के प्रतीक के रूप में वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत रेलों के शुरूआत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अब लगभग 70 मार्गों पर वंदे भारत रेल चल रही हैं और इनसे दूरदराज के क्षेत्रों में आधुनिक रेल संपर्क स्थापित हो रहा हैं। उन्होंने पिछले 11 वर्षों में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की प्रगति की ओर भी ध्यान दिलाया, जिसमें सैकड़ों सड़क ओवरब्रिज और अंडरब्रिज के निर्माण के साथ ही 34,000 किलोमीटर से अधिक नई रेलवे पटरियां बिछाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रॉड गेज लाइनों पर मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को समाप्त कर दिया गया है, जिससे सुरक्षा में (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे स्टेशन पर वायु सेना के जवान की मौत

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में गुरुवार को एक दुखद हादसे में भारतीय वायु सेना के 27 वर्षीय जवान की मौत हो गई। जवान चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश कर रहा था तभी असंतुलित होकर नीचे गिर गया और मौके पर ही उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान कुणल कुमार के रूप में की गई है, जो खगड़िया जिला अंतर्गत खताहा नगर परिषद क्षेत्र के निवासी थे। घटना की जानकारी देते हुए जीआरपी थाने के थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि कुणाल कुमार बागडोगरा एयरबेस पर तैनात थे।

### भाजपा विधायक को दो दिनों का जेल

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अलीनगर से भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव को दरभंगा व्यवहार न्यायालय के एमपी एमएलए एडीजे-3 सुमन कुमार दिवाकर की कोर्ट ने एक पुराने मामले में सुनवाई करते हुए दो दिनों के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि विधायक मिश्रीलाल यादव को एक पुराने मामले में एमपी एमएलए के कोर्ट ने तीन महीने की सजा सुनाई थी। इस मामले में शुक्रवार 23 मई को सजा की बिंदु पर सुनवाई के बाद फैसला आने वाला था। इसी मामले में भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव कोर्ट में अपील करने तारीख पर कोर्ट आये थे।

### बूढ़ी गंडक नदी में नहाने गई दो लड़कियां डूबी

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के दादर कोल्हुआ गांव में बूढ़ी गंडक नदी में नहाने गए पांच बच्चों में से दो बच्चियां तेज बहाव में डूब गईं। बाकी तीन बच्चों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया। डूबी हुई बच्चियों की तलाश में एसडीआरएफ और पुलिस की टीम लगी हुई है लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस के अनुसार, डूबी हुई बच्चियों में एक की पहचान दादर कोल्हुआ गांव निवासी रामबाबू पासवान की पुत्री कृष्णा कुमारी जबकि दूसरी बच्ची सोनम कुमारी है, जो भगवानपुर सदर थाना क्षेत्र की रहने वाली है और अपने ननिहाल आई हुई थी।

## चौथे चरण में 1.60 लाख शिक्षकों की होगी बहाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर आने वाले हैं। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चौथे चरण की शिक्षक भर्ती (टीआरइ-4) की प्रक्रिया इसी वर्ष 10 अगस्त से पहले पूरी कर ली जाएगी। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बुधवार को हुई विभागीय बैठक में इसकी घोषणा करते हुए अधिकारियों को समय सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिया है। विभागीय सूत्रों से जो जानकारी मिल रही है, इस चरण में प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर तक 1.60 लाख से अधिक शिक्षक पदों पर नियुक्ति होगी, जिसमें लगभग 40,000 कंप्यूटर शिक्षकों के पद भी शामिल हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार बीपीएससी टीआरइ-4 परीक्षा का आयोजन 10 अगस्त 2025 से पहले ऑफलाइन मोड में ओएमआर शीट के जरिए किया जाएगा। परीक्षा पैटर्न में सामान्य अध्ययन (50 अंक) और विषय-विशेष (100 अंक) के प्रश्न शामिल होंगे। इसके साथ ही, टीआरइ-3 में रिक्त रहे 21,397 पदों को भी इसी चरण में भरा जाएगा। दिव्यांग छात्रों की शैक्षणिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने 7,279 स्पेशल शिक्षकों की नियुक्ति का फैसला किया है। इन पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट दी जाएगी। साथ ही बीएसएसटेट या सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राथमिकता मिलेगी। शिक्षा मंत्री सनील कुमार ने कहा कि इस प्रक्रिया को भी टीआरइ-4 के साथ तेजी से पूरा किया जाएगा। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार (शेष पृष्ठ 10 पर)

## दिल्ली में गया के चार लोगों की सड़क हादसे में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** दिल्ली में सड़क हादसे में बिहार के चार लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मृतक सभी गया जिले के रहने वाले हैं। मरने वालों में 26 वर्षीय पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा है। सभी महादलित समुदाय के थे। बताया जाता है कि तीन-चार दिन पहले इमामगंज प्रखंड के झिकटिया कला पंचायत क्षेत्र के चपरी गांव के रहने वाले 30 से 35 लोग पलायन करते हुए रोजगार के लिए दिल्ली रवाना हुए थे। कई ऐसे भी थे जो सपरिवार घर से निकले थे, जिसमें छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल थे। गया से दिल्ली के लिए खुलने वाली बस से ये सभी रवाना हुए थे। बुधवार को दिल्ली निजामुद्दीन उतरकर सभी हरियाणा रेवाड़ी के लिए एक छोटा हाथी (पिकअप वैन) से मजदूरी करने जा रहे थे। इसी क्रम में द्वारका सेक्टर 23 के पास पिकअप का टायर फटा और पलटी खा गया। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं दर्जन भर से अधिक लोग घायल बताए जाते हैं। मृतकों में चपरी गांव के रंजीत कुमार के अलावे मासूम बच्चे लक्ष्मीनिया कुमारी, शीशम कुमारी एवं गौरव कुमार शामिल हैं। झिकटिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अरुण कुमार ने बताया कि इस घटना के बाद पूरे पंचायत में शोक की लहर है। उन्होंने पीड़ित परिवार की मदद की मांग की है।

### सीएम नीतीश ने जताया शोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली के द्वारिका सेक्टर-23 के पास वाहन दुर्घटना में बिहार के गया जिले के रहनेवाले 4 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुखद है। मुख्यमंत्री ने मृतक के शोक संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही अन्य विभागों से भी मिलने वाली अनुमान्य सहायता राशि मृतक के आश्रितों को उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि दिल्ली सरकार से समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके मूल निवास स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था करें। साथ ही इस दुर्घटना में घायल लोगों की समुचित इलाज कराने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

## नॉर्थ कोयल जलाशय योजना के निर्माण में नहीं हो ढिलाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल की अध्यक्षता में पटना स्थित सिंचाई भवन में नार्थ कोयल जलाशय योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अभियंता (सिंचाई सृजन), औरंगाबाद, सहित संबंधित अभियंता एवं संवेदक उपस्थित थे। बैठक में यह जानकारी दी गई कि शेष कार्यों के अंतर्गत औरंगाबाद जिले में नहर की चिनाई एवं मरम्मत के लिए 1367 करोड़ 61 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। यह कार्य 4 अक्टूबर 2023 से आरंभ हुआ है, जिसे 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करना है। प्रधान सचिव ने कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि निर्माण में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन स्थलों पर कार्य बाधित है, शीघ्र दूर किया जाए और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य आरंभ होने से पहले, कार्य के दौरान और कार्य पूर्ण होने के उपरांत स्थल की सचित्र जानकारी नियमित रूप से संकलित की जाए। योजना के कार्यों में कोताही न बरतें।

## बिहार में 17 एसडीओ व 61 डीएसपी का तबादला

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले गृह विभाग (सामान्य प्रशासन) की तरफ से गुरुवार को 17 अनुमंडलों में नए एसडीओ की तैनाती की गई है। यह फ़ेरबदल राज्य के स्थानीय प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाने और प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में अहम माना जा रहा है। जारी अधिसूचना के अनुसार बिहार के सोमेश बहादुर माथुर को बेगूसराय नगर निगम को नगर आयुक्त एवं आशीष कुमार को पटना नगर निगम का अपर नगर आयुक्त बनाया गया है। वहीं आशीष नारायण को राजगीर, कृष्ण कुमार को पीरो, अनिल कुमार को बेगूसराय सदर, निधि राज को मढ़ौरा, आशुतोष गुप्ता को सिवान सदर, वंदना सिन्हा को बेलसंड, आनंद कुमार को सीतामढ़ी सदर, अमित अनराद को नवादा, शशांक राज को बिरौल, अनिता सिन्हा को महाराजगंज, दीपक कुमार को जयनगर, प्रवीण कुंदन को टेकारी, अमित कुमार को भभुआ सदर, अमित राजन को दाउदनगर, स्निग्धा नेहा को सोनपुर, रवि प्रकाश को अररिया सदर एवं नितेश कुमार को छपरा सदर का एसडीओ बनाया गया है। वहीं गृह विभाग की ओर से गुरुवार शाम को 61 डीएसपी (पुलिस उपाधीक्षक) के ट्रांसफर-पोस्टिंग का आदेश जारी किया गया है। राज्य भर में पुलिस पदाधिकारियों को इधर-उधर किया गया है। बिहार में आगामी महीनों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, इससे पहले बड़े पैमाने पर स्थानांतरण हो रहे हैं। गृह विभाग द्वारा अधिसूचना के अनुसार अधिकांश डीएसपी ईओयू, (शेष पृष्ठ 10 पर)

## दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज देर रात दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। रेल मंत्री पटना, जमालपुर और मुंगेर में रेलवे से जुड़ी अहम प्रोजेक्टस और विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। रेल मंत्री का विमान आज रात पटना एयरपोर्ट पर उतरा जहां भाजपा के बड़े नेता और बिहार सरकार के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। श्री वैष्णव आज 23 मई की सुबह पटना से जमालपुर जंक्शन के लिए रवाना होंगे। वह ट्रेन से यात्रा करेंगे ताकि रास्ते में पड़ने वाले प्रमुख स्टेशनों की ग्राउंड रियलिटी चेक कर सके। 23 मई को ही रेल मंत्री मुंगेर पहुंचेंगे, जहां वो मुंगेर रेल कोच फैक्ट्री का निरीक्षण करेंगे। यह कारखाना रेलवे की प्रोडक्शन यूनिट में से एक है, जहां यात्री डिब्बों के निर्माण और मरम्मत होता है। रेल मंत्री यहां



मशीनों, उत्पादन इकाइयों और कार्यशाला की स्थिति की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही अधिकारियों से वो उत्पादन क्षमता, संसाधनों के उपयोग और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करेंगे। सूत्रों की माने तो रेल मंत्री कर्मचारियों से बातचीत कर सकते हैं और कारखाने की जरूरतों पर सुझाव भी ले सकते हैं। निरीक्षण के बाद रेल मंत्री कुछ नई घोषणाएं भी कर सकते हैं, जिससे मुंगेर और आसपास के इलाकों के लिए रोजगार के नए अवसर बन सकते हैं। बता दें कि बिहार में इस समय कई रेल प्रोजेक्टस प्रगति पर हैं, जिनमें नई लाइन बिछाने, विद्युतीकरण, दोहरीकरण, स्टेशनों के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं में सुधार शामिल हैं। रेल मंत्री अपने दौरे के दौरान संबंधित अधिकारियों से इन सभी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट लेंगे। विशेष रूप से पटना, भागलपुर, जमालपुर और मुंगेर जैसे इलाकों में रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में चल रहे काम पर चर्चा की जाएगी।

BIHAR INSTITUTE OF LAW
Ashiana More, Raja Bazar, Pillar No. 36, Bailey Road, Patna - 800014
Permanent Affiliated By Patliputra University, PATNA
and Recognised By The Bar Council of India, NEW DELHI
and Govt. of Bihar
Exclusive Law Educational Campus in the State of Bihar with latest facilities.
ALUMNI ASSOCIATION MEMBERSHIP REGISTRATION IS GOING ON
For Registration : Visit - www.biharinstituteoflaw.com or Contact Office




Dr. Arun Shrivastava
Director (Academic)

ADMISSION OPEN FOR
LL.M — 2 Years Course
LL.B — 3 Years Course
BA.LL.B — 5 Years Course
ADMISSION TAKEN AFTER ENTRANCE TEST

Special Features
Running in the Guidance of Dr. Arun Shrivastava, Director
- Well Qualified Principal
- Best Professors in law subjects (Ph.D. & NET Qualified)
- Complete A/C Class Room
- Well Maintained A/C Library with update Law Journal, Text / Reference Books
- Boy's / Girls Separate Room
- Best Moot Court Room
- NSS wing.
- Free legal Aid/First Aid Clinic
- Well Maintained Office with Cultured employee
- Wi-Fi Campus & total Computerised office
- Separate Block for LL.M
- Well maintain conference Hall, Seminar Hall
- 24x7 Legal Library will be function shortly.

Exclusive
fully Air-condition with Wi-Fi
LAW EDUCATIONAL Campus in Bihar

"Knowledge of Law For All"
A Legal Education That Works
Admission registration form available from JANUARY










Dr. Farhat Jabeen
Prof. Incharge

STUDENT Credit Card Accepted here

बिहार इंस्टिट्यूट ऑफ़ लॉ का नारा है।
कानून जानने का अधिकार हमारा है।


Dr. Amrita
Principal

www.biharinstituteoflaw.com | bilpatna@gmail.com
9525650318 | 7079750318 | 9934627940
Follow us on FB : Bil Patna | Instagram : thebilpatna

# 20 जून को राज्यभर में आयोजित होगी पैक्स की वार्षिक आम सभा, जिलों को मिले निर्देश

**सभी सदस्यों को समय पर सूचना देना अनिवार्य, अंकेक्षण प्रतिवेदन और लाभांश पर होगी चर्चा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सहकारिता विभाग ने राज्य की सभी प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) में 20 जून 2025 को वार्षिक आम सभा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। विभाग ने इसके लिए सभी जिलों के जिला सहकारिता पदाधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आम सभा की तैयारी के सिलसिले में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक पैक्स को आम सभा की सूचना विधिवत रूप से कम से कम 15 दिन पूर्व सभी सदस्यों को उपलब्ध करानी होगी। सहकारिता विभाग ने जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक के वरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे किसी न किसी पैक्स की आम सभा में भाग लें और इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही हर आम सभा की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी कराना अनिवार्य किया गया है। प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक और जिला सहकारिता पदाधिकारी को समन्वय स्थापित कर वार्षिक आम सभा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है कि बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1935 की धारा 32ए के अंतर्गत प्रत्येक सहकारी समिति को वित्तीय वर्ष समाप्ति के छह माह के भीतर वार्षिक आम सभा आयोजित करना अनिवार्य है। चूंकि राज्य सरकार ने पैक्सों में वित्तीय निवेश किया है, इसलिए इस वैधानिक दायित्व का समय-सीमा के भीतर निर्वहन अत्यंत आवश्यक है। वार्षिक आम सभा में समिति के सदस्यों को उनकी भागीदारी के साथ-साथ योजनाओं, सेवाओं और अधिकारों की जानकारी दी जाती है जिससे उनकी जागरूकता और भागीदारी सुनिश्चित होती है। वर्ष 2025 की आम सभा में कई विषयों पर चर्चा की जाएगी जिनमें प्रबंधकारिणी द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन का विचारण, अंकेक्षण प्रतिवेदन एवं लेखा विवरणी पर विचार, अंकेक्षण में चिन्हित त्रुटियों पर अनुपालन रिपोर्ट, शुद्ध लाभ के बंटवारे पर चर्चा, सदस्यों के अधिकार एवं कर्तव्यों पर संवाद, राज्य सरकार की योजनाओं जैसे अधिप्राप्ति, फसल सहायता योजना, पैक्स कम्प्यूटरीकरण और हरित कृषि संयंत्र योजना की जानकारी, पूर्व वर्ष के महत्वपूर्ण निर्णयों की समीक्षा, यदि किसी पैक्स का 2023-24 का अंकेक्षण नहीं हुआ है तो विशेष परिस्थिति में 2022-23 के अंकेक्षण के आधार पर लाभांश वितरण किया जा सकता है। साथ ही राज्य सरकार के हिस्से के लाभांश की राशि ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा कर उसकी प्रति संबंधित पदाधिकारियों को सौंपनी होगी। सहकारिता विभाग का यह कदम पैक्स की पारदर्शिता, जवाबदेही और सक्रिय सदस्य भागीदारी को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# बिहार में पहली बार औद्योगिक भूमि आवंटन में नीलामी का ऐतिहासिक कदम

**बियाडा ने बदली पारंपरिक प्रणाली**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) ने औद्योगिक भूमि आवंटन की प्रक्रिया में एक नया और ऐतिहासिक अध्याय जोड़ा है। फोरबिसगंज औद्योगिक क्षेत्र के भूखंड के लिए पहली बार प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक में पारंपरिक 'पहले आओ, पहले पाओ' के नियम को छोड़कर नीलामी के माध्यम से भूमि आवंटन किया गया। इस नई प्रक्रिया ने बिहार में औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत दिया है। बैठक में दो प्रमुख कंपनियों – एम/एस मंगल मूर्ति ट्रेडर्स और एम/एस शाकिर एंटरप्राइजेज – ने एक ही भूखंड के लिए प्रतिस्पर्धा की। जमीन की आधार मूल्य रु. 32,50,011 निर्धारित की गई थी। उत्साहपूर्ण बोली प्रक्रिया में एम/एस मंगल मूर्ति ट्रेडर्स ने सर्वोच्च बोली लगाते हुए रु. 65,50,011 की राशि अदा की, जो मूल मूल्य से दोगुनी से भी अधिक थी। नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुई जिसमें दोनों पक्षों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह पहल न केवल औद्योगिक भूमि आवंटन में न्यायपूर्णता सुनिश्चित करती है, बल्कि बिहार के लिए अधिकतम राजस्व भी उत्पन्न करती है। इस नए मॉडल ने बाजार की वास्तविक मांग और निवेशकों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी दर्शाया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा यह नीलामी बिहार में औद्योगिक विकास की सोच में क्रांतिकारी बदलाव है। पहले हम निवेशकों को आकर्षित करना पड़ता था, लेकिन अब वे स्वयं आगे आ रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बियाडा जल्द ही इस पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन लाने की तैयारी कर रहा है जिससे देश के किसी भी कोने से उद्यमी डिजिटल माध्यम से बोली लगा सकेंगे। इस पहल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने इसे राज्य के औद्योगिक विकास के लिए एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भूमि आवंटन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि बिहार के डिजिटल और औद्योगिक भविष्य की मजबूत नींव है। बिहार अब पूरी तरह से व्यवसाय के लिए तैयार है और औद्योगिक भूमि की नीलामी के इस मॉडल के साथ अवसर केवल एक बोली की दूरी पर हैं। यह पहल पारदर्शिता, गति और सही बाजार मूल्य के साथ राज्य के औद्योगिक विकास की नई दिशा की ओर एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी।

## बिहार में सत्ता की ओर निर्णायक कदम बढ़ा रही बहुजन समाज पार्टी : अनिल कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अपनी रणनीतिक तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में आज बुद्धा कॉलोनी, पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के उपरांत राज्यसभा सांसद सह नेशनल कोऑर्डिनेटर रामजी गौतम और केंद्रीय प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से एक प्रेस वार्ता की जिसमें उन्होंने बिहार सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि बसपा अब सत्ता की ओर निर्णायक कदम बढ़ा रही है और इस बार बिना बसपा के कोई सरकार नहीं बनने वाली है। रामजी गौतम ने कहा कि बहन मायावती के नेतृत्व में बसपा का लक्ष्य बिहार से जंगलराज और गुंडाराज को पूरी तरह समाप्त कर एक सशक्त और विकासशील राज्य बनाना है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में अपराधियों और माफियाओं का राज चल रहा है और आम जनता भय के साये में जी रही है। सरकारी अस्पतालों में भारी लापरवाही, डॉक्टरों की अनुपस्थिति और गरीबों की बदहाली का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि बसपा की सरकार बनी तो स्वास्थ्य, शिक्षा और कानून व्यवस्था को उत्तर प्रदेश के पूर्व में मायावती सरकार के मॉडल पर मजबूत किया जाएगा।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र), प्रणय सिन्हा, कर्मचारी राज्य बीमा निगम बीमा, बीमा आयुक्त (मुख्यालय) अनिल कुमार साहू, कर्मचारी राज्य बीमा निगम झारखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स एफो टेको सोलूसन प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति सफीरूल जो विशाखापतनम में हेल्पर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी अस्फेरा खातून, माता-जमीला बोया को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. सफीरूल की मृत्यु 10-08-2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा इएसआइसी द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 555 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु. 16,650/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 333000-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को इएसआइ कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को इएसआइ योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है। इस सादे समारोह में अभिषेक कुमार, सहायक निदेशक, पूर्वी क्षेत्र भी उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव

**सिक्के से तौले जाने के बाद की घोषणा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की सरगर्मियों के बीच जदयू के पूर्व मंत्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को सिकटा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की। यह घोषणा उन्होंने शांति चौक, जगन्नाथपुर पंचायत में आयोजित एक सम्मान समारोह में की जहां उन्हें प्रतीकात्मक रूप से सिक्कों से तौला गया। इससे पहले पूर्व मंत्री ने सूर्यपुर पंचायत के भवानीपुर गांव से पदयात्रा की शुरुआत की। पदयात्रा के दौरान एक निजी विद्यालय के छात्रों ने उनका स्वागत किया। उसके बाद वे कुर्सीबरवा, मंगलपुर, बेहरी, गुलरिया और विशंभरा गांव होते हुए पैदल चलकर लोगों से मिले और जनसंपर्क करते हुए समारोह स्थल तक पहुंचे। समारोह में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वे जनभावनाओं के अनुरूप चुनाव मैदान में उतर रहे हैं और जनता का आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने यह भी इशारा किया कि अब उनकी लड़ाई किसी पार्टी से नहीं, बल्कि जनता की आवाज को विधानसभा तक पहुंचाने की है। पूर्व मंत्री की यह घोषणा आगामी चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकती है, खासकर सिकटा विधानसभा क्षेत्र में जहां उनका प्रभाव लंबे समय से बना हुआ है।

# पर्यावरण के साथ विकास के संतुलन का नीतीश मॉडल अनूठा : राजीव रंजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि बिहार आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शिता पूर्ण निर्णयों की वजह से विकास के साथ पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के संतुलन का एक अनूठा मॉडल बन चुका है जिसे विश्व के अनेक संगठनों एवं पत्रिकाओं के द्वारा सराहा जा रहा है। 2020 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व के अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ नीतीश कुमार को ग्लोबल राउंड टेबल कांफ्रेंस को सम्बोधित करने का अवसर प्रदान किया गया। श्री प्रसाद ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण कहीं सुखाड़ तो कहीं बाढ़ जैसी आपदाओं का सामना करना पड़ता है वहीं अन्य कई इसके दुष्परिणाम भी हैं। नीतीश कुमार ने सभी दलों के साथ मिलकर 2019 में बात करके जल जीवन हरियाली अभियान की महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की जिसके तहत ग्यारह अवयव तय किये और अब इसके चौंकाने वाले परिणाम सामने आ रहे हैं। 17 हजार 561 तालाब, पोखर, आहर-पइन आदि को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है। एक लाख आहर-पइन के जीर्णोद्धार के साथ ही तालाब का जीर्णोद्धार एवं सीढ़ी घाट का निर्माण कराया गया। 37 हजार 709 कुओं तथा दो लाख अड़तीस हजार कुओं एवं चापाकल के पास सोखता निर्माण कार्य किया गया है। वहीं बारह हजार सात सौ अठत्तर चेकडैम एवं जल संचयन संरचनाओं का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वहीं चौसठ हजार से ज्यादा नए जल स्त्रोतों के निर्माण के अतिरिक्त गंगा जल उद्वह योजना के अंतर्गत पेयजल संकट के इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए बोधगया गया राजगीर एवं नवादा में गंगा जल पहुंचाने के असंभव कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। चौदह हजार सात सौ पंद्रह सरकारी भवनों में छत वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। इसके साथ ही राज्य के हरित आवरण में वृद्धि के लिए चौदह करोड़ पौधे लगाए गए।

# कृषि अनुसंधान परिसर में दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के तहत शिवम कॉन्वेंट स्कूल, न्यू बाइपास रोड, कंकड़बाग, पटना के छात्रों ने कृषि अनुसंधान की दुनिया को नजदीक से देखा, समझा और अनुभव किया। इस विशेष भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को कृषि प्रणालियों की व्यवहारिक जानकारी देना तथा कृषि विज्ञान के प्रति रुचि और जिज्ञासा को बढ़ावा देना था।

भ्रमण के दौरान विद्यालय के विभिन्न वर्गों के कुल 298 छात्रों ने सहभागिता की। पहले दिन कक्षा 6 एवं 7 के 118 छात्र तथा दूसरे दिन प्राथमिक से लेकर माध्यमिक कक्षा के 180 छात्र संस्थान पहुंचे। संस्थान के समेकित कृषि प्रणाली मॉडल, पोषण वाटिका, मात्स्यिकी इकाई, पशुधन इकाई तथा अनुसंधान प्रक्षेत्रों का भ्रमण छात्रों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उनके लिए एक प्रेरणादायी अनुभव भी बना। प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान अभिषेक कुमार, प्रक्षेत्र प्रबंधक एवं प्रेम पाल कुमार, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने छात्रों को सरल भाषा में हर इकाई की उपयोगिता एवं व्यवहारिक महत्त्व को रोचक तरीके से समझाया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने बताया कि आज के छात्र ही कल के वैज्ञानिक और नीति निर्माता होंगे। कृषि के प्रति उनकी जिज्ञासा और लगाव को देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विज्ञान और पर्यावरण के प्रति समझ विकसित करते हैं। संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पुष्पनायक ने कहा ज्ञान का प्रचार-प्रसार और नवाचार की प्रेरणा देना हमारी जिम्मेदारी है और हमें विश्वास है कि यह अनुभव छात्रों की सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. अभिषेक कुमार, उमेश कुमार मिश्र तथा विजय बाबू राम एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिन्होंने योजना, समन्वय एवं प्रबंधन को सुचारू रूप से संपन्न किया।

# राजद के शासनकाल में क्यों नहीं दिए गए महिलाओं को पैसे : विजेंद्र यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद की 'माई बहिन मान योजना' के तहत 2500 रुपये प्रति माह महिलाओं को देने की घोषणा के बाद अब कांग्रेस की तरफ से भी 'माई बहिन मान योजना' के तहत 2500 रुपये देने का ऐलान किए जाने को लेकर सत्ताधारी जदयू ने महागठबंधन पर तंज कसा है। राज्य के ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव ने कांग्रेस की महिलाओं को लेकर की गई घोषणा पर तंज कसते हुए कहा चुनाव से पहले सभी दल अपनी - अपनी योजना की घोषणा करते हैं, लेकिन जब उनकी सरकार थी, तब ये लोग महिलाओं को क्यों नहीं राशि दी? उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जितनी योजना चला रहे हैं, उससे अधिक राशि महिलाओं को मिल रही है। इस सवाल पर कि क्या एनडीए भी महिलाओं को राशि देने की योजना शुरू कर सकती है? विजेंद्र यादव ने कहा कि अभी एनडीए में यह तय नहीं हुआ है जब तय होगा तो बताएंगे। विजेंद्र यादव ने कहा कि जब उनकी सरकार थी, तब क्यों नहीं योजना लागू की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तो महिलाओं के लिए लगातार काम कर रहे हैं। इसलिए राजद और कांग्रेस को इस योजना से कुछ नहीं होने वाला है। महिलाएं तो नीतीश कुमार के साथ है।

# पटना के कई सड़कों का किया जाएगा चौड़ीकरण : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राजधानी पटना के यातायात ढांचे को सुदृढ़ और सुचारू बनाने के लिए 22.14 करोड़ रुपये से अधिक की महत्वपूर्ण योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि यह योजना पटना के यातायात को व्यवस्थित करने और सड़कों की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सम्राट चौधरी ने बताया कि विवेकानंद मार्ग, बोरिंग रोड से लेकर पश्चिम बोरिंग कैनाल रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर तक तथा बीच में आने वाले इन्दिरा सिन्हा पथ, राजेन्द्र पथ, वीर शिवाजी पथ, वीर कुंवर सिंह पथ, रामकृष्ण पथ, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, मदर टेरेसा मार्ग, तिलक मार्ग, कस्तुरबा पथ और अन्य संपर्क पथों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु 2214.67 लाख रुपये (बाइस करोड़ चौदह लाख सड़सठ हजार) की योजना को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटना एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का उद्घाटन करने के बाद जल्द ही राजधानी पर यातायात का दबाव बढ़ने वाला है। जेपी गंगा पथ का लगातार विस्तार होने से भी शहर की सड़कों को चौड़ा करने और मजबूत बनाने की जरूरत महसूस की गई। इसलिए लोक वित्त समिति और स्थायी वित्त समिति ने पटना की सड़क विकास योजना की अनुशंसा की। सम्राट चौधरी ने बताया कि किसी अन्य विभाग से अधिग्रहित पथों पर कार्य तभी किया जाएगा जब उसका विधिवत हस्तांतरण हो चुका हो और यदि किसी मार्ग पर पूर्व में कार्य हुआ है तो उसकी डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड यानि डीएलपी की समाप्ति के बाद ही नया कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# देश के प्रधानमंत्री अमेरिका के राष्ट्रपति से डरते हैं : सुब्रमण्यम स्वामी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जब पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार करने की जरूरत थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में आकर युद्धविराम क्यों कर लिया? सुब्रमण्यम स्वामी ने तंज कसते हुए कहा कि लगता है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री अमेरिका के राष्ट्रपति से डरते हैं। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान की पिटाई होनी चाहिए थी, तब ट्रंप के कहने पर युद्धविराम क्यों कर लिया गया? अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार यह दावा कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम उन्होंने कराया है जिससे भारत की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। सुब्रमण्यम स्वामी ने मांग की कि प्रधानमंत्री को इस मामले पर देश के सामने स्पष्ट सफाई देनी चाहिए जब उनसे(सुब्रमण्यम स्वामी) पूछा गया कि केंद्र सरकार ने आतंकवाद के मुद्दे पर चर्चा के लिए विश्व के अलग-अलग देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजा है तो उन्होंने इसे बेकार करार देते हुए कहा कि इससे कुछ होने वाला नहीं है।

# जैव विविधता दिवस पर गौरैया संरक्षण प्रदर्शनी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** हमारी गौरैया तथा एनवायरनमेंट वारियर्स के संयुक्त तत्वावधान में बी. डी. पब्लिक स्कूल, बुद्धा कॉलोनी में गौरैया संरक्षण जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया तथा पक्षियों के पानी तथा दाना के लिए मिट्टी के सकोरे लगाये गये। इस मौके पर प्रचार्य माधवी कुमारी ने कहा कि गौरैया केवल पक्षी नहीं हमसब के घरों की सदस्य थी, हमारा बचपन उनके बीच बिता है, लेकिन यह हमारी गलतियों के वजह से आज वह दिखती भी नहीं है। उन्होंने इको क्लब के कोडिनेटर सुदर्शन कुमार को इसको विद्यालय परिसर में संरक्षित करने के लिए सभी संभव प्रयास करने की जिम्मेदारी दी। एनवायरनमेंट वारियर्स के निदेशक निशांत रंजन ने मौके पर बताया कि गौरैया की कमी का मूल कारण भोजन की कमी और आवासीय संकट है जिसका हम सब साझा प्रयास पर व्यवस्था कर सकते हैं और गौरैया से अपने घर आंगन को पुनः गुलजार कर सकते हैं। कार्यक्रम में बच्चों को गौरैया से संबंधित डोकोमेंट्री फिल्म, विभिन्न घोसलें, किताबों तथा फोटोग्राफ का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर उपप्राचार्य रश्मि श्रीवास्तव, इको क्लब से सुदर्शन कुमार, शादाब चमन, दिव्या भट्ट, एनवायरनमेंट वारियर्स से शानू कुमार राज, निश्चल कुमार, रजनीश कुमार, प्रियांशु रंजन, मासूम रंजन और बड़े संख्या में छात्रों की उपस्थिति थी।

# इनर व्हील क्लब ऑफ पटना ने महावीर कैंसर अस्पताल में बनाया प्रतीक्षालय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** इनर व्हील क्लब ऑफ पटना ने मानवता की सेवा के उद्देश्य से महावीर कैंसर अस्पताल में कैंसर मरीजों के लिए एक प्रतीक्षालय का निर्माण कराया है। इस प्रतीक्षालय में मरीजों और उनके परिजनों को आराम से बैठने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे उन्हें इलाज के दौरान कुछ सहूलियत मिल सके। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा संध्या सिन्हा की उपस्थिति में प्रतीक्षालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में पीडीसी नीना कुमार, पीडीसी दीप्ति सहाय, पीडीसी सरिता प्रसाद, श्वेता झा, श्रुति राम, कविता सिन्हा, माला सिंह, श्वेता भार्गव, कंचन कुमारी, कविता कौर, स्वीटी तथा क्लब की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित रहीं।

# जैन धर्मावलंबियों ने भगवान बिमलनाथ जी का गर्भ कल्याणक श्रद्धा से मनाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के तेरहवें तीर्थंकर भगवान बिमलनाथ जी का गर्भ कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भगवान बिमलनाथ जी की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया। भगवान बिमलनाथ जी के गर्भ कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा किया गया। उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं में अभिषेक, पूजा जिनेश जैन एवं अन्य द्वारा तथा मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर एवं अन्य दिगम्बर जैन मंदिरों में अभिषेक शांतिधारा किया गया। मौके पर बिहार राज्य दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि तेरहवें तीर्थंकर भगवान बिमलनाथ जी का गर्भ कल्याणक के अवसर पर कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर में शांतिधारा एवं मंगल आरती सोनू जैन एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया गया।

# अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम भक्त हनुमान स्मृति अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन समारोह 21 मई, 2025 में गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह संवदनशीलता, समर्पण तथा संस्कृत भाषा के जीवंत प्रयोग का अद्भुत संगम रहा। यह संभाषण शिविर अपनी तरह का निरन्तर 32वां सम्भाषण शिविर था, जो दस दिनों तक ऑनलाइन माध्यम से सफलतापूर्वक संचालित हुआ। शिविर का उद्देश्य था-संस्कृत को केवल एक विषय नहीं, अपितु संवाद की भाषा बनाना। समापन समारोह का उद्घाटन पूर्व सचिव, गृह विभाग, उत्तरप्रदेश एवं प्रधान संरक्षक, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के डॉ. अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने संस्कृत के व्यावहारिक उपयोग की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं संस्कृत-विभागाध्यक्ष, फिरोज गांधी महाविद्यालय, पाटलिपुत्र के डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने की जिन्होंने इस अभियान को संस्कृत के नवजागरण से जोड़ा।

# पुदीन हरा कई गैस्ट्रिक विकारों के लिए एक निश्चित समाधान : अजय परिहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जीवन शैली में विकसित रुझानों और उपभोक्ताओं के काम का पैटर्न देखने पर पता चलता है कि आज सभी बहुमुखी कार्य कर रहे हैं और इसलिए उन्हें प्रभावी और प्राकृतिक समाधान की आवश्यकता होती है। डाबर सबसे भरोसेमंद हेल्थकेयर कंपनी के रूप में दैनिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए पारंपरिक आयुर्वेद को उपलब्ध कराने के अपने लक्ष्य को मजबूत करता है और पुदीन हरा कई गैस्ट्रिक विकारों के लिए एक निश्चित समाधान है। उक्त बातें डाबर इंडिया लिमिटेड हेल्थकेयर के विपणन प्रमुख अजय परिहार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। विदित हो कि आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के लाभों का प्रचार करने के अपने मिशन में आगे बढ़ाते हुए भारत की सबसे बड़ी विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी, डाबर इंडिया लिमिटेड ने पुदीना को एक आश्चर्यजनक जड़ी बूटी के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए एक अभियान शुरू किया। इस अवसर पर डॉ. विनोद कुमार उपाध्याय, आयुर्वेद सलाहकार ने कहा कि आयुर्वेद की पांडुलिपियों में आधुनिक समय की बीमारियों का सबसे अच्छा प्रबंधन गहराई से छिपा हुआ है। पुदीना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि 3,000 साल पुरानी है और इसे वंडर हर्ब के रूप में नामित किया गया है जो मानव पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद है। पुदीना में मौजूद मेन्थॉल पाचन के लिए जरूरी एंजाइमों को उत्तेजित करता है, पेट की मांसपेशियों को आराम देता है, अपचन और मरोड़ की संभावनाओं को कम करता है।

# डीआरसीसी में आए आवेदनों का शीघ्र निष्पादन हो : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर के जिलाधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में आज योजना विभाग एवं जिला रोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र (डीआरसीसी) की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण एवं जिला स्तरीय समन्वयक उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी ने जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं, विशेष रूप से मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना, कौशल विकास योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की।



उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि युवाओं को समयबद्ध ढंग से ऋण वितरण, प्रशिक्षण और परामर्श प्रदान किया जाए, ताकि वे स्वावलंबी बन सके। श्री कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। डीआरसीसी कार्यालय में आए आवेदनों का त्वरित निष्पादन हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि योजना संबंधित ऑनलाइन पोर्टल पर अद्यतन जानकारी अपलोड की जाए और पात्र युवाओं को योजनाओं के प्रति जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से जोड़ा जाए। साथ ही लंबित मामलों की सूची तैयार कर साप्ताहिक समीक्षा की जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने डीआरसीसी कार्यालय के पंजी का अवलोकन भी किया और अन्य जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बेहतर कार्यप्रणाली हेतु एकल खिड़की प्रणाली के क्रियान्वयन पर जोर दिया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, प्रबंधक (डीआरसीसी), एलडीएम एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 24 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 24 आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, पॉक्सो एक्ट, चोरी विविध कांड, वारंटी व शराब तस्कर है। 115 लीटर देशी, दो मोबाइल, दो गैस सिलेंडर जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में तीन लाख तीन हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

## मारपीट व छेड़छाड़ की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एससीएसटी थाना में बिक्रमगंज के कछुआरा गांव निवासी अजय कुमार ने रात में घर में घुस महिला के साथ छेड़छाड़ करने व परिजनों से शिकायत करने पर मारपीट की प्राथमिकी दिलीप साह समेत आठ लोगों पर कराया।

# गुप्ता धाम को धार्मिक एवं इको टूरिज्म के रूप में विकसित किया जाए : डॉ. सुरेश पासवान

### पूर्व पर्यटन मंत्री ने गुप्ता धाम यात्रा के बाद सरकार से की विशेष योजना की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार सरकार के पूर्व पर्यटन मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने गुप्ता धाम को धार्मिक एवं इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने की जरूरत पर बल दिया है। हाल ही में उन्होंने रोहतास जिला अंतर्गत स्थित इस प्राचीन तीर्थस्थल का दौरा किया और वहां की प्राकृतिक छटा एवं संभावनाओं का जायजा लिया। डॉ. पासवान ने कहा कि गुप्ता धाम चारों ओर से घने वनों, पहाड़ों और झरनों से घिरा हुआ एक अत्यंत ही मनोरम स्थल है जिसे पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा अगर इस स्थल को सुनियोजित ढंग से विकसित किया जाए तो यह शिमला और कश्मीर



की वादियों की तरह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है। इससे न सिर्फ स्थानीय रोजगार बढ़ेगा, बल्कि राज्य के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कर्मचट डैम से गुप्ता धाम तक बेहतर सड़क मार्ग का निर्माण, सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था, बिजली की निर्बाध आपूर्ति और मार्ग में कैफेटेरिया, सार्वजनिक शौचालय जैसे बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जाए तो यह क्षेत्र पर्यटकों से गुलजार हो सकता है। डॉ. पासवान ने सुझाव दिया कि वन एवं पर्यावरण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर एक संयुक्त कार्य योजना के तहत गुप्ता धाम को धार्मिक और इको टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने राज्य सरकार से इस दिशा में ठोस पहल की मांग की है। स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे न केवल क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि बिहार का पर्यटन परिदृश्य भी नया आयाम प्राप्त करेगा।

# मुख्यमंत्री सर्वाइकल कैंसर योजना से छात्राओं को कराया अवगत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में मुख्यमंत्री सर्वाइकल कैंसर योजना के तहत 9 से 14 वर्ष के छात्राओं को एचपीवी टीका से प्रतिरक्षण करने का कार्य किया गया। यह कार्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डिहरी के स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा किया गया। योजना अंतर्गत कुल उपस्थिति 44 छात्रों को एचपीवी प्रतिरक्षण से आच्छादित किया गया। एचपीवी प्रशिक्षण के दरमियान स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सुधीर कुमार तथा उनकी टीम संतोष कुमार राय, स्वास्थ्य प्रशिक्षक सुधीर कुमार, बीसीएम एएनएम शशि बाला कुमारी, अनीता कुमारी, मनीष





कुमार प्रखंड प्रसार प्रशिक्षक गणेश प्रसाद, स्वास्थ्य प्रबंधक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर एसएमसी यूनिसेफ अब्दुल खालिक के द्वारा निरीक्षण किया गया तथा बताया गया कि सर्वाइकल कैंसर योजना महिलाओं में होने वाली गर्भाशय कैंसर को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एचपीवी टीका ह्यूमन पेपिलोमा वायरस से सुरक्षा प्रदान करता है। योजना अंतर्गत बिहार के एक करोड़ बालिकाओं को लाभ मिलेगा। मौके पर यूनिसेफ बीएमसी राजीव रंजन एवं अभय कुमार ने भी सहयोग प्रदान किया। मुख्यमंत्री सर्वाइकल कैंसर योजना को सफल बनाने में विद्यालय के वरीय शिक्षिका चंचल द्विवेदी, सुजाता प्रसाद, मोनू गुप्ता एवं विभा रानी ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

# गार्गी पाठशाला में बच्चों के बीच पाठ्य एवं खाद्य सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** लेट्स इंस्पायर बिहार के मार्गदर्शक सीनियर आईपीएस अधिकारी विकास वैभव के मार्गदर्शन में संचालित गार्गी पाठशाला अमरा तलाब में शान्ति भवन गिरिडीह से आई साध्वी उमा माता जी एवं साध्वी रानी माता जी का सान्निध्य एवं आशीर्वाद गार्गी पाठशाला के बच्चों एवं शिक्षकों को प्राप्त हुआ। आज गार्गी पाठशाला में बच्चों के बीच शहर के जाने-माने व्यवसायी भुवन अग्रवाल के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के बीच पेन, कापी, पेंसिल, रबर, कटर, फ्रुटी, बिस्कुट इत्यादि सामग्री साध्वी माता द्वय के हाथों वितरित कराया। इस अवसर पर गार्गी पाठशाला की संचालिका नूतन कुमारी, पूर्व प्रमुख रामकुमारी, महिला मारवाड़ी समिति की अध्यक्ष मंजू तुलस्यान, कांता कनोडिया, पुनम कनक,



पल्लवी कनोडिया, समाजसेवी राम अवतार राय, दीपक तुलस्यान, कैलाश प्रसाद कनोडिया, संदीप कनौडिया, भुवन अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित साध्वी माता द्वय के द्वारा इस तरह लोक कल्याण कारी कार्य के लिए आई पी एस विकास वैभव को अपना आशीर्वाद प्रेरित किया। साथ ही संचालिका नूतन जी को इस तरह के कार्य की प्रशंसा किया।

# भारतीय सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में अकोढ़ी गोला मंडल में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी जिसमें समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और सैकड़ों लोग इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर सफल बनाया। भारतीय जनता पार्टी अकोढ़ीगोला मंडल अध्यक्ष (दक्षिणी) वीरेंद्र शर्मा, उत्तरी मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, भाजपा नेता राजू गुप्ता, भाजपा नेत्री मीना गुप्ता, रमेश सिंह, सुरेंद्र कुमार पंडित, परवेज आलम, महेंद्र सिंह, जदयू नेता अशोक चंद्रवंशी, रवि पांडेय, पंकज पांडेय, अश्विनी कुमार गुप्ता, अंकित गुप्ता, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, राजू गुप्ता, मीना गुप्ता ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि देश की बागडोर मजबूत हाथों में है। पाकिस्तान और आतंकवादियों को करारा जवाब देने के लिए सदैव तत्पर हैं, ऑपरेशन सिंदूर केवल स्थगित है, आइंदा ऐसी हरकत पर नेशतनाबूत किया जाएगा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

# डीआरएम ने दिलाई हरित शपथ, निकाली प्रभातफेरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में इस वर्ष आने वाले 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस-2025 के उपलक्ष्य में व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा सभी को 'हरित शपथ' दिलाई गई जिसमें पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया। इसके उपरांत कार्यालय से यूरोपीयन कॉलोनी होते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक 'प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति से नाता जोड़ो' के मुख्य संदेश के साथ प्रभातफेरी का आयोजन किया गया जिसमें स्काउट एंड गाइड, स्कूली बच्चे तथा बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी शामिल हुए। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें यात्रियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यात्रियों को प्लास्टिक उपयोग समाप्त करने के लिए जागरूक करते हुए जूट बैग का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पर्यावरण हितैषी विकल्पों को अपनाना था। मंडल मुख्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार सहित अन्य रेल अधिकारी व बड़ी संख्या में रेल कर्मी उपस्थित रहे। मंडल के अन्य प्रमुख स्टेशनों जैसे गया, सासाराम, अनुग्रह नारायण रोड, डिहरी ऑन सोन तथा अन्य स्टेशनों पर भी इसी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# डिहरी उच्च विद्यालय ने मशाल के तहत करायी खेलकूद प्रतियोगिता

### खेल से शारीरिक व मानसिक विकास : बलिराव कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय डिहरी उच्च विद्यालय के छात्रों का मशाल कार्यक्रम के तहत बिसेप दो के मैदान में गुरुवार को शहर के विभिन्न विद्यालयों का खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य बलिराव कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। खेलकूद शिक्षक शाहनवाज आलम की देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न हुआ। अंडर 14 वर्ष के 60 मीटर दौड़ में विजेता- अकाश कुमार, उवि डिहरी, लक्ष्मी कुमारी, पीएम श्री मवि शिवगंज, अंडर 16,100





मीटर दौड़, चंदन कुमार उवि डिहरी, वैष्णवी पीएम श्री मवि, 200 मीटर दौड़ , अरबाज उवि डिहरी, खुशी कुमारी, सरावगी मवि, अंडर 14 क्रिकेट बॉल थ्रो आदर्श कुमार सरावगी मवि, प्रीति कुमार सरावगी मवि, अंडर 16 बॉल थ्रो में पवन कुमार सरावगी मवि, लंबी कूद, प्रिंस कुमार उवि डिहरी, श्वेता कुमारी बीएमपी दो मवि, अंडर 16, धीरज कुमार, पीएम श्री मवि विजेता रहे। सभी जिला स्तर पर आयोजित खेल में शामिल होंगे। मौके पर शशि कुमार, प्रेमचंद प्रसाद, शशि भूषण, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

# ट्रेन में छूटे बैग को आरपीएफ ने यात्री को किया वापस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि प्राप्त सूचना के अनुपालन में गाड़ी संख्या 53611 अप में यात्री के छूटे हुए पिट्ठू बैग को उतार कर सुरक्षित पोस्ट कार्यालय में रखा गया था एवं सूचना यात्री अभय राज दुबे को दी गई थी। सूचना प्राप्ति उपरांत 22.05.25 को यात्री अभय राज दुबे



के पिता ओमप्रकाश दुबे पुत्र स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे ग्राम बलियारी थाना कांडी जिला-गढ़वा (झारखंड) बैग को लेने वास्ते रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन पर उपस्थित हुए जिनका सत्यापन करने के उपरांत सही पाए जाने पर बैग में रखे सभी सामानों के साथ पूर्ववत स्थिति में सही सलामत सुपुर्दगीनामा तैयार कर फोटोग्राफी करते हुए सुपुर्द किया गया। बैग में रखे सामानों की अनुमानित कीमत लगभग 1000 आंकी गई है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) प्राथमिकी अभियुक्त राजकुमार रजवार, पे0–तिलकधारी रजवार, सा0–जतरो, थाना–काण्डी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप कांडी थाना कांड सं0– 74/2019 दिनांक– 06.08.2019 धारा–323, 385, 379, 506, 498ए, 34, भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्री राजेन्द्र प्रसाद न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–18.05.2025 को माननीय न्यायालय गढ़वा से निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला आपके पता– सा0–जतरो के घर पर एवं घर से बाहर गॉव के चौक–चौराहा स्थित देवी धाम के चबूतरा के पास किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्री राजेन्द्र प्रसाद न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक
गढ़वा

PR 353168 Police (25-26)_D


# कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, माहौल भक्तिमय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर(कैमूर)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के जलालपुर पंचायत के बसीनी गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकली गई जहां विश्व के महान मनीषी संत परम पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य परम पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की मंगलमय कृपा से 20 मई से 27 मई तक संपन्न होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। लगभग 7 हजार की संख्या में महिला, पुरुष कलश लेकर



यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान निकाली गई झांकियां आकर्षण का केंद्र रहा जहां हाथी, घोड़ा, ऊंट, रथ शामिल रहा। कलश यात्रा बसीनी गांव से आरडी चौरासी, बगही पुल होते हुए सबार (नाथ बाबा) दुर्गावती नदी तट पर गाजे-बाजे के साथ विधि विधान से पूजन के उपरांत दुर्गावती नदी का पवित्र जल श्रद्धालुओं द्वारा कलश में भरकर वापस कार्यक्रम स्थल बसीनी लाया गया जहां पर कलश की स्थापना की गई। वही सबार में पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह द्वारा श्रद्धालुओं के लिए फल, शरबत मीठा, पानी की भव्य व्यवस्था की गई। कलश यात्रा में डीजे पर धार्मिक गीतों की ध्वनि से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। मौके पर पंडित शिवपूजन शास्त्री महाराज, डॉक्टर पुडरीक शास्त्रीजी महाराज, वीर बहादुर सिंह, कुंवर बहादुर सिंह, संदीप सिंह, सतीश सिंह, पिंटू सिंह, सुरेंद्र सिंह इत्यादि हजारों की संख्या में भक्तगण कलश यात्रा में मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय संकुल स्तरीय मशाल खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

### जिप सदस्य विकास ने फीता काट किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान के लिए गुरुवार को स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दतियांव में संकुल स्तरीय तीन दिवसीय मशाल खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार तरीके से आगाज हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य भभुआ विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल का विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा फीता काट कर



विधिवत इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिप सदस्य ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी अत्यंत जरूरी है। खेल से बच्चों के मस्तिष्क का विकास होता है और उनमें एकता की भावना जागृत होती है। उन्होंने मशाल खेलकूद प्रतियोगिता की तारीफ करते हुए कहा कि खेल प्रतिभाओं में निखार लाने के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। वहीं विद्यालय के एचएम भरत पटेल ने बताया कि बिहार खेल प्राधिकरण पटना एवं शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देश पर ऐथलेटिक्स, कबड्डी, साइकिलिंग, फुटबॉल, वॉलीबॉल में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के चयन हेतु विद्यालय स्तर से राज्य स्तर तक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य अंतिम रुप से चयनित छात्र-छात्राओं को आगामी ओलंपिक के लिए प्रशिक्षित किया जाना है। उन्होंने बताया कि मेरे विद्यालय में 22 से लेकर 24 मई तक तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता कराया जाएगा जिसमें अंडर 14 व अंडर 16 के बालक-बालिका भाग लेंगे।


## पूर्व रेलवे

**निविदा का निरस्तीकरण**

वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/I, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा पूर्व में प्रकाशित खुली ई-निविदा संख्या एसडीएसटीई-एमएन-फ्री-अर्थ-25-26 दिनांक 01.05.2025, जिसके खुलने की निर्धारित तिथि 26.05.2025 रखी गई है, को एतद्द्वारा कुछ तकनीकी कारणों से **निरस्त** किया जाता है।

HWH-96/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**निविदा सं.: एफ_एलएलएच_सीएमटी_59, दिनांक: 20.05.2025,** उप सीएमई/बीजीबी/लिलुआ, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निविदा सं.: एफ_एलएलएच_सीएमटी_59 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** कार्य अनुबंध के माध्यम से खुली निविदा के आधार पर बीएआरसी/एईआरबी अनुमोदित बाहरी एजेंसी से एक वर्ष की अवधि के लिए बट वेल्ड जॉइंट्स का रेडियोग्राफी टेस्ट। **विज्ञापित मूल्य:** रु.1,42,16,640/-, **बयाना राशि :** रु. 2,21,100/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 120 दिन। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट प्रणाली। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 20.05.2025 को 11.46 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 30.05.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 13.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

MISC-73/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा)

**या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**
**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**
**अधिसूचना संख्या 580/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 17.05.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–गाड़ाखूर्द**, थाना नं0–257, थाना–काण्डी, अंचल–काण्डी, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना खरसोता मोड़ से कसनप पथ के चैनेज 17.800 के कि0मी0 में बजरीनाला पर उच्चस्तरीय सेतु निर्माण कार्य के पहुँच पथ का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम–गाड़ाखूर्द**, थाना नं0–257, थाना–काण्डी, अंचल–काण्डी, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **0.070** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 196 | 2079 | रैयती | टॉंड 2 | 0.029 | बिन्दा देवी पति–रामप्रवेश चौधरी, श्रवण साव, पिता–धिवकुण्डल साव | रास्ता | 2089 | नीज | नदी |
| 2 | 196 | 707 | रैयती | | 0.041 | ब्रम्हदेव दुबे, कपीलदेव दुबे, पिता–हरिनारायण दुबे, जौत्री देवी, पति–प्रसाद चौधरी | प्लॉट 707 | रास्ता | रास्ता | नदी |
| कुल :– | | | | | 0.070 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।


झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ढ0/भू0अ0नि0(अधिनियम)–129/2017/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 353177 Land Reforms(25-26).D

# प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्यभार संभाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** प्रख्यात अर्थशास्त्री और नीति चिंतक प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए कुलपति के रूप में बुधवार को औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। यह विश्वविद्यालय प्राचीन नालंदा महाविहार की समृद्ध बौद्धिक परंपरा को आधुनिक संदर्भों में पुनर्जनन का एक वैश्विक प्रयास है। कार्यभार ग्रहण समारोह में अंतरिम कुलपति प्रो. अभय के. सिंह, फैकल्टी सदस्यों और पीएचडी छात्रों ने प्रो. चतुर्वेदी का हार्दिक स्वागत किया और उन्हें नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं दीं। अपने उद्बोधन में प्रो. चतुर्वेदी ने विश्वविद्यालय के ध्येय वाक्य ह्यआनो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतःह्ळ का उल्लेख करते हुए कहा, ह्ययह वाक्य हमें हमारे शाश्वत मूल्यों से जोड़ता है। नालंदा ने हमेशा एक मुक्त और समावेशी बौद्धिक परंपरा का प्रतिनिधित्व किया है, जो वैश्विक दृष्टिकोण के साथ भारतीय विद्वत्ता की समृद्ध विरासत को जोड़कर एक जीवंत संवाद को प्रोत्साहित करता है। वर्तमान में दिल्ली स्थित थिंक-टैंक रिसर्च एंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज के महानिदेशक के रूप में कार्यरत प्रो. चतुर्वेदी विकास अर्थशास्त्र नीति निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने 22 से अधिक पुस्तकें लिखी हैं। इसके अतिरिक्त, वे भारतीय रिजर्व बैंक के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विश्वविद्यालय की हालिया प्रगति की सराहना करते हुए प्रो. चतुर्वेदी ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में नालंदा ने एक विशिष्ट शैक्षणिक केंद्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। यहां का उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और प्रख्यात शिक्षकों का मार्गदर्शन विद्यार्थियों को बहुआयामी बौद्धिक विकास के अवसर प्रदान करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया नालंदा यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ह्यप्रधानमंत्री की यात्रा ने विश्वविद्यालय की भावी दिशा को नई ऊर्जा प्रदान की है। यह इस बात का प्रमाण है कि नालंदा की विरासत आज भी, विशेष रूप से एशियाई संदर्भ में, प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर देते हुए प्रो. चतुर्वेदी ने कहा, अर्थशास्त्र, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नीति निर्माण में मेरे अनुभवों ने मुझे शिक्षा को परिवर्तन का सशक्त माध्यम मानने के लिए प्रेरित किया है। नालंदा में हमारा लक्ष्य भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रभावशाली और समाजोपयोगी बनाना है। यह जिम्मेदारी को गर्व का विषय बताते हुए उन्होंने कहा, नालंदा के पुनरुत्थान और विकास में योगदान देना मेरे लिए अत्यंत सम्मान की बात है। मैं सभी के साथ मिलकर कार्य करने को उत्सुक हूं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे सामूहिक प्रयासों से नालंदा वैश्विक बौद्धिक विमर्श का एक सशक्त केंद्र बनकर उभरेगा।

# 21 मरीजों के बीच फाइलेरिया किट का वितरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल में फाइलेरिया पीड़ित मरीजों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान फाइलेरिया के 21 मरीजों के बीच मोरबिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रीवेंशन (एमएमडीपी) किट का वितरण कर इसकी जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें 12 दिनों की फाइलेरिया रोधी दवाओं के साथ उचित परामर्श भी दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रामप्रिय सहगल ने बताया कि फाइलेरिया से प्रभावित अंगों की साफ-सफाई के साथ नियमित देखभाल भी जरुरी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उनके बीच एमएमडीपी किट प्रदान किया जा रहा है। इस कीट में एक-एक टब, मग, बाल्टी तौलिया, साबुन, एंटी फंगल क्रीम आदि शामिल हैं। लगातार इसका इस्तेमाल करने से प्रभावित अंगों के सूजन में भी कमी आएगी। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक रविचन्द प्रसाद, पिरामल संस्था के गौतम कुमार समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## एक नजर

### 20 सूत्री समिति की बैठक आज

**कौआकोल।** राज्यपाल के आदेश के बाद नए 20 सूत्री कमिटी के गठन के बाद पहली बार कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय में 20 सूत्री सह प्रखण्ड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आज यानि शुक्रवार को प्रखण्ड कार्यालय भवन के सभागार कक्ष में आयोजित की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह 20सूत्री सचिव डॉ0 अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार से प्राप्त निर्देश के आलोक में सामान्य बैठक 23 मई को 11 बजे दिन से शुरू होगी। बैठक में परिचय सत्र के बाद सभी सम्बंधित विभागों व योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर चर्चा, महिला संवाद तथा डॉ0 भीमराव अंबेदकर समग्र सेवा अभियान बैठक का मुख्य एजेंडा रहेगा। बीडीओ ने बताया कि बैठक में शामिल होने के लिए 20 सूत्री अध्यक्ष सहित सभी सम्बंधित सदस्यों एवं विभागों के अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से सूचना दिया जा चुका है।

### रियाज उद्दीन बने महागठबंधन समन्वय समिति के संयोजक

**पकरीबरावां।** गुरुवार को पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय में महागठबंधन की बैठक हुई। बैठक में महागठबंधन के विभिन्न दलों के दो - दो सदस्य शामिल हुए। राजद से राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष रियाज उद्दीन एवं परमेश्वर मंडल, कांग्रेस से प्रखण्ड अध्यक्ष नवलेश कुमार एवं जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा, भाकपा माले से अरुण कुमार एवं जगदीश चौहान तथा सीआईपी से भुनेश्वर प्रसाद एवं रामशरेख प्रसाद यादव शामिल हुए। सभी ने सर्वसम्मति से राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष रियाज उद्दीन को समन्वय समिति का संयोजक बनाया गया है। संयोजक बनाये जाने पर महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया है।

### तीन दिवसीय मशाल खेल महोत्सव शुरू

**पकरीबरावां (नवादा)।** महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली में गुरुवार को तीन दिवसीय मशाल खेल महोत्सव का शानदार आगाज हुआ। उद्घाटन समारोह में प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार, प्लस टू शिक्षक रंजन आर्य, मध्य विद्यालय बुधौली के प्रधानाध्यापक राजकुमार और स्थानीय सरपंच धर्मेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर महोत्सव की शुरुआत की। प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और नेतृत्व क्षमता के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, समर्पण और नियमित अभ्यास को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। महोत्सव की शुरुआत अंडर-14 बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता से हुई, जिसमें मध्य विद्यालय बुधौली की टीम ने मध्य विद्यालय दियौरा को हराकर शानदार जीत हासिल की। खिलाड़ियों का जोश और उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर शिक्षक मदन मोहन प्रसाद, अरविंद कुमार, धीरज कुमार विश्वकर्मा, अजीत कुमार, आरोही, श्वेता कुमारी, धर्मेंद्र पासवान और स्वास्थ्य उपकेंद्र से शिल्पा रानी उपस्थित रहीं।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 24 को

**नारदीगंज,नवादा।** पेंशनर भवन नारदीगंज में आगामी 24 मई 2025 यानी शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित होगी।यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से आयोजित किया जायेगा। आयोजित शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के पेंशनरों को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। केंद्र में कार्यरत चिकित्सक डा0 प्रवीण कुमार पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच करेंगे।पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व सचिव श्रीकांत सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। उन्होंने आयोजित शिविर में अधिक से अधिक पेंशनर समाज को उपस्थित होने की अपील की है।

### ट्रक की चपेट में आने से पशु चिकित्सा पदाधिकारी की मौत

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के राणाबीघा के समीप बुधवार की देर शाम सड़क हादसे में पशु चिकित्सा पदाधिकारी की मौत हो गई है। मृतक शेखपुरा निवासी डॉ. सुनील कुमार थे। परिवार वालों ने बताया कि वे नवादा जिला के ओढ़नपुर से बिहारशरीफ के दीपनगर स्थित आवास वास्तु विहार लौट रहे थे। इसी बीच राणा बीघा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी हालत में इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने उन्हें गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया। पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वे नवादा जिले के ओढ़नपुर में 2022 से भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में दीपनगर के वास्तु बिहार में परिवार के साथ रह रहे थे। उनकी आकस्मिक मौत से उनके परिजनों में कोहराम मच गया है। चिकित्सा जगत में भी शोक की लहर दौड़ गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। ट्रक को जब्त कर लिया गया हैं।

### बंद पड़ी दुकान से चोरों ने की चोरी

**बिहारशरीफ।** भागन बिगहा ओपी क्षेत्र के धमासंग गांव में बंद पड़े दुकान से चोरों ने चोरी कर ली है। चोरों ने दुकान के दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश कर गया जहां दुकान में रखे पेट्रोल, नगद 5 हजार व अन्य सामान को चोरों ने चोरी कर फरार हो गया। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार हरे राम ने बताया कि हर दिन की तरह दुकान को बुधवार को रात्रि 9 बजे बंद कर घर चला गया था। सुबह 6 बजे जब दुकान को खोलने के लिए आए तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और अंदर देखा कि समान भी गायब है।

# मुरारी बापू के आगमन को ले डीएम व एसपी ने की अधिकारियों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर एवं भारत सोनी, पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में राजगीर में कथा वाचक मुरारी बापू के आगमन के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था विधि व्यवस्था संधारण के लिए संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यक्रम संचालकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विदित हो कि आरआईसीसी, राजगीर में 24 मई से 1 जून तक कथा वाचक मुरारी बापू का कार्यक्रम निर्धारित है। यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, लाइटिंग, साफ-सफाई, अग्निशमन दस्ता, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस, विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था संधारण के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रशिक्षु समाहर्ता, अनुमंडलाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्क्ष सहित कार्यक्रम के संचालक गण आदि उपस्थित थे।

# विभिन्न विद्यालयों में मशाल के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कौआकोल।** प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में मशाल कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत गुरुवार को हर्षोल्लासपूर्वक की गई। प्रखण्ड के गायत्री प्रोजेक्ट बालिका इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार,इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा, बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बरौन बाजितपुर में प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार,उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार समेत विभिन्न विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापकों की देखरेख में विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। तथा विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान के लिए मशाल कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार से शुरू किया गया है। जिसके तहत विद्यालय में बच्चों के बीच दौड़, कबड्डी दौड़,ऊंची कूद आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# टीएस कॉलेज के साइकोलॉजी विभाग परिसर में लगी आग, 12 लाख की संपत्ति जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा।** हिसुआ स्थित टीएस कॉलेज के साइकोलॉजी विभाग में गुरुवार को अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दमकल विभाग को बुलाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है। साइकोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष अमरदीप अम्भोरे ने बताया कि शिक्षक प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित कर रहे थे, तभी सूचना मिली कि विभाग के एक कमरे से आग की लपटें निकल रही हैं। तत्काल दमकल विभाग को सूचित किया गया, जिसके अथक प्रयासों से आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि संभवतः कमरे में रखे फ्रिज में शॉट सर्किट के कारण आग लगी। आगलगी से साइकोलॉजी विभाग के कमरे में रखे टेबल, कुर्सियां, बेंच, अलमारी, फ्रिज, प्रैक्टिकल किताबें, महत्वपूर्ण दस्तावेज और लैपटॉप समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए। इस घटना में लगभग 12 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इसके अलावा, कमरे की छत और दीवारें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही कॉलेज प्रशासन और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। आग लगने के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। इस घटना ने कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं।

# शारदीय (खरीफ) कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) द्वारा गुरुवार को अब्दुल बारी नगर भवन, जहानाबाद में शारदीय (खरीफ) महाभियान 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी अलंकृता पांडे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक रसायन, पटना सह नोडल पदाधिकारी विनय कुमार पांडेय एवं सहायक निदेशक रसायन रवि कुमार चंद्रवंशी सहित विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने, जैविक खेती को बढ़ावा देने और मृदा स्वास्थ्य की रक्षा हेतु संतुलित उर्वरक प्रयोग पर बल दिया गया। इस दौरान मृदा जांच प्रयोगशाला, जहानाबाद द्वारा तैयार की जा रही सॉइल फर्टिलिटी मैपिंग के माध्यम से वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने की बात भी कही गई। कार्यक्रम के दौरान आरपीएल प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्रमाण पत्र एवं किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा, संभावना द्वारा बीज वितरण, किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रीकरण, बीज उत्पादन कार्यक्रम, आत्मा योजना आदि की जानकारी पावरप्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से दी गई। किसानों को 'बिहार कृषि ऐप' के उपयोग के लिए प्रेरित करते हुए कहा गया कि वे इस पर रजिस्ट्रेशन कर कृषि योजनाओं का लाभ लें। उपस्थित किसानों के बीच उन्हें फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आगामी श्रृंखला की जानकारी दी गई। बताया गया कि जो दिनांक 26 मई से 2 जून 2025 तक सभी प्रखंड मुख्यालयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। सहायक निदेशक मिट्टी जांच श्वेता प्रिया द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की महत्ता बताई गई एवं कहा गया कि प्रत्येक किसान को अपने खेत की मृदा जांच अवश्य करानी चाहिए ताकि उर्वरकों का वैज्ञानिक उपयोग संभव हो सके। कार्यक्रम में नाबार्ड जिला प्रबंधक रजनीकांत सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रविंद्र कुमार सिंहा, सहायक निदेशक शष्य भूमि संरक्षण राम लखन ठाकुर, सहायक निदेशक प्रक्षेत्र श्रीमती इंदू सिंहा, उप परियोजना निदेशक आत्मा राकेश कुमार, सहायक निदेशक उद्यान रूपेश कुमार अग्रवाल, सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण सुधीर कुमार, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण मो. जावेद आलम, बिहार कृषि ऐप विशेषज्ञ संदीप सहित सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार, नवनियुक्त सहायक निदेशक एवं सैकड़ों प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

# जमीनी विवाद और रंगदारी को लेकर फायरिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के पंडपा गांव में जमीनी विवाद और रंगदारी को लेकर दलित टोले में वर्चस्व स्थापित करने के उद्देश्य से बीते बुधवार दोपहर हुई फायरिंग की घटना में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिसमें दो लोग घायल हो गए।

थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने बताया कि पंडपा गांव निवासी रामखेलावन रविदास की लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायत में कहा गया है कि नालंदा जिले के फतेहपुर (माहुरी) निवासी भूषण सिंह, बिनोद सिंह सहित 11 नामजद और 3-4 अज्ञात व्यक्तियों ने रंगदारी और वर्चस्व कायम करने के इरादे से इस घटना को अंजाम दिया। मामले में कांड संख्या 199/2025 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में पटना जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र के जलपुरा निवासी विकास कुमार, नौबतपुर थाना क्षेत्र के स्नेही टोला निवासी महेश शर्मा, पालीगंज थाना क्षेत्र के मसौढा निवासी संतोष कुमार, बाढ़ थाना क्षेत्र के नदवां निवासी नरेंद्र कुमार, भोजपुर जिले के पिरो थाना क्षेत्र के देवचढा निवासी शशांक कुमार, नालंदा जिले के फतेहपुर निवासी प्रवीण कुमार, बक्सर जिले के डुमरांव निवासी अशोक चौधरी और शेखपुरा जिले के अड़राही थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद निवासी संतोष कुमार शामिल हैं।

घटना स्थल से पुलिस ने दो खोखे, एक मोबाइल, चार राइफल, एक रिवॉल्वर, 109 गोलियां और तीन वाहनों को जब्त किया है। घटना की सूचना मिलने पर बुधवार देर शाम पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फिलहाल, गांव में शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और मजिस्ट्रेट तैनात हैं।

# 250 लीटर शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, दूसरा फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के सुदूरवर्ती परतौनिया जंगली क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो मोटरसाइकिलों पर लदे 250 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया है। इस दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरा तस्कर जंगल के कच्चे रास्तों का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार, बिहार-झारखंड की सीमा से सटे इस जंगली क्षेत्र को शराब तस्करों का सुरक्षित गलियारा माना जाता है। यहाँ पहाड़ी और जल स्त्रोतों की उपलब्धता के कारण शराब माफिया बड़े पैमाने पर महुआ शराब का निर्माण करते हैं। तस्कर आमतौर पर जंगल के कच्चे रास्तों से मोटरसाइकिलों पर 150-200 लीटर शराब लादकर परिवहन करते हैं। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने के लिए ह्यूमन इंटेलीजेंस और अन्य संसाधनों का उपयोग कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार शाम गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने परतौनिया के जंगली क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान दो मोटरसाइकिलों पर प्लास्टिक के गैलनों में लदे 250 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया।

कार्रवाई के दौरान बरवा गांव निवासी गांगों पासवान के पुत्र प्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरा तस्कर रामाशीष पासवान (पिताः कुलेश्वर पासवान) फरार हो गया। पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर ने फरार साथी का नाम उजागर किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब और मोटरसाइकिलों के साथ-साथ गिरफ्तार और फरार तस्कर के खिलाफ बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार तस्कर प्रकाश कुमार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं, फरार तस्कर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस ने शराब निर्माण, परिवहन, बिक्री, भंडारण और सेवन के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संकल्प दोहराया है।

# तूफानगंज में चली गोली, तीन रायफल व एक खोखा बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** भागन बिगहा ओपी क्षेत्र के तूफानगंज में जमकर गोलीबारी हुई है। हालांकि इस घटना में किसी को कोई हताहत नहीं हुई है। घटना को सूचना स्थानीय पुलिस को दिया गया। जहां सूचना मिलते ही सदर डीएसपी 2 संजय जायसवाल, सर्कल इंस्पेक्टर रमाशंकर और भागन बिगहा ओपी के प्रभारी शैलेश कुमार झा समेत पुलिसबल उक्त स्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल किए। जांच के क्रम में पास स्थित मक्का के खेत से 3 रायफल और 1 खोखा को बरामद किया है। सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि गोली चलने की सूचना मिली थी जहां उक्त स्थल पर पहुंचकर जांच किया जहां से 3 रायफल समेत एक खोखा को बरामद किया गया है। आगे की कारवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया को जमीनी विवाद में गोली चली है। गोली चलने से इलाके में सनसनी मच गई है।

# बाढ़ से निपटने को ले सीओ ने तटबंधों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आपदा से पहले सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश**

**किसी भी प्रकार असामान्य स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन को दें**

**बिहारशरीफ।** संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सरमेरा अंचल प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अंचलाधिकारी (सीओ) समीना खातून ने क्षेत्र के विभिन्न तटबंधों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से अंचल के सबसे संवेदनशील और बाढ़ की दृष्टि से खतरनाक माने जाने वाले इलाकों सदहा पेंदी और बड़ी मिसीया का गहन निरीक्षण किया। इन क्षेत्रों में तटबंधों की स्थिति को देखते हुए उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि जहां-जहां तटबंध क्षतिग्रस्त हैं, उनकी मरम्मत कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रमंडल के जूनियर इंजीनियर जयंत कुमार भी सीओ के साथ मौजूद थे। उन्होंने तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी और बताया कि कमजोर तटबंधों को चिन्हित कर शीघ्र ही मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा, ताकि बाढ़ के समय किसी प्रकार की आपदा से बचा जा सके। सीओ समीना खातून ने स्थानीय प्रशासन को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया है और कहा कि संभावित आपदा से पहले सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

CMYK

# बिना निर्माण के निकाली गई राशि, एमएलसी ने की जांच की मांग

## स्वास्थ्य मंत्री और जिलाधिकारी से कार्रवाई की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गयाजी जिले में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े एक गंभीर मामले को उजागर करते हुए बिहार विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) कुमार नागेन्द्र उर्फ रिंकू ने आरोप लगाया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला स्वास्थ्य समिति गया द्वारा प्रस्तावित ब्रेस्ट फीडिंग कॉर्नर (स्तनपान केंद्र) के निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है। एमएलसी ने इस पूरे मामले की जांच बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय से कराए जाने की मांग की है। एमएलसी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना द्वारा सीएचसी व सदर अस्पतालों में ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर स्थापित करने के लिए 10x10 फीट के एल्युमीनियम पार्टीशन निर्माण हेतु आवश्यक राशि आवंटित की गई थी। इसके बावजूद अब तक जिले के किसी भी केंद्र पर इन सेंटरों का निर्माण नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि मार्च 2025 में निर्माण कार्य बिना पूरा किए ही संबंधित निकासी पदाधिकारी की मिलीभगत से पूरी राशि का भुगतान कर दिया गया, जो सरकारी राशि की खुली गबन का मामला है। एमएलसी के अनुसार जब मई माह में इस घोटाले की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से सार्वजनिक हुई, तो स्वास्थ्य समिति गया द्वारा आनन-फानन में कुछ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर मामले को दबाने का प्रयास किया गया। एमएलसी नागेन्द्र ने कहा यह एक गंभीर वित्तीय अनियमितता है। मैं स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह करता हूं कि वे इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराएं और दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने गया के जिलाधिकारी को भी औपचारिक रूप से अवगत करा दिया है।

# अपरिहार्य कारणों से स्थगित रहेगा शुक्रवार का डीएम जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया समाहरणालय परिसर में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाला जिलाधिकारी (डीएम) का साप्ताहिक जनता दरबार आगामी शुक्रवार, 23 मई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित रहेगा। इस संबंध में गुरुवार शाम 5:49 बजे जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आमजन को सूचित किया गया है। जनसंपर्क पदाधिकारी ने जानकारी दी कि किसी विशेष परिस्थिति के कारण इस सप्ताह डीएम का जनता दरबार आयोजित नहीं किया जा सकेगा। ऐसे में आम जनता से अनुरोध किया गया है कि वे शुक्रवार को समाहरणालय स्थित जनता दरबार में उपस्थित न हों। जनता दरबार में जिले के नागरिक अपनी समस्याओं, शिकायतों और आवेदन लेकर सीधे जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होते हैं। ऐसे में इस स्थगन से प्रभावित होने वाले नागरिकों को सुझाव दिया गया है कि वे आगामी सप्ताह आयोजित होने वाले दरबार में पुनः उपस्थित हों। जिला प्रशासन द्वारा जनता की सहूलियत के लिए जल्द ही अगले जनता दरबार की तिथि की सूचना सार्वजनिक की जाएगी।

# एनएसएसओ की स्लोगन प्रतियोगिता में गया कॉलेज के छात्र प्रीतम कुमार को द्वितीय स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा अपने 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में गया कॉलेज, गयाजी के छात्र प्रीतम कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर पूरे जिले का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में गया शहर के विभिन्न विद्यालयों एवं कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया था। इस उपलब्धि पर कॉलेज के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में मिली सफलता न केवल छात्र प्रीतम की प्रतिभा को रेखांकित करती है, बल्कि गया कॉलेज की गुणवत्ता और मार्गदर्शन को भी दर्शाती है। कॉलेज के प्रचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र ने प्रीतम को बधाई देते हुए कहा प्रीतम ने राष्ट्रीय स्तर पर गया कॉलेज का नाम रोशन किया है। हम सबको उस पर गर्व है। महाविद्यालय परिवार उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। इस अवसर पर एक सम्मान समारोह का आयोजन गया कॉलेज में किया गया जिसमें प्रीतम कुमार को प्रतीक चिह्न एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप क्षेत्रीय कार्यालय, गयाजी के सौजन्य से पुरस्कार वितरण हुआ जहां प्रीतम को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस समारोह में वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. पन्नालाल, राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार तिवारी, उप क्षेत्रीय कार्यालय गया के वरीय सांख्यिकी अधिकारी सह प्रभारी टेक नारायण प्रसाद, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी नीतीश कुमार, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी नीरज कुमार तथा बिपिन कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान टेक नारायण प्रसाद ने सर्वेक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नीति निर्माण और विकास कार्यक्रमों में सांख्यिकी सर्वेक्षण का अहम योगदान होता है। एनएसएसओ द्वारा किए जाने वाले सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षणों से प्राप्त डेटा सरकार के लिए योजनाएं बनाने में मार्गदर्शक साबित होते हैं। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण और सटीक डाटा संग्रहण के लिए आम जनता से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का समापन छात्र प्रीतम कुमार के सम्मान के साथ हुआ जिन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और माता-पिता को दिया।

# जिले की 304190 महिलाओं ने महिला संवाद कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और उनकी आकांक्षाओं को समझने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गर्मी के के बावजूद ग्रामीण महिलाओं में महिला संवाद में भाग लेने को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। डिजिटल स्क्रीन से लैस वाहनों के माध्यम से वीडियो फिल्में प्रदर्शित की जा रही हैं जिसे देखने के लिए हर उम्र के लोगों में उत्सुकता है। 3167 ग्राम संगठनों में से 1836 ग्राम संगठनों महिला संवाद कार्यक्रम सम्पन्न किया जा चुका है जिसमें 304190 महिलाओं ने भाग लिया है। 232080 पुरुष भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। इन कार्यक्रमों में भाग लने वाली महिलाओं ने 48271 आकांक्षाएं व्यक्त की हैं जिन आकांक्षाओं को एप में संकलित किया जा रहा है। नल-जल योजना, नाली एवं पानी की निकासी, सामुदायिक भवन, जीविका भवन, स्कूल, पुस्तकालय, स्ट्रीट लाइट, रोजगार, वृद्धा एवं विकलांग पेंशन में बढ़ोतरी आदि शामिल हैं। यह संवाद दो पालियों में जीविका ग्राम संगठनों के माध्यम से दो पालियों में आयोजित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों से महिलाएं सरकारी योजनाओं की व्यापक जानकारी प्राप्त कर रही हैं। इससे वे अपने अधिकारों और उपलब्ध संसाधनों के प्रति पहले से अधिक जागरूक हो रही हैं। योजनाओं की जानकारी महिलाओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए डिजिटल स्क्रीन से लैस वाहनों के माध्यम से वीडियो फिल्में प्रदर्शित की जा रही हैं। साथ ही वर्चुअल संचार उपकरण, सेल्फी पॉइंट्स, स्टैंडी आदि का उपयोग किया जा रहा है। संवाद कार्यक्रमों में योजनाओं से संबंधित लीफलेट्स और मुख्यमंत्री संदेश का वितरण किया जा रहा है जिससे 31 से अधिक योजनाओं की जानकारी दी जा सके। यह आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रयास यह है कि महिलाओं को जागरूक एवं सशक्त किया जाए ताकि वे अपनी समस्याओं के समाधान स्वयं तलाश सकें। साथ ही यह अभियान प्रशासन और समुदाय के बीच संवाद को मजबूत करने में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। इससे महिलाएं अपनी समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रशासन तक पहुंचाकर उचित समाधान प्राप्त कर सकेंगी। यह कार्यक्रम न केवल जागरूकता फैलाने का एक मंच है, बल्कि महिलाओं को अपने अधिकारों और उपलब्ध संसाधनों के प्रति सजग करने का एक सशक्त प्रयास भी है।

# महिलाओं के लिए पिंक बस सेवा की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** महिलाओं के लिए पिंक बस की सेवा की शुरुआत की गई। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की टिकारी बस पड़ाव पर क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। पिंक बस की सेवा केवल महिलाओं के लिए है।

इससे पहले विधायक ने बीएसआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव कुमार ने पिंक बस में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। विधायक ने कहा कि महिलाओं की सुविधाओं का हमारी सरकार ख्याल रखती है। सरकारी सेक्टर में अब बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यरत है। महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को लगातार बढ़ाया जा रहा है। सीएम नीतीश कुमार का पिंक बस ड्रीम प्रोजेक्ट है। पिंक बस के लिए किराया का निर्धारण कर दिया गया है। रेलवे स्टेशन से टिकारी तक के लिए 36 रुपया किराया निर्धारित किया गया है। बस में महिला कंडक्टर टिकट काटेंगी। दो शिफ्ट में महिला कंडक्टरों की ड्यूटी लगायी गई। सुबह पांच बजे से दोपहर एक बजे तक और दोपहर एक बजे से शाम आठ बजे तक कंडक्टर की ड्यूटी रहेगी। गया से टिकारी तक चलने वाली पिंक बस की सेवा से सीयूएसबी में पढ़ने वाली छात्राओं को काफी सहूलियत होगी। इस मौके पर जदयू नेता प्रो. चंद्रशेखर सिंह, लक्ष्मी कुशवाहा, नंदलाल पटेल, रिंकू ठाकुर, संजय जैन, सिंधु जैन, सुनील चंद्रवंशी, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# नल-जल योजना कार्य की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बुडको के द्वारा गया जी शहर में नल-जल योजना के तहत पूरी तरह से साकार होता नहीं दिख रहा है। यह योजना जनता की मूलभूत आवश्यकता शुद्ध पीने के पानी को सुनिश्चित करने के लिए चलाई गई थी, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उल्टा है। शहर के कई मोहल्लों में पाइप लाइन बिछाई तो गई है, लेकिन कार्य की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है। कई स्थानों पर पाइपों से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है जिससे सड़कें जलमग्न हो जाती है और गड्ढों में तब्दील हो जाती है। इससे न केवल जल की बर्बादी हो रही है, बल्कि आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। गड्ढों और रिसाव की स्थिति बरसात के समय और भी गंभीर रूप ले सकती है जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। बड़ी चिंता की बात यह है कि आज भी गयाजी के कई इलाकों में पाइपलाइन बिछाई ही नहीं गई है। भीषण गर्मी के इस मौसम में जब जल की मांग अत्यधिक बढ़ जाती है तब उन क्षेत्रों में लोगों को पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश बागवानी प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि नल-जल योजना को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जहां-जहां पाइपलाइन से पानी का रिसाव हो रहा है वहां तत्काल मरम्मत कराई जाए और गड्ढों को भरा जाए। इसके साथ ही जिन मोहल्लों में अब तक पाइपलाइन नहीं पहुंची है वहां अविलंब गर्मी की गंभीरता को देखते हुए कार्य प्रारंभ किया जाए। डॉ. मिश्रा ने यह भी कहा कि गया जी शहर का ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व है। यहां देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं और ऐसे में शहर की बुनियादी सुविधाएं व्यवस्थित नहीं होना चिंता का विषय है। यदि नल-जल जैसी महत्वपूर्ण योजना में लापरवाही सामने आती है तो यह न केवल स्थानीय नागरिकों के साथ अन्याय है, बल्कि शहर की छवि को भी धूमिल करता है। अतः यह आवश्यक हो गया है कि प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से ले और नल-जल योजना को पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ क्रियान्वित करे।

# राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से अंचल कार्यालय का कार्य ठप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** राजस्व कर्मचारियों की राज्यव्यापी सामूहिक हड़ताल से पिछले पंद्रह दिनों से अंचल कार्यालय का सभी कार्य प्रायः ठप हो गया है। दाखिल -खारिज, परिमार्जन, भू अनापत्ति प्रमाणपत्र, एलपीसी, आपदा रिपोर्ट, जाति, आवासीय, आय सहित अन्य विभिन्न अतिआवश्यक कार्य ठप हो चुके हैं। इससे आमजनों को काफी परेशानी हो रही है। सैकड़ों लोग अंचल कार्यालय का प्रतिदिन चक्कर लगाकर और कुंठित होकर लौट रहे हैं। इस संबंध में राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह एवं अंजनी कुमार ने बताया कि हड़ताल मुख्यतः दो समस्याओं के निदान के लिए हुआ है। प्रथम यह कि नियामवली के अनुसार राजस्व कर्मचारियों की नियुक्ति उनके गृह जिला में ही करना है, परन्तु सरकार द्वारा 400 से 500 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित अन्य जिलों में अनैतिक रूप से कर दिया गया है। अररिया जिला के लोगों को औरंगाबाद जिला में पदस्थापित किया गया है। दूसरा यह कि कर्मचारियों का ग्रेड पे -1900 रूपए है और एक सिपाही और डाटा एंट्री ऑपरेटर का ग्रेड पे - 2400 सौ। कर्मचारियों का ग्रेड पे -2800 रूपए किये जाने की मांग है। हमलोगों को कर्मचारियों की कमी के कारण चार-चार पंचायतों का कार्य दे दिया गया है। नहीं कोई टीए नहीं कोई डीए। विभिन्न कार्यक्रम में मजिस्ट्रेट बना कर काम लिया जाता है और वेतनमान सिपाही से भी कम, जो कि किसी भी कर्मी के लिए आत्मविश्वास पर कुठाराघात है। सरकार की इस अनैतिक नीति के विरुद्ध यह अनिश्चितकालीन हड़ताल संघ के तत्वावधान में किया गया है जो मांगों की पूर्ति के उपरान्त ही समाप्त होगा। गौरतलब है कि राजस्व कर्मचारी 7 मई से अपनी उक्त महत्वपूर्ण मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

# रंगदारी की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना के सुभाष नगर निवासी व्यवसायी राहुल कुमार ने मोहल्ले के गोपाल यादव पर बिना राशि दिए मोबाइल रिचार्ज करने से इनकार करने पर मारपीट करने, दो लैप टॉप तोड़ने और दो लाख रंगदारी की मांग करने की प्राथमिकी दर्ज कराया है।

## जानलेवा हमला कर किया घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना के जमुहार गांव निवासी सरिता देवी ने किराना दुकान पर समान क्रय करने गए पुत्र विशाल कुमार व बीच बचाव को पहुंचने पर मारपीट करने की प्राथमिकी गांव के मनोज राम समेत आधे दर्जन लोगों पर कराया है।

# बूथ लेवल अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से किसान भवन, कोंच में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को हुआ। इस प्रशिक्षण में अनुमंडल स्तर के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने की। उन्होंने कहा यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें प्राप्त दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करते हुए पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य करना जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची का अद्यतन, नए नाम जोड़ने व हटाने की प्रक्रिया, मतदाता पहचान पत्र में सुधार तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने बूथों पर सक्रिय भूमिका निभाएं और मतदाता सुविधाओं को प्राथमिकता दें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक संतोष कुमार गुप्ता, पंचम मौर्य, मो. इमरान सहित बीएलओ रणजीत कुमार, ललन कुमार, कमलेश कुमार निराला, चंचल कुमार, गणेश दास, सुभाष कुमार, मनोज मंजिल, नरेश पासवान आदि की सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# ताला तोड़ एक लाख की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना में जमुहार निवासी धनंजय कुमार सिंह ने अपने बड़े भाई व अन्य पर कमरे का ताला तोड़ उसमें रखे बक्से से एक लाख नगद व आभूषण की चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता परिवार समेत औरंगाबाद में रहते हैं। पुलिस जांच कर रही है।


पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. कार्य का नाम एवं स्थान: डिजाइन, ड्राइंग, संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशन 25kv OHE, और PSI निर्मली–फोरबेसंगज के बीच, पूर्वी मध्य रेलवे के समस्तीपुर डिविजन में झनझरपुर–लुकाभाजार सेक्शन में पुलों का मोड़ किसी भी अन्य OHE/PSI स्थानों के तहत Dy.CEE/Con/N/SPJ e-Tender No. ELCNMHXETEN-1-25-26
2. अनुमानित कार्य की लागत : ₹7,77,83,247.33, 3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य : NIT के अनुसार एवं रु शून्य, 4. कार्य पूर्ण करने का समय : 06 माह, 5. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:09.06.2025 दोपहर 12.00 बजे तक।
6. वैबसाइट विवरण नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है : आई.आर.इ.पी.एस वेबसाईट website: www.ireps.gov.in पर, पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिशर, पटना–800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है।
हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर/ पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/0285/सीओएन एमएचएक्स/ईएलईसीटी/टी/25–26/40


# परती भूमि पर लाल झंडा लगा दहशत फैलाने के मामले में प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** परती भूमि पर लाल झंडा लगा दहशत फैलाने के मामले में टिकारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थाना क्षेत्र के खैरा भट्ट बिगहा निवासी दिलीप राय द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि अपनी परती जमीन की घेराबंदी करा रहे थे इसी क्रम में मोटसाइकिल से दो युवक आये व दिलीप राय को धमकाते हुए कहने लगा कि काम बंद करो और यह जमीन मुझे दे दो नहीं तो नक्सली का लाल झंडा गाड़ा जाएगा जिसके बाद दोनों बाइक सवार गाली गलौज करते चले गये। सुबह दिलीप राय ने देखा कि जमीन पर लाल झंडा लगा है। इसी दौरान रवि नाम के युवक ने अपने आप को लाल सलाम का नेता बताते हुए दिलीप राय के भाई विमलेश राय के नम्बर पर कॉल कर जमीन पार्टी का हो जाने की बात कही। दिलीप राय ने जानमाल की क्षति की आशंका जताते हुए तीन लोगों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। मामले को लेकर प्रभारी थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। दहशतगर्दों को नही बख्शा जाएगा।

# साक्षात्कार की तैयारी अकादमिक क्षेत्र में एक जरूरी कदम : शबी शमसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया जी।** मिर्जा गालिब कॉलेज अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहता है। इसी क्रम में बीबीए और बीसीए विभाग की तरफ से एटीएस कंप्लायंस रिज्यूमे एंड इंटरव्यू क्वेश्चनेयर विषय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें वक्ता के रूप में डॉ. सादात करीम और डॉ. अनम जबीं उपस्थित थे। उन्होंने यह बताया कि आज के दौर में कंपनियां एप्लीकेंट ट्रैकिंग सिस्टम के हिसाब से रिज्यूमे को छांटती हैं फिर किसी व्यक्ति के पास यह रिज्यूमे पहुंचता है। इसलिए रिज्यूमे ऐसा हो जो एटीएस से पास होकर एचआर तक पहुंच सके। इसी तरह से साक्षात्कार में किस तरह के सवाल पूछे जाते हैं उनका जवाब किस तरह से दिया जाना चाहिए इस पर भी बातचीत हुई। इस अवसर पर शासी निकाय के सचिव शबी आरफीन शमसी ने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया और कहा कि साक्षात्कार की तैयारी करना अकादमिक क्षेत्र में एक जरूरी कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि अब महाविद्यालय में स्मार्ट बोर्ड लगाया जाएगा। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने स्वागत वक्तव्य दिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. परवेज वहाब और संचालन बीबीए - बीसीए के समन्वयक डॉ. काशिफ मंसूर ने किया। इस अवसर पर शासी निकाय के सचिव शबी आरफीन शमसी, प्रभारी प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन, अकादमिक एवं शोध समिति के संयोजक डॉ. शुजाअत अली खान सहित कई प्राध्यापक- प्राध्यापिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मारपीट मामले में 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के बैकठपुर गांव में मारपीट की घटना को लेकर पुलिस में मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में 5 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार के अनुसार पूर्व में विवाद को लेकर मारपीट की घटना के संबंध में वादिनि रीना देवी पति स्व. उदय गिरी से मिली शिकायत के आधार पर कांड संख्या 283/25 दर्ज किया गया है और संदीप गिरी, सूरज गिरी, सुजीत गिरी, रंजीत गिरी एवं संजय गिरी सभी के ग्राम बैकठपुर को आरोपी बनाया गया है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# केन्द्रीय विश्वविद्यालय का नामकरण भगवान विष्णु के नाम पर किया जाए : बाल्मीकि प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बाल्मीकि प्रसाद ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि गया जी की धरती भगवान विष्णु एवं बुद्ध की ज्ञानस्थली रही है। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया जी का नामकरण भगवान विष्णु एवं बुद्ध के नाम पर किया जाए। विश्वविद्यालय निर्माण के लिए संघर्ष के दौरान शहीद हुए स्वर्गीय रामनंदन शर्मा की प्रतिमा विश्वविद्यालय परिसर में लगाई जाए एवं अन्य शहीद चालक श्रवण कुमार की विधवा को विश्वविद्यालय में यथोचित नौकरी प्रदान किया जाए। संघर्ष के दौरान घायल हुए आंदोलनकारियों के एक परिजन को विश्वविद्यालय परिसर में नौकरी प्रदान किया जाए एवं उनका नाम विश्वविद्यालय के शिलापट्ट पर अंकित किया जाए।

# बबन बने बहेरा पंचायत के राजद अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** मोहनियां विधानसभा के कुदरा प्रखंड के बहेरा पंचायत के राजद अध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को चुनाव हुआ जिसमें बबन पासवान को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर उपस्थित चुनाव प्रभारी कैमूर चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कामता पासवान ने बताया कि बबन पासवान पिछले कई वर्षों से पार्टी के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करते आ रहे हैं। अध्यक्ष बनने से पार्टी मजबूत होगी। मौके पर सहरियार आलम, मुकेश कुमार, अजय कुमार, असरफ अंसारी, अमर कुमार, रामलाल शर्मा, वीर बहादुर पासवान, जमालूदीन अंसारी, कैमुद्दीन आदि उपस्थित थे।

# गया के लाल सात वर्षीय अर्थित दिव्यांश ने किया कमाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार सरकार के पर्यावरण विभाग द्वारा पटना में आयोजित राज्य स्तरीय ऑन-स्पॉट पेंटिंग और फोटोग्राफी प्रतियोगिता में गया के सात वर्षीय अर्थित दिव्यांश ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जैव विविधता दिवस (22 मई) के अवसर पर आयोजित इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में अर्थित ने राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार और राज्य स्तरीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर गया जिले का मान बढ़ाया है। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने पुरस्कार देते हुए अर्थित को बधाई तथा उसके अच्छे भविष्य की कामना की है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में बिहार के सभी जिलों से बच्चों से भी चुने हुए कुल 1500 बच्चों ने भाग लिया था। जूनियर डीपीएस के छात्र अर्थित प्रारंभ से ही पर्यावरण के प्रति अत्यंत जागरूक रहे हैं। अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय अपनी माता पूजा शर्मा और मौसी दिव्यांशी को देते हैं जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के उनके सपने को पूरा करने में हर पल उनकी मदद की और उनका उत्साहवर्धन किया।


समाहरणालय, गढ़वा
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)
(sportsdsogarhwa@gmail.com)

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के निदेश के आलोक में गढ़वा जिला में पूर्व से स्वीकृत एवं नवस्वीकृत डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षकों के कुल पांच (05) रिक्त पद एवं क्रीड़ा किसलय केन्द्र में प्रशिक्षक के कुल एक (01) रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित कर मेघा सूची के आधार पर अस्थाई रूप स नियुक्त किया जाना है, जिन्हें श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा अतिकुशल दैनिक कर्मियों हेतु निर्धारित अद्यतन पारिश्रमिक राशि भुगतान किया जायेगा।

उक्त पदों पर आवेदन हेतु इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी आवेदक दिनांक–22.02.2025 तक अपना आवेदन केवल ई–मेल (sportsdsogarhwa@gmail.com) के माध्यम से आवेदन कर सकते है अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। अस्थाई क्रीड़ा प्रशिक्षक के रूप में नियुक्ति हेतु निम्नांकित अहर्त्ताएं होनी चाहिए:–

| क्र0 | योग्यता | डे–बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र (एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी एवं कुश्ती) क्रीड़ा किसलय केन्द्र (बैडमिंटन) हेतु | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक एवं खेल विशेष योग्यता | A. शैक्षणिक योग्यता– स्नात्तक उत्तीर्ण एवं खेल योग्यता– भारतीय खेल प्राधिकरण अंतर्गत संचालित National Institute of Sports से सर्टिफिकेट कोर्स/विभिन्न खेल संघों द्वारा जारी प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र (Level- C to A)/एम०पी०एड०/बी०पी०एड०/ बी०पी०ई०। अथवा B. शैक्षणिक योग्यता– इंटरमिडिएट उत्तीर्ण एवं खेल योग्यता– राष्ट्रीय खिलाड़ी पदक विजेता/अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी। | सभी अहर्त्ताओं के लिये अलग–अलग अंक निर्धारित है। |
| 2 | आयु सीमा | 20–50 वर्ष | |
| 3 | प्राथमिकता | गढ़वा जिला में प्रशिक्षक नहीं मिल पाने पर निकटवर्ती जिला के प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जायेगी। | |

नोटः– विस्तृत जानकारी हेतु समाहरणालय, गढ़वा स्थित पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा, कमरा संख्या– 413 में संपर्क किया जा सकता है अथवा संबंधित जानकारी गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाईट garhwa.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

जिला खेल पदाधिकारी, गढ़वा

PR 353240 Art Culture Sports and Youth Affairs(25-26)#D

संपादकीय

# फिर आकाश पर आनंद

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी में चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर का पद देकर बहाली कर दी है। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके पहले मायावती ने दो बार आकाश को जिम्मेदारी देकर वापस ले ली थी। इस बार भी आकाश कब तक इस पद पर रह पाएंगे, कहना मुश्किल है, क्योंकि कब बहनजी का मन बदल जाए, कोई नहीं कह सकता। हालांकि बसपा सूत्रों का कहना है कि आकाश को आगे लाना अब बहनजी की मजबूरी हो गई है, क्योंकि पार्टी में बरसों से नंबर दो कोई नहीं है। देश और खासकर यूपी में बसपा का वोट बैंक घटता जा रहा है, ऐसे में यदि अब भी पार्टी को बचाने के ठोस उपाय नहीं किए गए तो बसपा इतिहास का हिस्सा बन जाएगी। हालांकि यह प्रश्न अभी भी अनुत्तरित है कि आकाश की यह वापसी क्या मायावती के राजनीतिक उत्तराधिकारी की घोषणा है? ढाई महीने पहले ही मायावती ने आकाश आनंद को बड़े बेआबरू करके पार्टी से निकाला था। तब भी आकाश ने बुआ मायावती से कोई बगावत नहीं की थी। उन्होंने चुपचाप अपना काम जारी रखा। आकाश आनंद युवा हैं, विदेश में पढ़े लिखे हैं। अच्छे वक्ता भी हैं। पिछली बार जब उन्हें मौका मिला था तो उन्होंने भाजपा पर तीखे हमले शुरू कर दिए थे, जो मायावती को रास नहीं आया था। तब भी आकाश को उतनी बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी थी, जैसी कि अब दी है। बीते ढाई माह आकाश के लिए ज्यादा मुश्किल भरे रहे। मायावती ने आकाश को बीती 2 मार्च को पार्टी से निकाला था। तब उन्होंने यह घोषणा तक कर दी थी? कि बसपा में अब उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं रहेगा। आकाश के बारे में शिकायत थी कि उनका ससुराल पक्ष राजनीति में अनावश्यक दखलंदाजी करता है। इसके बाद 13 मार्च को आकाश ने सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली थी। लेकिन 29 अप्रैल को पार्टी पदाधिकारियों के बीच मायावती ने आकाश की तारीफ करते हुए उसका हौसला बढ़ाने को कहा। इसी के साथ आकाश की वापसी का रास्ता साफ हो गया। लेकिन इस बार आकाश की वापसी कुछ शर्तों के साथ हुई है, जिसमें जिसमें पारिवारिक हस्तक्षेप से दूर रहना शामिल है। आकाश से अपेक्षा की गई है कि वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करेंगे और अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव से पूरी तरह दूर रहेंगे। अब आकाश आगे किस तरह काम करते हैं और कैसे उन्हें काम करने दिया जाता है, यह देखने की बात है। दरअसल बसपा के सामने असली चुनौती तो एक और दलित पार्टी भीम आर्मी से है, जिसके नेता चंद्रशेखर रावण बहुत आक्रामक राजनीति कर रहे हैं और पिछले लोकसभा चुनाव में नगीना सीट से चुनाव भी जीते हैं। चंद्रशेखर की आक्रामक राजनीति की ओर दलित युवा तेजी से आकर्षित हो रहे है। उसे रोकना बड़ी चुनौती है। जहां तक यूपी की बात है तो बसपा के लिए बड़ी चुनौती समाजवादी पार्टी है। क्योंकि दोनों ही पार्टियां जातिवादी राजनीति करती हैं। दोनो ने चुनावों में हाथ मिलाकर भी देख लिया, लेकिन बसपा को नुकसान ही ज्यादा हुआ। दूसरी तरफ भाजपा को लेकर बहनजी का रूख नरमाई का ही रहा है। जबकि आकाश का मानना है कि भाजपा पर हमले किए बगैर बसपा अपना वोट बैंक नहीं बचा सकती। अभी इस बात की परीक्षा भी होनी है कि दलितों में आकाश अपना कितना प्रभाव जमा पाते हैं। इसके लिए उन्हें मायावती की छाया से बाहर निकलकर राजनीति करनी होगी, लेकिन खुद मायावती आकाश को ऐसा करने की कितनी इजाजत देंगीं, यह देखने की बात है।

# बलूचिस्तान के बाद अब सिंध प्रांत मांगे आजादी

**बलूचिस्तान के बाद अब पाकिस्तान के सिंध प्रांत में भी आजादी की मांग जोर पकड़ने लगी है। सिंध को अलग देश बनाने की मांग करने वाली एक राजनीतिक समूह जय सिंध फ्रीडम मूवमेंड ने शुक्रवार को पाकिस्तान में एक राजमार्ग पर शांतिपूर्ण धरना दिया। इस दौरान लापता और जेल में बंद सिंधी राष्ट्रवादियों की रिहाई की मांग की गई। सिंधु देश की वकालत करने वाले समूह ने सिंध और बलूचिस्तान में जबरन गायब किए गए लोगों, अवैध हिरासत और मानवाधिकारों के हनन पर वैश्विक ध्यान आकर्षित करने की मांग की।**

**अशोक भाटिया**

जेएसएफएम के अध्यक्ष सोहेल अब्रो, जुबैर और अमर आजादी समेत नेताओं ने जाहिद चन्ना, सज्जाद चन्ना, अदनान बलूच और शाहिद सूमरो को तत्काल रिहा करने को कहा। यह भी मांग की गई कि उनके खिलाफ झूठे आरोप वापस लिए जाएं और सभी जबरन गिरफ्तार किए गए लोगों को रिहा किया जाए। सामूहिक बयान में कहा गया, यह धरना हमारे राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं की गैरकानूनी गिरफ्तारियों, जेलों में हो रहे दुर्व्यवहार और जबरन गायब किए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन है। हाल के प्रदर्शन में सिन्धु राष्ट्र के लिए तैयार किए गये राष्ट्रगान को भी गाया गया व सिंध देश के अलग झंडे को भी फहराया गया। 'सिंधु देश' जिसका शाब्दिक अर्थ होता है सिंधियों के लिए अलग देश। सिंधु देश एक विचार है जो पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बसे और दुनिया भर में फैले सिंधियों का एक सपना है। ये सिंधी दुनिया दूसरे एथनिक समुदायों की तरह अपने लिए एक अलग होमलैंड की मांग करते आ रहे हैं। जैसे कुर्द अपने लिए अलग देश की मांग करते हैं, यहूदी समुदाय के लोगों ने इजरायल नाम का अपना देश बनाया है, उसी तरह सिंधी पाकिस्तान के अंदर एक निश्चित भूभाग में अपने लिए एक स्वतंत्र और सार्वभौम मातृभूमि चाहते हैं।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सबसे ज्यादा हिंदू आबादी रहती है। पाकिस्तान की कुल हिंदू आबादी का करीब 95 फीसदी सिंध प्रांत में हैं। पाकिस्तान के उत्पीड़न से त्रस्त इन लोगों ने अब वैश्विक नेताओं से गुहार लगाई है। वहीं, प्रदर्शनकारियों के हाथ में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर होने के पीछे एक बड़ी वजह है। कश्मीर की स्थिति को लेकर हुई एक सर्वदलीय बैठक में मोदी ने कहा था कि समय आ गया है, अब पाकिस्तान को विश्व के सामने बलूचिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लोगों पर हो रहे अत्याचारों का जवाब देना होगा। मोदी के इस बयान के चलते बलोच आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय मीडिया में काफी तवज्जो मिली थी। इसके बाद 2016 में भारत के 70वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से बलूचिस्तान, गिलगित और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों का आभार व्यक्त किया था। दरअसल, पीएम मोदी के बयान के बाद पाकिस्तान में जुल्मो-सितम झेल रहे इन हिस्सों के लोगों ने उनकी आवाज उठाने के




लिए मोदी को सोशल मीडिया पर धन्यवाद दिया था।

हाल ही में पाकिस्तान के सिंध प्रांत के जमसोरो जिले में जीएम सैयद के गृहनगर सान कस्बे में हुई रैली में लोगों ने आजादी के लिए नारे लगाए गए. प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान दावा सीधे तौर पर कहा- सिंध, सिंधु घाटी सभ्यता और वैदिक धर्म का घर है। ब्रिटिश साम्राज्य ने इस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था और 1947 में पाकिस्तान के इस्लामी हाथों में दे दिया था। अलग सिंधुदेश की मांग को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर उठाया जा रहा है। इन लोगों का मानना है कि पाकिस्तान ने सिंध प्रांत पर जबरन कब्जा कर रखा है। साथ ही पाकिस्तान संसाधनों का दोहन और मानवाधिकारों के जमकर उल्लंघन करता है। जिये सिंध मुत्ताहिदा महाज़ के चेयरमैन मुहम्मद बरफात ने कहा कि हमारी संस्कृति और इतिहास पर हुए दशकों से जारी हमलों के बावजूद हमने अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को बचाकर रखा है। हम आज भी बहुलतावादी, सहिष्णु और सौहार्द्रपूर्ण समाज हैं, जो मानव सभ्यता को बचाकर रखे हुए है।

पाकिस्तान के निर्माण के बाद से ही बलूचिस्तान, गिलगित और पाक अधिकृत कश्मीर में असंतोष बढ़ने लगा था। पाकिस्तानी हुकूमत पर पंजाबी वर्ग के वर्चस्व से लेकर मानवाधिकारों के उल्लंघन तक पाक के नापाक इरादों की एक लंबी दास्तान है। इन सबके बीच अब चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के चलते भी पाक में भारी असंतोष फैल रहा है। पाकिस्तान के इन हिस्सों की आवाम अब खुलकर अपना विरोध दर्शा रही है। बीते कुछ वर्षों में भारत की वर्तमान मोदी सरकार पर इन लोगों का भरोसा बढ़ा है। ऐसे में अलगाववादी रैली में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर नजर आने से पाकिस्तान की पेशानी पर फिर से बल पड़ सकते हैं। अब देखना यह है कि अलग सिंध देश की मांग से क्या पाकिस्तान के टुकडे होंगे ? होंगे तो कितने होंगे ? सिंध देश यदि अलग बन जाता है तो वहां रहने वाले सिन्धी हिन्दुओं को इसका कितना लाभ मिल सकेगा ?

सिन्धु देश की मांग के आलावा साल 1947 में पाकिस्तान के बनने के साथ ही बलूच मुद्दे ने भी उसकी नाक में दम कर रखा है। आएदिन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की खबरें आती हैं कि उसने अपने यहां कोई धमाका कर दिया, जिसमें पाकिस्तान सरकार या चीन के लोग मारे गए। इसके अलावा भी कई चरमपंथी संगठन हैं, जो बलूच आजादी चाहते हैं।दरअसल ये पाकिस्तान का वो हिस्सा है, जो कभी भी सरकार के बस में नहीं रहा। इसकी दो वजहें हैं- एक, पाकिस्तान ने धोखे से उसे अपने साथ मिला लिया। और दूसरा, बलूचिस्तान मानता है कि पाकिस्तान उसके साथ सौतेला व्यवहार करता रहा।

पाकिस्तान अधिकृत बलूचिस्तान की लीडर डॉ. नायला कादरी हाल ही में हरिद्वार पहुंची। बलूच आजादी की मांग के चलते अपने ही देश से निर्वासित डॉ कादरी ने खुद को बलूचिस्तान की प्रधानमंत्री की तरह पेश करते हुए मां गंगा से अपने देश की आजादी की मांग की। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे पाकिस्तान की सरकार बलूच लोगों पर जुल्म करती है। उनका कहना है कि गैस, कोयला, तांबा और कोयला जैसे कच्चे माल में बेहद संपन्न होने के बाद भी हमारा इलाका काफी गरीब है। यहां तक कि स्कूल और अस्पताल जैसी बेसिक जरूरतें भी वहां पूरी नहीं हो पा रहीं। पाकिस्तान ने अपने कर्ज चुकाने के लिए यहां की खदानों को चीन को लीज पर दे दिया। ये बलूच लोगों पर दोहरी मार थी। वे मानने लगे कि उन्हें पाकिस्तान और चीन दोनों मिलकल लूट रहे हैं।

उनके गुस्से को हवा मिली, जब साल 2006 में मौजूदा सरकार उनके कबीलाई सिस्टम को ध्वस्त करने लगी। इसके बाद से बलूच आजादी की मांग हिंसक होने लगी। अब बागी अपने यहां रहते चीनियों को नुकसान पहुंचाकर पाकिस्तान को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। कई बार चीनियों के ठिकानों पर वे हमला करते रहते हैं।

इसके आलावा गिलगित-बाल्टिस्तान पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) का सबसे उत्तरी इलाका है। यहां पर भी लंबे समय से आजादी की मांग चल रही है। चरमपंथी संगठनों ने अपने देश का नाम भी तय कर रखा है- बलवारिस्तान यानी ऊंचाइयों का देश। ये इसलिए क्योंकि ये पूरा इलाका ही पहाड़ों और वादियों का है।समय-समय पर यहां आंदोलन होते रहे। यहां के नेताओं का आरोप है कि पाकिस्तान का सबसे शानदार टूरिस्ट स्पॉट होने के बाद भी वो उन्हें ज्यादा प्रमोट नहीं करती। सरकारी योजनाएं भी यहां पूरी तरह से लागू नहीं होतीं। यही देखते हुए गिलगित-बाल्टिस्तान की मांग होती रही। लेकिन सरकार लगातार इसके लीडर्स को खूनी संघर्ष में खत्म करती रही।

इसके अलावा भी पूरे देश में छिटपुट हिस्सों में अलगाववाद पनपता रहा। यहां तक कि देश के विभाजन के कुछ समय बाद आए मुस्लिमों को भी वहां स्वीकारा नहीं जा रहा। ये लोग मुहाजिर कहलाते और योजनाओं से दूर रखे जाते हैं। ये भी मुहाजिर सूबे की मांग बीच-बीच में कर लेते हैं। वैसे ये उस तरह के एक्सट्रीम नहीं हैं, जिनपर पाकिस्तान परेशान रहे। अफगानिस्तान में तालिबान आने के बाद से पाकिस्तान का डर और बढ़ा क्योंकि यहां मौजूद पश्तून आबादी अफगानिस्तान का हिस्सा बनने की बात करती आई है। अगर ऐसा हुआ तो लगभग पूरा खैबर पख्तूनख्वा अलग हो जाएगा और पाकिस्तान को टुकड़ों - टुकड़ों में बनने से कोई रोक नहीं सकता।

अध्यात्म

## हमेशा अच्छा सोचेंगे तो दुख जल्दी दूर हो सकते हैं



जिन लोगों की सोच सकारात्मक होती है, वे हर हालात में सुखी रहते हैं। जबकि नकारात्मक सोच वाले लोग दुखी होने के लिए कोई न कोई वजह जरूर ढूंढ लेते हैं। इस संबंध में दो संतों की एक प्रेरक कथा प्रचलित है।

कथा के अनुसार पुराने समय में दो संत एक वन में छोटी सी कुटिया बनाकर रहते थे। दोनों दिनभर भक्ति करते और आसपास के गावों से भिक्षा मांगकर जीवन व्यतीत कर रहे थे। एक संत हमेशा सकारात्मक बातें सोचता था, जबकि दूसरा हमेशा नकारात्मक बातों में उलझा रहता था। एक दिन दोनों अपनी दैनिक दिनचर्या के अनुसार भिक्षा मांगने अलग-अलग दिशाओं में निकल गए।

शाम को नकारात्मक सोच रखने वाला संत पहले अपनी कुटिया के पास पहुंचा। उस दिन वहां तेज बारिश हुई थी। हवा की वजह से कुटिया आधी टूट गई थी। ये देखकर संत भगवान को कोसने लगा। वह बोल रहा था कि मैं दिनभर तुम्हारी भक्ति करता हूं, फिर भी हमारी आधी कुटिया बर्बाद कर दी। अब हम कहां रहेंगे? वह उदास होकर वहीं बैठ गया।

कुछ देर बाद सकारात्मक सोच वाला संत वहां पहुंचा। वह भी वहां दृश्य देखकर समझ गया कि बारिश की वजह से कुटिया टूट गई है, लेकिन आधी कुटिया अभी भी सुरक्षित थी। ये देखकर वह खुश गया और भगवान को धन्यवाद देने लगा। वह बोल रहा था कि भगवान इतने भयंकर तूफान में भी आपने हमारी आधी कुटिया की रक्षा की है। इसमें हम आराम से रह सकते हैं। वह कुटिया में पहुंचा और साफ-सफाई करके वहां रहने की व्यवस्था कर ली।

इस कथा की सीख यह है कि हमें हर हालात में सकारात्मक सोचना चाहिए। अच्छी सोच से दुखों को दूर किया जा सकता है। जो लोग नकारात्मक सोचते हैं, वे अच्छी चीजों में भी दुखों को खोज लेते हैं। कथा में एक संत हमेशा दुखी रहता है, क्योंकि उसकी सोच ही नकारात्मक है। जबकि संत सकारात्मक है, इस कारण वह हमेशा प्रसन्न रहता है।

# तुर्किये पर भारत की ट्रेड स्ट्राइक के मायने

**पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आतंकियों को सबक सिखाने और आतंकवाद के प्रति भारत की असहिष्णुता की नीति के तहत भारत ने पड़ोसी देश पाकिस्तान में 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर सैन्य कार्यवाही शुरू कर दी थी। हालांकि बाद में पाकिस्तान ने घबराकर संघर्ष-विराम का प्रस्ताव रखा जिसे भारत ने सशर्त स्वीकार कर लिया। पाकिस्तान के साथ इस सैन्य-संघर्ष में भारत के विरुद्ध प्रतिक्रिया देने और नापाक इरादों वाले पाकिस्तान का साथ देने वाले देशों विशेषत: तुर्किये और अजरबेजान के लिए भारत में बहुत गहरी नाराज़गी देखी जा रही है। इस संघर्ष में तुर्किये ने जिस तरीके से भारत के विरुद्ध वाक्-युद्ध छेड़ा, यह संप्रभु भारत के लिए असहनीय व अस्वीकार्य था। तुर्किये ने न केवल मीडिया व अन्य मंचों पर भारत के विरुद्ध बयान दिए बल्कि पाकिस्तान को इस संघर्ष में सैन्य संसाधन उपलब्ध करवा कर सहायता भी की।**

**कुलदीप सिंह भाटी**

14 मई को तुर्किये प्रधानमंत्री अर्दोआन ने पाकिस्तान को अपना दोस्त बतलाते हुए भारत के खिलाफ विष वमन किया। संघर्ष के दौरान भारत पर हुए ड्रोन हमलों में प्रयुक्त बेयकर यीहा 3 और असीसगार्ड सोंगर नामक ड्रोन भी तुर्किये ने ही उपलब्ध करवायें। इसके बाद भी जब पाक-सेना इनको ठीक से प्रयोग करने में अक्षम रही तो तुर्किये ने अपने तकनीकी विशेषज्ञों तक को सहायता के लिए पाकिस्तान भेजा था। भारत ने पाकिस्तान के प्रति तुर्किये के इस समर्थन व सहयोग को परोक्ष रूप से आतंकवाद व इसकी समर्थक सत्ताओं के लिए प्रोत्साहक माना। पाकिस्तान से सीजफायर के बाद भारत ने तुर्किये पर महत्त्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए कूटनीतिक तरीके से इसके भारत के साथ हो रहे विदेशी-व्यापार को लक्ष्य बनाया।

तुर्किये ने पाकिस्तान को अपना महत्वपूर्ण मित्र राष्ट्र तो बताया पर वह यह भूल गया कि भारत ही वह देश है जिसने 2023 में उसके देश में आये भूकम्प पर ऑपरेशन दोस्त के तहत सबसे पहले व सबसे तेज 12 घंटे में राहत सामग्री, बचाव उपकरण, सेना व एनडीआरएफ की टीम भेजी थी।

दग़ाबाज़ तुर्किये का यह दुष्कृत्य न केवल भारत सरकार बल्कि यहाँ के जनमानस के लिए भी अस्वीकार्य था। अतः हमारी सरकार द्वारा विरोधस्वरूप तुर्किये के विरुद्ध कुछ प्रतिबंधात्मक कदम उठाए जाते, इससे पहले ही हमारी राष्ट्रवादी जनता ने स्वतः संज्ञान लेकर स्वविवेक से तुर्किये से आयातित उत्पादों का बहिष्कार कर उनके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। सर्वप्रथम देशवासियों ने तुर्किये के पर्यटन व्यवसाय पर चोट की और वहाँ घूमने जाने वालों भारतीयों ने बड़ी संख्या में अपने टिकिट रद्द करवाएं। यात्रियों के टिकिट रद्द करवाने के साथ ही ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ञ्ज्रढ्ढ) और ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ञ्जस्नढ्ढ) ने 9 मई को घोषणा की कि वे अब तुर्की और अजरबैजान के लिए पैकेजों का प्रचार या बिक्री नहीं करेंगे। कई यात्री पर्यटक अब तुर्किये के बजाय अन्य वैकल्पिक देशों को पर्यटन के लिए चुन रहे हैं। इससे तुर्किये को होने वाले आर्थिक नुकसान का अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि वर्ष 2024 में लगभग 3.30 लाख भारतीय पर्यटकों ने तुर्किये की यात्रा की, जिसका वहाँ की अर्थव्यवस्था में करीब रु. 3000 करोड़ का योगदान था।

विरोध के इस रास्ते को धीरे-धीरे अन्य उद्योगों ने भी अपनाया। देश के फल व्यापारियों ने तुर्किये से आयात होने वाले सेबों का बहिष्कार करना शुरू कर दिया। गौरतलब है कि तुर्किये से हर वर्ष बड़ी मात्रा में सेब आयात होते हैं जो कि आयात शुल्क से मुक्त होते हैं। इससे देश के हिमाचली क्षेत्रों के प्रीमियम सेबों को मूल्यों के आधार पर इनसे कड़ी प्रतिस्पर्धा व संघर्ष करना पड़ता हैं। स्थानीय सेबों को वाज़िब बाज़ार मूल्य भी नहीं मिल पाता। वर्ष 2023-24 में केवल तुर्किये से ही 821 करोड़ रुपये के 117663 टन सेबों का आयात हुआ था। व्यापारियों और खरीदारों के इस बहिष्कार से भारतीय बाजारों से तुर्किये के सेबों की लाली गायब हो गई है। हिल स्टेट हॉर्टिकल्चर फोरम ने तो चेरी और अन्य बागवानी फसलों के आयात पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाने की वकालत की है।

पर्यटन और बागवानी फसल सेब के बाद तुर्किये के मार्बल उद्योग पर भी भारत ने प्रहार किया है। तुर्किये से भारत विभिन्न प्रकार के मार्बल जिसमें ब्लॉक और स्लैब शामिल है, का आयात करता है। भारत के मार्बल हेतु प्रमुख क्षेत्र दिल्ली, किशनगढ़, सिलवासा, चितौड़गढ़ आदि ने तुर्किये से मार्बल आयात को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। भारत में विभिन्न देशों से आयात होने वाले कुल मार्बल का 70 प्रतिशत आयात अकेले तुर्किये से होता है। भारत के व्यापारी इसके विकल्प के रूप में अब इटली, वियतनाम, स्पेन, ग्रीस आदि देशों से क्वालिटी मार्बल आयात करने पर काम कर रहे हैं।भारत के बहिष्कार का इतना असर हुआ है कि तुर्किये के स्थानीय व्यापारी भारत के मार्बल व्यापारियों से आर्डर कैंसिल न करने और व्यापारिक संबंध बनाए रखने के लिए लगातार संपर्क कर आग्रह कर रहे हैं।

राष्ट्र-हित व देश के प्रति उद्योग जगत की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि इसके बाद भारत ने तुर्किये से आयात होने वाले ज्वेलरी उद्योग पर भी स्ट्राइक कर दी है। पिछले कुछ समय से भारत में तुर्किये में बनी कम वजन की ज्वेलरी खूब प्रचलन में आई है। इसने हमारे स्थानीय बाजारों में धूम मचा रखी है। फलतः बाजार में इसकी मांग भी तेजी से बढ़ने लगी। अब तुर्किये को घुटनों पर लाने के लिए अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के अध्यक्ष ने देश के सभी आभूषण विक्रेता, निर्माता, व्यापारी और थोक विक्रेता से तुर्किये से सभी लेन-देन बंद करने की अपील की है। इस अपील पर सम्पूर्ण ज्वेलरी उद्योग ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए तुर्किये के विरुद्ध विरोध के स्वरों को और तेज कर दिया है।

इसके अतिरिक्त इन मुख्य आयातकों वस्तुओं या उत्पादों के साथ ही सब्जियों, चूना, सीमेंट, खनिज-तेल, रसायन, प्राकृतिक या संवर्धित मोती, लोहा और इस्पात आदि के आयात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ना शुरू हो गया है।

भारत के जेएनयू सहित कई विश्वविद्यालयों द्वारा तुर्किये के शैक्षिक संस्थानों के साथ किये गए समझौता ज्ञापनों तक को रद्द या स्थगित कर दिया गया हैं। इसके साथ ही भारत के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म भी इसके उत्पादों को अपने पोर्टल से हटा रहे हैं।

भारत में तुर्किये के उत्पादों के बहिष्कार संबंधी इस अभियान के साथ तुर्किये पर उस समय गहरी चोट हुई जब ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के संयुक्त निदेशक सुनील यादव ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एविएशन को भारत में मिली सुरक्षा क्लीयरेंस रद्द कर दी। इससे आशय यह है कि हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग, यात्री सुविधाओं और विमान की सफाई, एप्रेन में स्टाफ लगाने आदि के लिए कंपनी को शत प्रतिशत सिक्योरिटी क्लीयरेंस मिला हुआ था। भारत सरकार के उक्त आदेश के बाद कंपनी अब यह सब नहीं कर पायेगी। कंपनी को भारत द्वारा तय सिक्योरिटी प्रोग्राम बनाना होगा, जो तत्काल सम्भव नहीं है, यानी अब यह कंपनी भारतीय हवाई अड्डों पर काम नहीं कर पायेगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व यह कंपनी भारत में सालाना 58 हजार उड़ानें और 5.40 लाख टन कार्गो हेंडल करती थी।

भारत ने तुर्किये की कंपनियों से जुड़े समझौतों व परियोजनाओं की भी समीक्षा शुरू कर दी है। आईटी, मेट्रो रेल व टनल सहित कई प्रोजेक्ट के साथ ही निर्माण व तकनीकी जैसे अनेक क्षेत्रों में बहुत-सी तुर्किये कंपनियों का निवेश हैं और कई में ये सक्रिय रूप से कार्यरत भी हैं।

निष्कर्षतः भारत ने तुर्किये को पाकिस्तान का साथ देने के लिए रणनीतिक रूप से घेरा है। तुर्किये के व्यापार और वाणिज्य पर भारत की यह एक सफल ट्रेड स्ट्राइक है जिसके परिणाम वर्तमान के साथ निकट भविष्य में और बेहतर रूप से निकलकर आएंगे। यह कदम विश्व के दूसरे विरोधी देशों के लिए भी एक चेतावनी है कि भारत अब न केवल पाकिस्तान बल्कि उसके दुष्कृत्यों में उसका साथ देने वालों को भी अपने तरीके से सबक सिखाएगा। निश्चित ही तुर्किये को अहसास होगा कि उसने भारत की संप्रभुता के प्रति शत्रुतापूर्ण भाव रखकर आतंकवाद समर्थक सत्ता व शासन का साथ देकर गंभीर भूल की है। तुर्किये के विरुद्ध यह कार्रवाई और भारतीयों का बहिष्कार आंदोलन भारत के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के सिद्धांत के लिए आवश्यक था ताकि आगे से ऐसा सोचने या करने से पूर्व दूसरे इसके परिणामों पर भी विचार कर सकें।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यापार में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। सामाजिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृषभ**
वैवाहिक जीवन में परस्पर सम्मान की भावना में वृद्धि होगी। वरिष्ठ जनों का सहयोग प्राप्त होगा। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। व्यवहार की प्रशंसा होगी।

**मिथुन**
आज काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं इसीलिये नवीन कार्य आरम्भ न करें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर तनाव बढ़ेगा। सुख-सुविधाओं में कमी आयेगी।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में आपकी बातों को विशेष महत्व मिलेगा। मनोरञ्जन सम्बन्धी कार्यों में धन खर्च कर सकते हैं। रुके हुये सरकारी कार्य आज पूरे हो सकते हैं।

**सिंह**
वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कारोबारी अनुबन्धों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। बच्चों की उपलब्धियों से हर्षित रहेंगे। निर्माण कार्यों में तेजी आयेगी।

**कन्या**
यदि आप किसी काम को टालते हैं तो भविष्य में भी उसके टलने की सम्भावना बढ़ जायेगी। सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का प्रयास करें। सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला**
आज आप वही काम करना पसन्द करेंगे जो आपकी रुचि के अनुसार हो। शेयर मार्केट में किया गया निवेश आज आपको बड़ा लाभ दे सकता है।

**वृश्चिक**
व्यर्थ दौड़धूप करनी पड़ेगी लेकिन उसका परिणाम कुछ विशेष नहीं मिलेगा। लेन-देन में की गयी जल्दबाजी आपको आर्थिक हानि पहुँचा सकती है।

**धनु**
गर्मी की वजह से पेट में जलन की समस्या हो सकती है। बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। पुराने रोगों के कारण समस्या होगी। आवश्यक वस्तुयें गुम हो सकती हैं।

**मकर**
व्यापार में बहुत अच्छे मौके मिलेंगे। रूपरेखा बनाकर कार्य करना लाभकारी सिद्ध होगा। पढ़ाई-लिखाई को लेकर आप काफी सजग रहेंगे। बुद्धि-विवेक से काम करना लाभकारी होगा।

**कुंभ**
पिता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ गिरावट देखने को मिल सकती है। अति आत्मविश्वास के कारण आपको परेशानी झेलनी पड़ेगी।

**मीन**
लोग सलाह लेने का प्रयत्न करेंगे। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे। भाई-बन्धुओं के बीच आत्मीयता बढ़ेगी।

# डंडारी की पंचायत योजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

## डंडारी प्रखंड परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला बुधवार को डंडारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा तेतरी पंचायत में बने पशु अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा पशु अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। मौके पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा तेतरी पंचायत में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। जहाँ पर कार्य प्रगति पर देख प्रसन्न्ता जाहिर करते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।क्षेत्र भ्रमण के उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा डंडारी प्रखंड परिसर में आयोजन जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के 5 लाभुकों को स्वी.ति पत्र एवं 5 लाभुकों को आवास पूर्ण करने के उपरांत सांकेतिक चाभी, आपूर्ति विभाग अंतर्गत 6 लाभुकों को राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग के 10 लाभुकों को आयुष्मान कार्ड, 5 महादलित महिला को जीविका से जुड़ने पर पासबुक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत 5 लाभुकों को वृद्धजन पेंशन का लाभ,एवं अभियान बसेरा फेज 2 के अंतर्गत 10 लाभुकों को पर्चा दिया गया।जिला पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में पंचायतों के टोलों-टोलों में ड अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर लगाया जा रहा है। वैसे लाभुक जो सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित है। वे वहां जाकर अपना आवेदन दे सकते है। अब आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है, सरकार स्वयं आपके पास आकर आपकी समस्याओं का समाधान करेगी। इसी प्रकार पंचायतों में महिला जनसंवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों से क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके द्वारा निरीक्षण की गई योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई एवं उसका समाधान करने का निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को दिया गया।निरीक्षण में विधायक बखरी, सूर्यकांत पासवान, जिला परिषद अध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी बलिया, भूमि सुधार उपसमाहर्ता बलिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी, डंडारी, अंचलाधिकारी डंडारी सहित सभी विभाग के जिला स्तरीय एवं प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जीविका महिला संवाद में उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड के 2 जीविका महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम का गुरुवार को आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। पहला कार्यक्रम रौनक जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा नौला पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर जीविका के बीपीएम शैलेश रंजन ने प्रकाश डाला। मौके पर मुख्यमंत्री के संदेश को पढ़ कर सुनाया गया। इस अवसर पर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाओं के जीवन में आए बदलावों को फिल्मों के माध्यम से दिखाया गया। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ महिलाएं कैसे ले सकती हैं पर केंद्रित पंपलेट का वितरण भी आयोजन में किया गया। मौके पर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले चुकी लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। लाभार्थियों ने बताया कि राज्य सरकार की योजनाओं के कारण वे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। संवाद के दौरान महिलाओं ने अपनी अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं को रेखांकित किया। वहीं दूसरा कार्यक्रम संगम जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा नौला पंचायत में आयोजित किया गया। मौके पर महिलाओं ने विभिन्न फिल्मों एवं आईईसी के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जाना। कार्यक्रम का मंच संचालन क्षेत्रीय समन्वयक सूर्येश कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन सामुदायिक समन्वयक रंजीत कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर बीपीएम शैलेश रंजन,बुक कीपर कंचन कुमारी और नीलम कुमारी, सीएम सुधा देवी और रेखा देवी सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थे।

## एक नजर

### हड़ताल के समर्थन में पहुंचे विधायक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हड़ताली आशा कार्यकर्ताओं का शिष्टमंडल स्थानीय विधायक सूर्यकांत पासवान को मागपत्र सौपा। श्री पासवान ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ है। स्वास्थ्य विभाग के संचालित सभी कार्यक्रमों में इनकी अहम भागीदारी होती है। इनके द्वारा क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने के बदौलत ही स्वास्थ्य विभाग संचारी रोग तथा गैर संचारी रोग पर नियंत्रण पाने में कामयाब हुए हैं। संस्थागत प्रसव के बदौलत शिशु, मातृ मृत्यु दर में कमी आई है। स्वास्थ्य सस्थानो पर रोगियों की सख्त में इजाफा हुआ है। राज्य सरकार द्वारा इन्हें ही उपेक्षित किया जाता है। 2023 में एकताबद्ध 32 दिनों के हड़ताल के बाद सरकार ने इन्हें प्रोत्साहन राशि 1000 रुपए के स्थान पर 2500 रुपए प्रति माह मानदेय देने का लिखित समझौता हुआ था। उस समझौते को आज तक लागू नहीं किया गया हैं। जिससे सरकार की मंशा साफ नहीं दिखाई दे रहा है। मैं तथा मेरी पार्टी हडताली आशा कार्यकर्ताओं को वाजिब हक दिलाने के लिए सड़क से संसद तक आंदोलन करेगी। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि डा राजेन्द्र शर्मा, चंद्रभूषण चौधरी, नसीम रब्बानी, चंद्र मणी भारती, हडताली आशा मौजूद थे।

### मारपीट का फरार आरोपित गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बन्देया पुलिस ने थाना क्षेत्र के झिकटिया गांव से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि फरार आरोपी झिकटिया गांव निवासी दरोगा कुमार उर्फ हलेन्द्र कुमार पर पूर्व में हत्या के प्रयास को लेकर कांड संख्या 50/25 दर्ज किया गया था। साथ ही वह कई माह से फरार रह रहा था, जिसे उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### अवैध निर्माण को हटाया

**गोह (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गोह प्रखंड के गोपालपुर गांव में गुरुवार को सीओ के निर्देश पर तीन अतिक्रमणकारियों द्वारा जबरन आम गैर मजरूआ जमीन पर अवैध निर्माण कर नीजी रास्ता अवरूद्ध करने के मामले में कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया। विदित हो कि गोपालपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार ने उसी गांव निवासी, देवी सिंह, लखेंद्र सिंह व लक्ष्मण सिंह के खिलाफ खेत के रास्ता अवरूद्ध करने के मामले में अंचल कार्यालय में शिकायत पत्र सौंपकर उक्त समस्या से निजात के लिए अपील किया था। जहां सभी बिंदुओं पर पड़ताल के बाद गुरुवार को सीओं व गोह पुलिस की दल-बल उपस्थिति में अवैध निर्माण को जेसीबी वाहन से हटाया गया।

### साइबर अपराधियों ने बैंक खाते से उड़ाए पांच लाख रुपये

**मदनपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर के दिहुली निवासी सुधीर कुमार सिंह के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने पांच लाख रूपये उड़ा ले गए। मामले में उन्होंने साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी है। पीड़ित सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी ने बिजली विभाग के एसडीओ का परिचय देकर एक पीडीएफ फार्मेट भेजा और खोलने को बोला। पीडिएफ खोलते ही मेरा मोबाइल हैक हो गया। जब अपने बैंक खाता का राशि जांच करवाया तो पाया गया कि खाता से पांच लाख रूपये निकासी कर ली गई है जिसकी शिकायत साइबर थाना में दर्ज करवाई गई है।

## पुलिस टीम पर हमला मामले में नौ आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** चकिया थाना क्षेत्र के मल्हीपुर बिन्दटोली में पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने नौ लोगो को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को कुछ युवकों के द्वारा शराब पीने की सूचना पर पुलिस टीम उक्त गांव पहुंची। पुलिस को देखकर विरोध करते हुए हमला करने के मामलें में पुलिस टीम के गुरुवार को घटना में संलिप्त कुल नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बिन्दटोली में मंजीत महतो अपने घर के छत पर कुछ अन्य सहयोगी साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा है। कोई बड़ी घटना करने की फिराक में है। प्राप्त सूचना पर चकिया थाने की पुलिस टीम के द्वारा सूचनानुसार ग्राम मल्हीपुर स्थित स्थल के पास पहुँचकर छापेमारी की गई। इस दौरान इनके घर के कुछ लोगों एवं अन्य आसपास के लोगो के द्वारा विरोध करते हुए रोड़ेबाजी एवं पुलिस बल पर हमला किया गया। पुलिस अधीक्षक मनीष के द्वारा घटित घटना को गंभीरता से लिया। उनके निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 के नेतृत्व में चकिया थाने की पुलिस टीम के द्वारा अनुसंधान एवं सूचना-आसूचना संकलन करते हुए घटना में संलिप्त पाये गये अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमे मुकेश कुमार, धमेन्द्र कुमार, बबलू कुमार, शिव कुमार, पिंकी देवी, सोना देवी, सविता देवी, नुनुवती देवी एवं भदय निषाद को मल्हीपुर गाँव से ही पकड़ा गया। सभी अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतू छापेमारी करते हुए विधिसम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## डीसीएलआर का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में गुरुवार को डीसीएलआर किशन कुमार के विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन पूरे हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम सन्नी कुमार सौरव ने की। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने एकजुट होकर किशन कुमार के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तरीके से पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर की गई। उपस्थित अधिकारियों ने किशन कुमार को माला पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। एसडीएम सन्नी कुमार सौरव ने अपने संबोधन में कहा कि किशन कुमार एक कुशल, निष्पक्ष और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान ना केवल प्रशासनिक कामों को सुचारू रूप से संपन्न किया, बल्कि आम जनता के बीच एक सकारात्मक और भरोसेमंद छवि बनाई। उनका व्यवहार सहयोगी रहा है और वे हर परिस्थिति में शांति और संयम बनाए रखते हैं। एसडीपीओ कुंदन कुमार ने कहा कि किशन कुमार के साथ काम करना हमेशा एक अच्छा अनुभव रहा है। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का भरपूर सहयोग किया। इस कार्यक्रम में गढ़पुरा सीओ राजन कुमार, नावकोठी सीओ सूरज कुमार, बखरी एमओ स्वाति, आरएस को के मनोरंजन वर्मा, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजू कुशवाहा, अधिवक्ता गौरव कुमार, प्रिंस सिंह समेत कई प्रमुख व्यक्ति मौजूद थे। ज्ञात हो कि किशन कुमार का स्थानांतरण अब दलसिंहसराय (समस्तीपुर) में एसडीएम पद पर हुआ है।

## दिवंगत सैनिक के परिजनों से मिले तेजस्वी

### राज्य सरकार द्वारा घोषित 50 लाख दिलाने का करेंगे प्रयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नावकोठी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का छतौना गांव के अब्बुपुर में दिवंगत आर्मी के जवान पवन पंडित के आवास पर गुरूबार को शाम पहुंचे। सबसे पहले पवन पंडित के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि ज्ञापित किया। उसके बाद उसकी पत्नी सुधा देवी , उसके बच्चे तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा। उन्हें एक लाख रूपए की राशि आर्थिक सहायता के रूप में दी। मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि मैं इस धरती तथा इनके माता पिता को सलाम करता हूं। जिनके लाल ने देश की सेवा करते हुए अपना बलिदान दिया हो। राज्य सरकार द्वारा घोषित 50 लाख रूपए देने का प्रावधान है। इन्हें यह राशि अभी तक नहीं दी गई है। मैं मुख्यमंत्री से मिलकर इसके लिए प्रयास करूँगा। लगभग आधा घंटा तक प्रतिपक्ष नेता लगभग आधा घंटा तक सैनिक के घर पर ठहरे। मौके पर राज्य सभा सांसद संजय यादव, शक्ति सिंह यादव, विधायक सत्तानंद संबुद्ध उर्फ ललन यादव, राजवंशी यादव, सूर्य कांत पासवान, पूर्व विधायक उपेन्द्र पासवान, जिलाध्यक्ष मोहित यादव, जिला महासचिव राम सखा महतो, विकास पासवान, अनिता चौधरी, अमित कुमार, गंगा राम महतो, विपिन झा, पशुपति पासवान, मो मकबूल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेश पासवान सहित महागठबंधन के काफी संख्या में कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

## रेलवे और बिहार पुलिस में सफल प्रतियोगियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**ओबरा।** पटेल चौक अतरौली के समीप एक निजी क्लासेज के द्वारा प्रतियोगी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संस्थान के निदेशक गणेश कुमार एवं संचालन चंदन कुमार ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर किया गया। इसके बाद संस्थान के द्वारा रेलवे एवं बिहार पुलिस में सफल विद्यार्थियों को थानाध्यक्ष नीतीश कुमार के द्वारा मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रेलवे टेक्नीशियन के रूप में चयनित अमिलौना के विकास कुमार को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही बिहार पुलिस में खरांटी के सुधीर कुमार, अतरौली की संध्या कुमारी, गिरा की रागिनी कुमारी एवं सद्दीपुर की काजल कुमारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि जो बच्चे मेहनती होते हैं उनको एक न एक दिन सफलता जरूर मिलती है। बच्चों को मेहनत करते रहना चाहिए। मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती है। इस अवसर पर संस्था के निर्देशक गणेश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि संतोष कुमार शर्मा, सड़क दुर्घटना रोकथाम समिति के सदस्य डीकू, प्रोफ़ेसर सत्येंद्र नारायण सिंह, लखन, चंदन, श्रवण साव, अतुल कुमार, रानी कुमारी, कनक कुमारी, दीपक कुमार, तथा सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तैनात आशा कार्यकर्ता सात सूत्री मांगों के समर्थन में हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रहा। बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ एक्टूके निर्णयानुसार यह हड़ताल आहुत किया गया। आशा कार्यकर्ताओं के हड़ताल से संपूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम बाधित रहा। ओपीडी भी ठप रहा। आशा कार्यकर्ता पीएचसी के मेनगेट पर जमा होकर सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। संगीता कुमारी ने कहा कि वर्ष 2023 में 32 दिवसीय हड़ताल के क्रम में आशा कार्यकर्ता, फेसिलेटर के मासिक मानदेय राशि 1000रूपए को बढाकर 2500 रूपए करने का निर्णय लिया गया। दो वर्ष बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार इसे लागू करने में आनाकानी कर रही है। विभिन्न कार्यो के लिए वर्षो पूर्व तय राशि में केन्द्र सरकार के द्वारा 10 वर्षो से कोई पुनरीक्षण नहीं किया गया। पिछला सारा बकाया का भुगतान करने हेतु पोर्टल व्यवस्था में सुधार करने, रिटायरमेंट की आयु 65 वर्ष तथा 10 लाख रूपए, अनिवार्य मासिक पेंशन की सुविधा, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर से जुड़ी आशाओं को देय राशि का भुगतान पोर्टल के माध्यम से करने आदि शामिल हैं। इसमें कविता देवी, सुमित्रा देवी, रौशन कुमारी, रूक्मिणी देवी, अंजु कुमारी, मुनचुन कुमारी, रंजू कुमारी, वंदना कुमारी, वसंती कुमारी, पूनम कुमारी, रीता कुमारी, राधा कुमारी, आशा मिश्रा, मुन्नी कुमारी, शबनम,प्रतिमा आदि शामिल थे।

## बाल रंगमंच कार्यशाला का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली और इंडियन अयल कार्पोरेशन के संयुक्त तत्वावधान में 23 मई से 22 जून तक 30 दिवसीय बाल रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए पूरे जिले से लगभग 100 बच्चों ने 22 मई को दिनकर कला भवन में आयोजित साक्षात्कार कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें से 35 बच्चों का चयन कार्यशाला के लिए किया गया। चयनकर्ता के रूप में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित कुंदन कुमार, गणेश गौरव, सारिका भारती, हैदराबाद यूनिवर्सिटी से नाट्य विधा में पीएचडी डा. अमित रौशन, हिमाचल नाट्य शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, मंडी से प्रशिक्षित कुमार अभिजीत, प्रतिभागियों का चयन किया। इस कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के द्वारा बच्चों को नाट्य विधा के विभिन्न आयामों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही कार्यशाला में तैयार किए गए नाटक की प्रस्तुति पहले बेगूसराय में और फिर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली में की जाएगी। बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में यह कार्यशाला बहुत ही महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी।कार्यशाला का संयोजन डा. अमित रौशन के द्वारा किया जा रहा है। सहयोग में अभिनेता चंदन कुमार सोनू, मंच संचालक दीपक कुमार और बिट्टू कुमार थे।

## युवक की चाकू गोदकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मधेपुर चौक के पास कल रात अपराधियों ने युवक श्रीराम सिंह की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि जिले के मधेपुर गांव मे कल रात कुछ लोग नशा कर रहे थे तभी वहां से गुजर रहे युवक श्रीराम सिंह के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें उसकी चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर समस्तीपुर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भूमिहीन अति पिछड़े एवं पिछड़े वर्गों को भी सरकार देगी जमीन : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा है कि बिहार के सभी दलित महादलित टोले मे 15 जून तक विशेष कैम्प लगाकर भूमिहीनों को जमीन देने हेतु उन्हें चिह्नित किया जायेगा। श्री सरावगी गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीभराव अंबेडकर के नाम पर सुयोग्य श्रेणी के दलित-महादलितों को जमीन देने हेतु उनसे आवेदन लिए जायेंगे। राजस्व मंत्री ने बताया कि सरकार सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीन अति पिछड़ी एवं पिछड़े जातियों को भी जमीन उपलब्ध कराया जायेगा। जिसके लिए इन वर्गो से भी आवेदन लिए जायेंगे। मंत्री ने बताया कि कार्य मे लापरवाही बरतने वाले करीब 50 अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। इस बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह, जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा एवं अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शहीद संतोष कुमार का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में मारे गए बिहार के भागलपुर जिले के लाल शहीद संतोष कुमार का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ आज किया गया। पटना एयरपोर्ट से सड़क मार्ग के द्वारा तिरंगा झंडा से लपेटे शहीद जवान का पार्थिव शरीर गुरुवार को जिले के इस्माइलपुर अंचल के बिहटा इस्माइलपुर गांव स्थित पैतृक घर पर पहुंचा। जहां उनके अंतिम दर्शन के लिए आसपास के कई गांवों से लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सभी नम आंखों से संतोष भाई अमर रहे, भारत माता की जय का नारा लगा रहे थे। बड़ी संख्या में उपस्थित लोग शहीद जवान के पार्थिव शरीर के साथ एक विशाल जुलूस के रुप में समूचे गांव का भ्रमण करने के बाद इस्माइलपुर के गंगा घाट पहुंचे। जहां पर सेना और जिला पुलिस के जवानों ने उन्हें शस्त्र से सलामी दी। मौके पर मौजूद जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, नवगछिया की पुलिस अधीक्षक प्रेरणा कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी, गोपालपुर के विधायक नीरज कुमार उर्फ गोपाल मंडल, सेना के जवान सहित आमजनों ने नम आंखों से विदाई दी। उल्लेखनीय है कि भागलपुर जिले के इस्माइलपुर अंचल के बिहटा इस्माइलपुर गांव के वीर सपूत संतोष कुमार विगत दिनों जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के साथ सेना के हुए मुठभेड़ के दौरान शहीद हो गए थे। उनके शहीद होने की खबर मिलते ही समूचा जिला शोक में डूब गया है। वहीं राज्य सरकार ने शहीद संतोष कुमार का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने की घोषणा की।


बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

**अल्पकालीन निविदा संख्या– 02/भ0प्र0 औरंगाबाद/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 19.05.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 03.06.2025 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 04.06.2025 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 04.06.2025 को अपराहन 3:30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
 (ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद।
 (ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद।
 (घ) अधीक्षण अभियतां का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणीः–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रधान न्यायाधीश, औरंगाबाद के आवासीय परिसर के चहारदीवारी पर बारवेड वायर अधिष्ठापन कार्य | 1.407 | 2900.00 | 500.00 | 15 दिन |
| | कुल | 1.407 लाख | | | |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक, अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

PR. No.004088 (BCD) 2025-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# वृद्ध की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज थाना अंतर्गत मुरगांव में बुधवार की रात में 60 वर्षीय अशोक सिंह उर्फ सरदार जी की हत्या सोये अवस्था में धारदार हथियार से गला काटकर कर दी गई। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह में तब लगी जब उनकी पत्नी उन्हें उठाने आई। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव के लोगों में मातम छा गया तथा इसकी जानकारी तुरंत हुलासगंज थाना को दी गई। मौके पर थाना अध्यक्ष दल बल के साथ पहुंचकर घटना की जांच में जुट गए हैं। इस बीच परिजनों द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन की भांति रात में घर से खाना खाकर आकर दलान में सो गए थे लेकिन सुबह उठने में देर होने पर मां घर से आई तो स्थिति देखकर चित्कार कर उठी। इसके बाद तुरंत घर में जाकर लोगों को जानकारी दी। शोर गुल सुनकर पूरे गांव के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए। इस बीच हुलासगंज पुलिस भी घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने बताया कि स्थाई तौर पर गली के बगल में स्थित दलान में हमेशा अशोक सिंह सोते थे। हालाकि घटना का कारण क्या हो सकता है यह तो अबतक पता नहीं चल सका है। हालांकि मृतक के स्वजनों का कहना है कि उनके परिवार का किसी भी व्यक्ति से विवाद या अदावत नहीं रहा है। घटना स्थल पर मौजूद थानाअध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि बहरहाल एसएफएल की टीम को साक्ष्य जुटाने और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए बुलाई गई है। मृतक के शव को जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


घटना स्थल पर जुटी ग्रामीणों की भीड़

## डीआरएम ने जीवधरा स्टेशन के निर्माण कार्य का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेलखंड पर स्थित जीवधारा रेलवे स्टेशन पर बन रहे वाशिंग पीट का गुरुवार को डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। वहां पहुंच कर निर्माण कार्य का अवलोकन किया। धीमी गति से निर्माण कार्य को लेकर अधिकारियों की क्लास लगाई। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में लगे अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया है। चल रहे निर्माण कार्य से वे संतुष्ट हैं। परन्तु ऐजेंसी द्वारा काम में गति लाने के बजाये कमी हुई है। उसके लिए निर्देश दिया गया है। कोशिश है कि मई के अन्त तक यहां का वाशिंग पीट को चालू कर दिया जाए।

# 'विद्यालय से ओलम्पिक तक' मशाल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ








नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के मार्गदर्शन में मशाल प्रतियोगिता 2024-25 का संकुल स्तरीय आयोजन 22 मई से जहानाबाद जिले के सातों प्रखंडों के 99 विद्यालयों में प्रारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता शिक्षा विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में खेलों के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करना है, ताकि विद्यालय स्तर पर प्रतिभाएं उभरें और उन्हें राष्ट्रीय एवं ओलंपिक स्तर तक पहुंचने का अवसर मिल सके।

**प्रतियोगिता की प्रमुख विशेषताएं :**

मशाल प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 24 मई, 2025 तक जिले के सभी 7 प्रखंडों के 99 विद्यालय में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस खेल प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं अंडर-16 आयु वर्ग के कुल 5445 छात्र एवं छात्राओं की प्रतिभागिता रहेगी। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, साइकलिंग, कबड्डी, फुटबॉल एवं वॉलीबॉल जैसे खेल को शामिल किया गया है। प्रत्येक खेल विधा में प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षकों के निर्देशन में आयोजन को संरचित एवं अनुशासित रूप से संपन्न कराया जा रहा है।

24 मई, 2025 को चयनित छात्र-छात्राओं के बीच में किए जाएंगे जिसमें विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, संकुल स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को आगामी प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा। इस खेल आयोजन के माध्यम से न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच दिया जा रहा है, बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना, टीमवर्क तथा आत्मविश्वास जैसे गुणों का भी बच्चों में विकास किया जा रहा है।जिला प्रशासन जहानाबाद द्वारा ऐसे आयोजनों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि विद्यालय से ओलम्पिक तक की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

# उप विकास आयुक्त ने की जल- जीवन-हरियाली अभियान की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडे की अध्यक्षता में जल- जीवन- हरियाली अभियान की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सिविल सर्जन, निदेशक डीआरडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीओ योजना, शिक्षा विभाग के डीपीओ, डीपीएम जीविका, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी एवं नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने बताया कि जल- जीवन - हरियाली अभियान के कुल 11 अवयव हैं जिस पर नौ विभागों द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय पदाधिकारी जिनको जो लक्ष्य दिया गया है उससे संबंधित पूर्ण हुए कार्यों का जिओ टैग फोटोग्राफ्स जल- जीवन - हरियाली पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे तभी उसे पूर्ण माना जाएगा। जल - जीवन - हरियाली अभियान का पहला अवयव सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं को चिन्हित कर उसे अतिक्रमण मुक्त किया जाना है। इसकी समीक्षा में पाया गया कि जिला में कुल 6946 सार्वजनिक जल संरचनाओं को चिन्हित किया गया जिसमें 1007 अतिक्रमित पाया गया था। सभी 1007 अतिक्रमित जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त कर लिया गया है। इसी प्रकार जिला में कुल 817 कुआं अतिक्रमित चिन्हित किए गए थे, उन सभी को अतिक्रमण मुक्त कर लिया गया है। जल - जीवन - हरियाली अभियान का दूसरा अवयव सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं यथा तालाब, पोखर, आहर एवं पईन का जीर्णोद्धार से संबंधित है। इस अभियान अंतर्गत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 3707 योजनाओं को ली गई थी जिसमें से 3706 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है, वहीं लघु जल संसाधन विभाग के द्वारा 35 योजनाएं ली गई एवं सभी 35 योजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं। जल - जीवन - हरियाली अभियान का तीसरा अवयव सर्वजनिक कुओं को चिन्हित कर उनका जीर्णोद्धार से संबंधित है। इस अभियान अंतर्गत नगर विकास, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं पंचायती राज विभाग के माध्यम से 2772 योजनाएं ली गई थी जिसमें से 64 योजनाओं को छोड़कर सभी योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। अपूर्ण सभी 64 योजनाएं पंचायती राज विभाग से संबंधित हैं। जिला पंचायत राज पदाधिकारी को उन सभी 64 योजनाओं को भी शीघ्र पूर्ण कर लेने का निर्देश डीडीसी के द्वारा दिया गया।पौधशाला सृजन एवं सघन वृक्षारोपण अंतर्गत ग्रामीण विकास विभाग की 7387 योजनाओं को लिया गया जिसमें से 7375 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। इसी तरह पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा 145 योजनाओं को लिया गया एवं सभी 145 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। टपकन (ड्रिप एरिगेशन) सिंचाई अंतर्गत कृषि विभाग के द्वारा कुल 429 योजनाएं ली गई थी जिसमें से 415 योजनाओं को पूर्ण कराया गया है। इस संबंध में उप विकास आयुक्त के द्वारा शेष बचे 14 योजनाओं को भी शीघ्र पूर्ण कर लेने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। सौर ऊर्ज़ा उपयोग को प्रोत्साहन एवं ऊर्ज़ा बचत की समीक्षा में पाया गया कि जिला में कुल इसकी कुल 209 योजनाएं ली गई थी एवं सभी 209 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है।

## 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर जिले के स्थानीय एसएस. कॉलेज के भुगोल विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में भुगोल, गणित, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर भुगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्नेहा स्वरुप ने अपने संबोधन में कहा कि तमाम वैज्ञानिक और भौतिक उपलब्धियों को प्राप्त करने के बावजूद हम जल, भोजन, आवास, कपड़ा, दवा जैसी मौलिक जरूरतों को पूरा करने के लिए प्राणवंत पारिस्थितिक तंत्र पर निर्भर हैं। इस तरह जैव-विविधता हमारे लिए आर्थिक सुरक्षा, उत्तम स्वास्थ्य, जलवायु संतुलन और हमारी विशिष्ट परंपरा और संस्कृति को संरक्षित रखने की आश्वस्ति है। उन्होंने आगे कहा कि जैव-विविधता का नुकसान वस्तुतः समग्र वनस्पति व प्राणी जगत के समक्ष गंभीर संकट की तरह है। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वव्यापी पर्यावरण प्रदूषण से पृथ्वी पर मौसम, परिवेश और मानवीय व प्राणी जीवन की परिस्थितियों में तेज़ी से बदलाव आ रहा है। उन्होंने वृक्षारोपण, प्रदुषण पर नियंत्रण और वन एवं खनन क्षेत्रों के अंधाधुंध दोहन से परहेज़ करने पर जोर दिया। भुगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. हुलेश मांझी ने अपने संबोधन में कहा कि स्थलीय पर्यावरण का तीन चौथाई भाग तथा समुद्री पर्यावरण का दो-तिहाई हिस्सा मानवीय गतिविधियों के कारण परिवर्तित हो चुका है। उन्होंने तीव्र औद्योगिक विकास और जैव-विविधता के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया। सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा कुमारी ने जैव-विविधता के संरक्षण और पुर्नस्थापन के लिए सामूहिक भागीदारी को आवश्यक बताया। भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में पूजा भारती, अन्नु कुमारी, सौरव कुमार आदि शामिल रहे।

## मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में किया धरना प्रदर्शन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)।** स्थानीय समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को आशा कार्यकर्ताओं व आशा फैसिलिटेटर ने अपनी मांगों को लेकर पांच दिवसीय हड़ताल के तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि 2023 में 32 दिवसीय हड़ताल के क्रम में आशा कार्यकर्ता व फैसिलिटेटर की मानदेय राशि 1000 से बढ़ाकर 2500 रूपये करने का निर्णय लिया गया था। करीब दो साल बीतने पर भी उसे लागू नहीं किया गया। इस समझौता को बढ़ा कर कम से कम 10000 रूपये के साथ लागू करने समेत 17 सूत्री मांग शामिल है। धरना में दुर्गा कुमारी, किरण कुमारी, विभा कुमारी, पूनम कुमारी, रिंकू कुमारी, संतादहाल, विमला कुमारी, सुषमा कुमारी, नीलम देवी समेत सैकड़ों आशा कार्यकर्ता शामिल रहीं।

## दस आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को मिला राज्य स्तरीय एन.क्यू.ए.एस प्रमाण पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मोतिहारी।** जिले के लिए खुशखबरी है की पूर्वी चम्पारण के 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) पर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने क़ो लेकर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत राज्यस्तरीय प्रमाणीकरण किया गया है। इसके चयन हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से गठित कमिटी के सदस्यों के द्वारा स्वास्थ्य संस्थान का आंतरिक मूल्यांकन किया गया था, जिसमें कुल 34 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मूल्यांकन हुआ जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक अंक लानेवाले जिले में बड़ी संख्या में 10 स्वास्थ्य केंद्र चयनित हुए, इस सम्बन्ध में जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी भारत भूषण ने जानकारी देते हुए कहा कि अभी अन्य 24 स्वास्थ्य संस्थान का रिपोर्ट आना बाकी है जिसमें भी अधिकांश सफल होगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के गुणवत्ता में सुधार के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणीकरण किया जा रहा है। इसमें स्वास्थ्यकर्मियों का बेहतर योगदान है। डीपीसी भारत भूषण ने कहा कि राज्य स्तरीय सर्टिफिकेट होने के बाद अब जल्द ही नेशनल सर्टिफिकेट के लिए सक्षम पोर्टल के माध्यम से अप्लाई किया जाएगा, जिसके बाद केंद्रीय टीम की ओर से असेसमेंट किए जाने के बाद निर्धारित स्कोर मिलने पर नेशनल सर्टिफिकेट मिलेगा। इसके बाद प्रतिवर्ष इस हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सरकार द्वारा राशि दी जाएगी जिसे एचडब्ल्यूसी के व्यवस्था सुधार में खर्च किया जाएगा। पिरामल के डीसी राजेश गिरी ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण - पत्र प्रदान करने के लिए बखरी, फुलवरिया, लखनी, सरैया, धनहर दिहुली, बड़कागांव, परसौनी वाजिद, मछड़गंवा, साऊथ नोनिया, कैथवालिया, कुल 10 का चयन हुआ। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों की टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर मूल्यांकन किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फ़ेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। प्रमाणीकरण के लिए कम से कम 70 प्रतिशत अंक अनिवार्य होता है।

## होमगार्ड बहाली को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** होमगार्ड बहाली के लिए पुलिस लाइन स्थित मैदान की तैयारी का भौतिक निरीक्षण जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक लाईन के द्वारा बताया गया कि होमगार्ड बहाली के लिए मैदान को पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है एवं ट्रैक का भी निर्माण शीघ्र ही कर लिया जाएगा। इस पर जिलाधिकारी के द्वारा सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य सभी जरूरी इक्विपमेंट को तुरंत इंस्टॉल करने का निर्देश दिया गया एवं जो भी जरूरी व्यवस्था है उसे शीघ्र पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान एडीएम आपदा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी, जिला खेल पदाधिकारी, पुलिस उपाध्यक्ष लाइन, उप नगर आयुक्त, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, खेल प्रशिक्षक, एवं ट्रैक को तैयार करने वाली एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में अपीलों की हुई सुनवाई, समाधान को दी गई प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद समाहरणालय स्थित जिला पदाधिकारी न्यायालय में लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के अंतर्गत प्राप्त विभिन्न अपीलीय मामलों की सुनवाई जिला पदाधिकारी-सह-अपीलीय प्राधिकार अलंकृता पाण्डेय द्वारा की गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि लोक शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित प्राधिकारों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं हो, इसके लिए विभागीय समन्वय एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। गुरुवार को सुनवाई के दौरान सात मामलों का समाधान किया गया, वहीं शेष चार प्रकरणों में संबंधित प्राधिकारों को विस्तृत जांचोपरांत अगली तिथि तक स्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। सुनवाई के दौरान सभी संबंधित लोक प्राधिकारों एवं वादकारियों की उपस्थिति रही, जिससे संवादात्मक एवं न्यायसंगत कार्यवाही संपन्न हो सकी।

# संकुल स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को मशाल 2024 के अंतर्गत संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कड़ी में प्रखंड क्षेत्र के सभी 23 कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर (सीआरसी) पर विभिन्न खेल विधाओं की प्रतियोगिता हुई। सीआरसी महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी में प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि चिरैया बीपीआरओ संदीप कुमार एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस बारे में जानकारी देते हुए शिक्षक रवि कुमार रवि ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ 22 मई से तथा शनिवार 24 मई को इसका समापन होगा। पहले दिन एथलेटिक्स एवं साइकिल रेस की प्रतियोगिता हुई। इस कड़ी में अंडर - 14 बालिका वर्ग साइकिल रेस में सातवीं कक्षा की छात्रा चांदनी कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि गुड़िया कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में रवि कुमार ने प्रथम स्थान एवं गोलू कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-16 बालिका वर्ग साइकिल रेस में दसवीं की छात्रा रानी कुमारी ने प्रथम स्थान तथा रेखा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही एथलेटिक्स की विभिन्न विधाओं के तहत 600 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में सुप्रिया कुमारी ने प्रथम स्थान एवं कुमारी अंशुप्रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग के 600 मीटर दौड़ में रेहान अंसारी ने प्रथम स्थान तथा आकाश कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।अंडर - 14 बालिका वर्ग के 60 मीटर दौड़ में जाह्नवी कुमारी ने प्रथम स्थान जबकि संध्या कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर - 16 बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में शत्रुघ्न कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग में लंबी कूद प्रतियोगिता में दसवीं के छात्र भास्कर कुमार ने प्रथम स्थान एवं संदीप कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही अंडर- 14 बालक वर्ग लंबी कूद में बुलंद कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## जहानाबाद में अधिवक्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** भारतीय सेना के शौर्य और साहस को सलाम करते हुए गुरुवार को जहानाबाद में भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा व्यवहार न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर सैनिकों के सम्मान में समर्पित रही, जिसमें सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भाजपा विधि प्रकोष्ठ, जहानाबाद के संयोजक अधिवक्ता रजनीश कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त कर एक बार फिर राष्ट्र का मस्तक ऊँचा किया है। इस ऑपरेशन में पाकिस्तानी सेना के एयर बेस को भी निशाना बनाकर नष्ट किया गया।तिरंगा यात्रा में विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक अधिवक्ता बिंदु भूषण प्रसाद, मनोज कुमार, विनीता कुमारी, विमलेश कुमार, पूर्व संयोजक प्रमोद कुमार, सुधीर कुमार, राम बिंदु सिन्हा, राज भूषण सिन्हा, राजेश कुमार उर्फ मुन्ना, कृष्णा मुरारी उर्फ गुड्डू, नंद किशोर गौतम सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हुए।इसके अलावा जदयू विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शारदानंदन कुमार, साधना शर्मा, दिलीप कुमार, राकेश कुमार, अरुण कुमार, प्रिय रंजन, सतीश कुमार, नवीन अकेला, कौलेश्वर सिंह, केशव प्रपन्ना, उमा शंकर, विनोद कुमार, शहजाद आमिर, विक्रम राज सिंह सहित कई अधिवक्ताओं ने भी इस राष्ट्रवादी आयोजन में भागीदारी निभाई।

## मतदाता जागरूकता एवं मतदाता पंजीकरण में वृद्धि लाने हेतु बीएलओ एवं बीएलए को दिया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** आगामी विधानसभा निर्वाचन, 2025 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर गुरुवार को जहानाबाद जिले के जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जहानाबाद प्रखंड एवं घोषी विधानसभा क्षेत्र के घोषी प्रखंड में तथा मखदुमपुर प्रखंड में सभी बीएलओ. तथा बीएलए का एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अवर निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार द्वारा बताया गया कि बिहार में अक्टूबर एवं नवंबर माह में विधानसभा निर्वाचन संभावित है , जिसके मद्देनजर सभी बीएलओ. के साथ-साथ सभी बीएलए की भी जिम्मेदारी है कि वे अपने अपने मतदान केन्द्र वाले क्षेत्रों में शत प्रतिशत मतदान कराने में सहयोग करें। अवर निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अपील की गई कि सभी बी एल ओ अपने अपने क्षेत्रों में मुहिम चला कर ऐसे मतदाता जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में नहीं जुटा है, अथवा जो मतदाता अभी -अभी मतदाता के लिए पात्र हुए हैं, उनका नाम जोड़ा जाए साथ ही ऐसे मतदाता को चिन्हित करें जिनका नाम मतदाता सूची में है परंतु वे रोजगार अथवा पढ़ाई के कारण अपने घर से बाहर रहते हैं, उनसे सम्पर्क करें और उन्हें अपने अधिकार के बारे में बताएं और उन्हें मतदान दिवस के दिन अपने घर आ कर पूरे परिवार के साथ मतदान देने का अपील करें। इसके अतिरिक्त बैठक में बताया गया कि अपने अपने मतदान केन्द्र का भौतिक सत्यापन कर ए.एम.एफ. सुविधा यथा- रौशनी, पेयजल, शौचालय, रैम्प, भवन की स्थिति, पहुंच पथ इत्यादि की भौतिक प्रतिवेदन अपने अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक रूप से उपलब्ध करायेंगे। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बी.एल.ओ. तथा बी.एल.ए. को ऑनलाइन के माध्यम से मतदाताओं को नाम जोड़ने, हटाने, संशोधित करने की जानकारी उपलब्ध कराना था।

## खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड के गांधी उच्च विद्यालय भेलवा सर्किल के खेल मैदान में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में तीन संकुल के छात्रों ने हिस्सा लिया जिसमें रजवाड़ा मधुबनी, गुरमिया तथा भेलवा सर्किल संकुल शामिल है। खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश सिंह काका तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक जफरूल हसन ने किया। अइस दौरान स्कूलों के बच्चों ने अपना दम खम दिखाते 60 ,100, 600 तथा 800 मीटर का दौड़ लगाया। जिसमें गांधी उच्च विद्यालय भेलवा सर्किल की छात्रा प्रीति कुमारी 100 मीटर, विभा कुमारी 600 मीटर तथा रितेश कुमार 60 मीटर का दौड़ लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को मुखिया प्रतिनिधि द्वारा प्रमाण पत्र तथा मेडल प्रदान किया गया।

CMYK

# किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें अधिकारी : डीएम

## खरीफ कर्मशाला- सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** नागरी प्रचारिणी सभागार, आरा में खरीफ कर्मशाला- सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया, जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने की। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित कृषि विभाग के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं प्रसार कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रखंड स्तरीय कर्मशाला- सह- प्रशिक्षण एवं पंचायत स्तरीय किसान चौपाल में उपस्थित किसानों से कृषि से संबंधित समस्याओं की चर्चा करें एवं सभी समस्याओं को संकलित कर जिला में उपलब्ध करायें ताकि किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने एवं अधिक से अधिक ईकेवाईसी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिहार कृषि प्रधान राज्य है। यहां किसानों की समस्याओं को सुने एवं समाधान करें। प्रखंड स्तरीय व पंचायत स्तरीय महिला संवाद एवं डॉ. अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान में जाकर योजनाओं की जानकारी दें एवं




समस्याओं का समाधान करें। जिला कृषि पदाधिकारी शत्रुघ्न साहू को निर्देश दिया कि खरीफ महाभियान- 2025 अंतर्गत विभिन्न फसलों की उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम का क्रियान्वयन करें। आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी शत्रुधन साहू ने खरीफ महाभियान 2025 अंतर्गत संचालित योजनाओं को पावर प्वाइंट के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने खरीफ मौसम में संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया एवं किसानों से आहवान किया कि किसान भाई अधिक से अधिक ऑनलाईन आवेदन करें एवं विभाग द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ले। साथ ही उन्होंने बताया कि 26 मई से 01 जून तक सभी प्रखंड मुख्य लय के प्रखंड कृषि कार्यालय में खरीफ कर्मशाला- सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अधिक से अधिक किसान भाग लें एवं योजनाओं के साथ-साथ तकनीकी जानकारी प्राप्त करें। सहायक निदेशक उद्यान, दिवाकर कुमार भारती ने उद्यान कार्यालय द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि किसान उद्यान से संबंधित योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रखंड में जाकर एवं जिला में उद्यान कार्यालय में आकर योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्राप्त कर सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित जानकारी एवं अनुश्रवण हेतु पटना से आए सहायक निदेशक (शष्य) रजनी सिन्हा ने फार्मर रजिस्ट्री में होने वाले समस्याओं एवं उनके निदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वयक को कार्य में तेजी लाने का निर्देश भी दिया।

## एनडीए कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गड़हनी (भोजपुर)।** ऑपरेशन सिंदूर के सफलता व जवानों के सम्मान में गड़हनी में एनडीए कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाला। यात्रा गुरुवार के शाम 6 बजे पुरानी बाजार शिव मंदिर से निकला व बाजार, स्टेट बैंक होते हुए गड़हनी स्टेशन तक गया। सभी कार्यकर्ताओं ने हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, पाकिस्तान होश में आओ के नारे लगा रहे थे। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार अरविंद सिंह एवं भाजपा नेता अरुण सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने जो कायराना हरकत किया है उसका जवाब हमारे देश के वीर जवानों ने घर में घुस कर दिया। यदि पाकिस्तान ऐसे ही छुपकर कायराना हरकत करते रहेगा तो हमारे सेना उसका मुड़तोड़ जवाब देगी। वक्ताओं ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने खुलेआम कहा है कि यदि बॉर्डर पर कोई भी हरकत पाकिस्तान करता है तो उसको मुंहतोड़ जवाब हमारी सेना देगी। इस मौके पर चंदन सोनी, धर्मेंद्र केशरी सहित सैकड़ों लोग तिरंगा यात्रा में शामिल रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिता बच्चों का बनाएगी सबल : प्रभारी डीईओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में मशाल खेलकूद कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य सरकार के निर्देशानुसार संकुल स्तरीय स्पोर्ट्स इवेंट का शुभारंभ जिले के आज के लिए अधिकृत प्रभारी डीईओ सह डीपीओ लेखा योजना अधिकारी दीपक कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किए। अतिथियों एवं संकुल से आए अन्य बच्चों का स्वागत करते हुए प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य भर में बिहार राज्य खेल प्राधिकार के महानिदेशक रवींद्रन शंकर के पत्रानुसार संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 22 से 24 मई के बीच होना है जिसमें स्कूल स्तर के विजेता भाग लेंगे। उसी क्रम में संकुल के बच्चों ने आज एथलेटिक्स के कई प्रतियोगिताओं में भाग लिए। प्राचार्य ने कहा कि खेलकूद का करिकुलम में समावेशन एक प्रभावी हस्तक्षेप है जिससे बच्चों में टीम वर्क, अनुशासन एवं बेहतर स्वास्थ के प्रति संचेतना जागृत होती है। आज के लिए अधिकृत डीईओ सह लेखा योजना के डीपीओ ने कहा कि जिले भर में सभी संकुल स्तर पर आज से मशाल कार्यक्रम आरम्भ हो गया है। डीपीओ ने अनुग्रह स्कूल एवं अन्य स्कूलों के बच्चों के चेहरे पर तरंगित खुशी को सरकार की सफलता बताया। खेल से रिश्ता जोड़ने की वकालत की एवं मोबाइल से दूर रहने की नसीहत दी। तीन दिवसीय मशाल कार्यक्रम के पहले



दिन संकुल के नोडल खेल शिक्षक योगेंद्र पाल ने 60 मीटर के लड़कियों के दौड़ से प्रतियोगिता का आरम्भ किया, जिसकी विजेता अनुग्रह स्कूल की सप्तम वर्ग की छात्रा रानी कुमारी बनी वहीं बालक संवर्ग के विजेता अनुग्रह स्कूल के ही राहुल कुमार बने। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बताया कि आज शुक्रवार को गेट स्कूल के मैदान में फुटबॉल एवं कबड्डी आदि की गतिविधियां संपन्न होगी। अंतिम दिन साइक्लिंग का इवेंट होगा। कार्यक्रम के दौरान पीएचईडी मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, कई घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोईलवर (भोजपुर)।** बक्सर-पटना फोरलेन पर अवस्थित गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर पुल के समीप ऑटो और ट्रैक्टर के जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के संबंध में मृतक का पड़ोसी मुकेश कुमार ने बताया कि गीधा थाना क्षेत्र के मटियारा गांव निवासी स्व महेंद्र महतो के पुत्र अवध महतो आरा से काम करके ऑटो से घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान कायम नगर पुल के समीप बालू लोड कर विपरीत दिशा से जा रही ट्रैक्टर ने आरा के तरफ से कोईलवर के तरफ आ रही सवारी से भरी ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि अवध महतो की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में सड़क पर शव के परखच्चे उड़



दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर एवं टैम्पू

गए। इस दौरान ऑटो में बैठे कुछ यात्री मामूली रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा भेज दिया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को भी इलाज के लिए भेजा गया।

## 28 तक लगेगा विशेष कैंप

**आरा (नबिटा ब्यूरो)।** मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान वंदन कार्ड से आच्छादित करने के संबंध में समीक्षात्मक बैठक की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने 26 मई से 28 मई 2025 तक पूरे जिले में विशेष कैंप के माध्यम से सभी पात्र लाभुकों को आच्छादित करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

## नाबालिग लापता, प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के भदवा बाजार में नाबालिग बच्ची के लापता होने पर मां कंचन देवी ने रफीगंज थाने में आवेदन देते हुए यह उल्लेख किया कि 19 तारीख को मेरी सात वर्षीय बच्ची पीहू कुमारी गायब है, मैंने बहुत खोजबीन किया तो पता चला कि मेरी गोतनी की बेटी छोटी कुमारी भदवा बाजार से लेकर कहीं चली गई है। काल्पनिक नाम बड़की कुमारी जो पूर्व में किसी लड़के के साथ 20 जनवरी को भाग गई थी। उसके माता-पिता ने रफीगंज थाना में भी पूर्व में केस किया था। इसके बाद घर पर आई तो एक महीना तक गांव में रही। उसके बाद हमारी छोटी बच्ची को लेकर वह कहीं चली गई। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# सड़क किनारे खड़े युवक को वाहन ने रौंदा, मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अज्ञात वाहन ने एक 36 वर्षीय युवक को रौंद दिया, जिसमें उसकी मौत हो गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अजरकवे हसौली के समीप एनएच 19 पर की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के यारी टोले मौला बिगहा निवासी नीतीश ठाकुर के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने पहुंचे जिला परिषद सदस्य अनिल कुमार ने बताया कि नीतीश अपने गांव से औरंगाबाद काम करने जा रहा था और सड़क के किनारे खड़ा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन उसे रौंदती हुई निकल गई जिसमें नीतीश गंभीर रूप से घायल हो गया और सड़क किनारे ही छटपटाने लगा। इसके बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद घटना की सूचना नगर थाना की पुलिस को दी गई। सूचना पर नगर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराई। इसके बाद परिजनों को सौंप दिया। जिला पार्षद अनिल कुमार ने कहा कि नीतीश के पिता की भी पूर्व में ही मौत हो चुकी है। नीतीश अपने घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उसके कमाई से घर के परिवार का भरण पोषण होता था। नीतीश की मौत से उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे अनाथ हो गए और पूरे परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने बताया कि जहां यह हादसा हुआ है, वहां सर्विस लेन बेहद ही खराब है और गड्ढे बने हुए है। संभवतः गड्ढे से बचने के लिए अज्ञात वाहन ने नीतीश को रौंद दिया होगा। उन्होंने कहा कि गड्ढे की वजह से यहां लगातार दुर्घटनाएं होते रहती हैं। इस संदर्भ में एनएच के अधिकारियों से बात की गई है, यदि सर्विस लेन दो दिनों के अंदर सही नहीं किया तो सड़क जाम कर आंदोलन किया जाएगा।

## महापुरुषों पर अभद्र टिप्पणी पर दो पक्ष भिड़े, युवक जख्मी

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** शहर की सब्जी मंडी में बुधवार की देर शाम सब्जी लेने गए एक युवक की लोगों ने जबरदस्त पिटाई कर दी। पिटाई से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जख्मी युवक की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भारथौली गांव निवासी शशिभूषण कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक जख्मी युवक ने कुछ महापुरूषों पर की जा रही अभद्र टिप्पणी का विरोध किया था। शशिभूषण ने बताया कि वह सब्जी मंडी में खरीदारी कर रहे थे। तभी पास के ठेले पर खड़ा एक व्यक्ति महापुरूषों के खिलाफ अभद्र बातें कर रहा था। इसका विरोध करने पर वहां मौजूद लोगों ने मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह घायल हो गया। कुछ देर के लिए सब्जी बाजार में अफरा-तफरी मच गई। दो गुटों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। किसी ने इसकी जानकारी फोन कर नगर थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते हैं पुलिस की टीम वहां पहुंची तथा मामले की छानबीन में जुट गई। इसके बाद घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

# शिक्षकों की गुटबाजी से परेशान विद्यार्थियों ने किया हंगामा

## प्रभारी बीईओ एवं अन्य अधिकारियों ने मामले को कराया शांत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कोईलवां गांव स्थित मिडिल स्कूल के छात्र- छात्राओं ने शिक्षिका कुमकुम कुमारी सहित विद्यालय में गुटबाजी करने वाले शिक्षकों को हटाए जाने की मांग लेकर विद्यालय परिसर में हंगामा किया। जानकारी के अनुसार जैसे ही इस बात कि जानकारी प्रभारी बीईओ व बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी सहित अन्य पदाधिकारियों को हुई, सभी कोईलवां पहुंचे और उपस्थित छात्र- छात्राओं सहित प्रभारी हेडमास्टर अफसाना खातून से पूरी जानकारी ली। अधिकारियों ने छात्र- छात्राओं को समझा बुझाकर शांत कराया। बताया जाता है कि चार शिक्षकों पर शिक्षा विभाग द्वारा स्थानीय लोगों द्वारा पठन- पाठन में रूचि नहीं लिए जाने



की शिकायत पर निलंबन की कारवाई की गई है। कार्रवाई होते ही गांव का एक गुट आक्रोशित होकर आंदोलन पर उतारू हो गए, जबकी शिक्षा विभाग को शिक्षकों द्वारा संतोषजनक जबाब नहीं मिलने पर शिक्षक शशिकांत कुमार, बैकुंठ कुमार, कुमारी पुष्पांजलि, योगेन्द्र प्रसाद के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसकी प्रतिक्रिया में ग्रामीण बच्चे शिक्षिका कुमकुम कुमारी सहित विद्यालय में गुटबाजी करने वाले शिक्षकों को हटाए जाने की मांग बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी व प्रभारी बीईओ अशोक कुमार से की है। बताया जाता है कि विद्यालय के शिक्षक जमकर राजनीति एवं गुटबाजी करते रहते हैं, जिसका परिणाम बराबर विद्यालय में देखने को मिल रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि पूर्व के सभी शिक्षकों को विद्यालय से दूर स्थानांतरित करने की मांग किया गया है। शिक्षक अलग-अलग गुट में बंटे हुए हैं। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया कि सभी बातों से जिला शिक्षा विभाग को अवगत करा दिया गया है। विभागीय कारवाई का आश्वासन मिला है।

## दुर्घटना में दो जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रायपुरा मोड़ के समीप बुधवार की रात अनियंत्रित बाइक ने सड़क किनारे पेड़ में टक्कर मार दिया, जिससे बाइक पर बैठे दो वर्षीय बच्चा समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों में रायपुरा भरथौली गांव निवासी सह खैराबिंद पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उदय पासवान के भतीजे सोनू कुमार एवं उन्हीं के घर का एक दो वर्षीय बच्चा शामिल है। दोनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। परिजनों ने बताया कि सोनू दो वर्षीय बच्चे के साथ बाइक से आ रहा था तभी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे दोनों घायल हो गए।

# भक्तिमय माहौल में हुई प्राण- प्रतिष्ठा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के थाना गली स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में स्थापना हेतू विग्रह के साथ शोभा यात्रा एवं नगर भ्रमण गाजे- बाजे के साथ कराया गया। शोभा यात्रा यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर सैकड़ों महिला पुरुष जयकारी लगाते थाना गली, बड़ी दुर्गा देवी स्थान, मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, महाराजगंज रोड, बस स्टैंड होते हुए यज्ञ मंडप पहूंचे। काशी के आचार्य राजेश मिश्रा, गिरीराम त्रिवेदी, अंगद पाण्डेय, अमित पुरोहित, धर्मेंद्र पाण्डेय, सुनील चौबे, नरेश शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा नवनिर्मित मंदिर में सभी प्रतिमाओं की प्राण- प्रतिष्ठा की गयी। आयोजक राजु गुप्ता ने बताया कि खड़ेश्वरी बाबा के बाबा के तत्वाधान में यज्ञ का शुभारंभ किया गया है। यज्ञ के यजमान दूर्गा प्रसाद, पिंकी देवी, अजीत उर्फ बिच्छा, रीता देवी, अजय गुप्ता, रिकी गुप्ता, शिवनंदन प्रसाद, शीला देवी, मुना कुमार, ममता कुमारी है। मौके पर रोहन गुप्ता, रोहित गुप्ता, अजीत कुमार, शिवनंदन प्रसाद, सूरज कुमार, साजन कुमार, दुर्गा साहू, भोली प्रसाद, कृष्णा कुमार, मयंक, किशु गुप्ता, दीपू गुप्ता, सूरज कुमार, सनी राज मानस, राहुल गुप्ता, शत्रुध्न शौंडिक, विष्णु शर्मा, कुणाल शर्मा, गोविंद कुमार, संजय कुमार उर्फ जोगी, चंदेश्वर भगत, सुमित, प्रकाश, सोनू, राहूल, अंकित, सचिन, संजय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# समर कैंप में बच्चों ने बनाये लाजवाब व्यंजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोईलवर (भोजपुर)।** राज्य कार्यालय, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद पटना के निर्देशानुसार विद्यालयों में बुनियादी संचार कौशल सीखने के लिए विद्यालय स्तर पर भारतीय भाषा आधारित समर कैंप का आयोजन 19 मई 2025 से सात दिनों की अवधि में किया जाना है। कैंप का मूल उद्देश्य, विद्यार्थियों के बीच आत्म परिचय, शब्दावली निर्माण, वास्तविक जीवन की बातचीत, प्रथाओं, संस्कृति की सराहना, सुदृढ़ीकरण और आत्मविश्वास निर्माण पर बच्चों का ध्यान केन्द्रित करना है। विभागीय निर्देशानुसार कोईलवर प्रखंड के मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदा काजीचक में जारी शिड्यूल के अनुसार गुरुवार को भारतीय भाषा पर आधारित समर कैंप का आयोजन किया गया। उद्घाटन सेवानिवृत्त शिक्षक व साहित्यकार, राजाराम सिंह 'प्रियदर्शी', संकुल समन्वयक, नीतेश्वर कुमार एवं विद्यालय के एचएम, डॉ. दया शंकर प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। कैंप में छात्र-छात्राओं के द्वारा तैयार किये गये लगभग 25 प्रकार के खाद्य, व्यंजनों का स्टॉल विद्यालय परिसर में लगाया गया। उपस्थित अभिभावक, अतिथि एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा सबसे पहले सभी स्टॉल पर जाकर बच्चों से उनके द्वारा तैयार किये गये व्यंजन के बारे में जानकारी ली गई और बच्चों द्वारा तैयार किये गये व्यंजनों की जानकारी दी गई। विद्यालय परिसर में एक मेला सा दृश्य दिख रहा था। समर कैंप में शिरकत कर



रहे सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने मनपसंद व्यंजन खरीद कर उसका स्वाद लिया और उसकी भरपूर सराहना भी की। समर कैंप में उत्सवपूर्ण माहौल देखने को मिला क्योंकि मौसम भी खुशनुमा था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका अर्चना कुमारी, कुमारी सुधा तिवारी, सुषमा गुप्ता, शालिनी, उषा कुमारी, विनिता कुमारी, रजिया खातून, सीमा कुमारी, छात्र-छात्रा रिया, अनुष्का, संजना, साहुल, रितेश, सपना, पार्वती आदि का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सुजीत कुमार, मोतीलाल प्रसाद, गोपाल जी, प्रदीप कुमार, संजय कुमार, कमाल अशरफ रिजवी, इन्द्रजीत, चंदन, सुनील, वैभव कुमार शर्मा, इमरान अहमद, कामरान खान, शहबाज अहमद, मिन्टू कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।


बिहार सरकार

**उत्पाद न्यायालय, वरीय उप समाहर्त्ता–सह–पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद**

(मद्यनिषेध कोर्ट–2)

**अति आवश्यक सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों में वाहन मालिकों एवं भूमि मालिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन तथा शराब बिक्री के आरोप में आपके वाहन/भूमि को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV तथा भूमि मालिकों से प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद नियमावली (संशोधित), 2022 के नियम 12(क) एवं बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद नियमावली (संशोधित), 2023 के तहत वाहन मालिक से प्रपत्र IV तथा भूमि मालिक द्वारा प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त वाहन/भूमि को छोड़ने का प्रावधान है।

उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि– **11.06.2025** को निर्धारित की गयी है।

**अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–**

| क्र0 सं0 | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | थाना काण्ड/ उत्पाद वाद सं0 | वाहन स्वामी का पूर्ण पता | जप्त वाहन/भूमि/सामग्री की विवरणी | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 47/25 | राजा राम साहु, पिता–स्व0 रामचन्द्र साहु, ग्राम–Church Road Dal, Near- Ranchi Tent, थाना–राँची, जिला–राँची, झारखण्ड, पिन–834001 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–1269/2024, दिनांक–22.12.2024 | Maruti Suzuki Alto Car, निबंधन संख्या– JH01K0021, चेसीस नं0– MA3EYD81S00426929, ईंजन नं0–F8DN4055374 | 11.06.2025 |
| 2 | 64/25 | योगेन्द्र राम, पिता– यामदेव राम, ग्राम–गोरडीह, पो0–गोरडीह, थाना–मोहम्मदगंज, जिला–पलामू, झारखण्ड, पिन–822120 | उत्पाद थाना औरंगाबाद, काण्ड सं0–1210/2025, दिनांक–06.12.2024 | TVS Apachi Motorcycle, निबंधन संख्या– JH14H1087, चेसीस नं0 MD634AE82L2H20278, ईंजन नं0– AE8HL2219245 | 11.06.2025 |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR- 004141 (Excise) 2025-26

**वरीय उप समाहर्त्ता–सह–पीठासीन पदाधिकारी, उत्पाद न्यायालय नं0–2, औरंगाबाद**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**



**Govt. of Bihar**

**URBAND DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
**OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PARISHAD AURANGABAD**

**Invitation for Bids**

**Short tender vide NIT No. 03/2025–26**

The Executive Officer, Aurangabad Nagar Parishad, Bihar invites online Tender in two bid system (Eligibility and Financial) on Engineering, Procurement and Construction (EPC) Mode basis from eligible firms/contractors of repute for the following work:

| NIT No. | Date: |
|---|---|
| Name of the Work | Design, Build, construct, install, and commissioning of Material Recovery Facility (MRF) and Waste to Compost Plant for dry waste/ fresh waste along with operation and maintenance of the plant for 5 years on EPC Mode. (MRF 10 TPD and 31 TPD Compost Plant) |
| Estimated Project Cost (In Cr) | Rs. 4. 9784104.00 |
| Bid Security/EMD (2%) | Rs. 995682 .00 |
| Cost of Bid Document | Rs. 10,000.00 |
| Plant Capacity (In TPD) | MRF 10 TPD and 31 TPD Compost Plant |
| Start of Bid/Downloading of RFP Document. | From 28.05.2025 (11.00 AM) www.eproc2.bihar.gov.in |
| Last Date of Online Bid Submission | 05-06-2025 Till 4.00 PM. |
| Period during which hard copies of documents shall be physically submitted. | 06-06-2025 Till 2.00 PM At Nagar Parishad office, Aurangabad |
| Time & date of online opening of documents. (Mandatory documents) Technical bid | 06-06-2025 Till 02.30 PM |
| Periods of Bids Validity | 120 Days |

The bid forms and other detail scan be seen& downloaded from the website portal https://www.eproc2.bihar.gov.in.

- Document fee is mandatory to be paid through online mode i.e. internet payment gateway (Credit/Debit Card), Net banking, NEFT /RTGS in favour of Executive officer Nagar Parishad Aurangabad.
- The RFP Maybe Postponed, modified or Cancelled at any time due to administrative reasons and No Claim shall be entertained on this account.

This information is available on **state.bihar.gov.in/prdbihar** also

PR- 04125 ( B & C ) 2025-26

**Executive Officer**
**Aurangabad Nagar Parishad**

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
**टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268**

# ‘हर घर नल जल’ बनी शोभा की वस्तु, नहीं मिल रहा पानी

## ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, किया विरोध प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** गर्मी का पारा चढ़ते ही मसौढ़ी के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों पानी के लिए त्राहिमाम हो रहा है। मुख्यमंत्री सात निश्चय के तहत नल जल का टावर जब हर गांव में लगा था तो लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब पानी की कोई भी समस्या नहीं होगी, लेकिन नल जल लगने के कुछ ही महीने बाद हर गांव में नल जल का टावर सफ़ेद हाथी साबित हो रहा है। ऐसे में इस भीषण गर्मी में गांव-गांव में नल जल पूरी तरह से यह सिस्टम फ़ेल होता दिख रहा है। ऐसे में मसौढी प्रखंड के भैंसवां पंचायत के वार्ड नंबर 1 के हसनपुरा गांव की यह तस्वीर है जहां पर लोगों को पानी नसीब नहीं हुआ है ऐसे में भीषण गर्मी में लोगों में पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और अब लोगों के अंदर गुस्सा पनप रहा है कि बराबर कभी मोटर खराब हो जा रहा है तो कभी पानी सप्लाई ही नहीं हो पा रही है। कई घरो तक नहीं पहुंच पा रही है। ऐसे में किसी तरह से दुर दराज से पानी लाने को विवश है, ऐसे में सैकड़ो महिलाओं ने हाथों में बाल्टी बर्तन लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए हर घर नल जल को दुरुस्त करने की मांग की है। आक्रोशित महिलाओं ने कहा कि नल जल सिर्फ शोभा की वस्तु बन गई है हमेशा मोटर खराब रहता है। हमारे घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों में मालती देवी, रजनी देवी, सुनैना देवी, रंजू देवी, चंदन कुमार, शक्ति कुमार, सोनू लाल साव, राजकुमार पासवान और राजकिशोर बिंद, मुन्ना बिंद अरविंद पाल आदि लोगों ने सरकार से मांग कर रहे हैं कि जल्द ही नल जल को दुरुस्त किया जाए नहीं तो मुख्य सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन और हंगामा करेंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

## पांच किमी तक की गई यात्रा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहटा।** गुरुवार को बिहटा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के सफलता के उपलक्ष में भव्य रूप से तिरंगा यात्रा निकला गया। जिसमे मुख्य अतिथि डॉ निखिल आनंद यादव भाजपा ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय महामंत्री, उमेश यादव मंडल महामंत्री, अनिल सिंह मुखिया, रामकुमार सिंह, राम प्रमोद सिंहपंकज सिंह, शंकर सिंह रामरेखा यादव बम बम सिंह एवं सभी ग्रामीण शामिल हुए। हाथों में तिरंगा झंडा लिए सभी लोगों ने करीब पांच किमी तक यात्रा निकला। यात्रा में वंदे मातरम, भारत माता की जय हो के नारों से पूरा गांव व गली कुंज उठा।

## एक नजर

### खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पहले मनरेगा खेल मैदान का हस्तांतरण और खेल प्रतियोगिता उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लालगंज सेहरा में आयोजित की गई। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी चितरंजन कुमार ने खेल मैदान और खेल सामग्री विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार मंगलम को सौंपा। इस नए खेल मैदान में बास्केटबॉल कोर्ट, बॉलीबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट और रनिंग ट्रैक जैसी आधुनिक सुविधाएं तैयार की गई हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, सभी मनरेगा कर्मी, पंचायत समिति सदस्य विमल यादव, पीआरएस गणेश कुमार, अभियंता सत्य प्रकाश चौधरी, पीटीए शिव शंकर कुमार और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बच्चों ने नए मैदान में उत्साहपूर्वक खेलों में भाग लिया। पालीगंज प्रखंड में कुल 16 जगहों पर मनरेगा खेल मैदान बनाए जा रहे हैं। इनमें लालगंज सेहरा, भेड़हरिया सियारामपुर, हबसापुर, अकबरपुर रानीपुर, आजदा सिकरिया, खनपुरा, चौरी, हरदिया बेदौली, ब्रह्मपुरा, कटका पैगंबरपुर, मेरा पतौना, माधवाँ मखमिलपुर, मुड़िका, चंढोस और सिंगोड़ी शामिल हैं।

### दो लापता छात्र बरामद

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रानीतालाब थाना से सटे एनएच 139 पर फ्लाई ओवर के समीप से दो युवा छात्रों के अगवा किए जाने का मामला उसके अभिभवकों ने दर्ज करायी थी। पुलिस ने दोनों छात्रों को बिहटा से बरामद किया है। लहलादपुर गांव के शेखराम ने रानीतालाब थाना में बुधवार को शिकायत दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि दोनों छात्रों को बिहटा रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया है।

# सड़क पर बालू गिराकर छोड़ देने वालों पर नगर प्रशासन ने की कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सड़क पर बालू गिराकर छोड़ देने वालों पर नगर प्रशासन कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। ऐसे में गुरुवार को मसौढ़ी मेंन रोड स्थित सिनेमा हॉल के ठीक सड़क के उस पर सड़कों पर कई दिनों से बालू गिराकर छोड़ देने के मामले में नगर प्रशासन ने बालू को जेसीबी से उठाकर उस बालू को जब्त करने की कार्रवाई की है और बालु मालिक का पता कर उसे नोटिस देने की कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल बताया जाता है कि सड़कों पर गिरा हुआ बालू बेतरतीब ढंग से सड़कों पर ही पसर गया था जिससे राहगीरों को तो परेशानी हो ही रही थी वही बाइक चलाने वाले को कई तरह के कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही थी। जिसको लेकर लगातार मिल रहे शिकायतों को देखते हुए गुरुवार को नगर प्रशासन एक्शन में आते हुए जेसीबी से बालू को उठाकर जब्त कर लिया है और उसके मालिक को नोटिस देकर जुर्माना रशीद करने की तैयारी में लगी हुई है। इसके अलावा आम आवाम से अपील की गई है की सड़कों के किनारे गिट्टी, और बालू गिराकर सड़क को अतिक्रमण न करें अन्यथा नगर प्रशासक द्वारा उनको जुर्माना लगाया जाएगा। नगर परिषद के रामाधार प्रसाद ने बताया कि सड़कों को अतिक्रमण करने, रास्ता अवरूध करने और आम जनता को परेशानी होने पर नगर प्रशासक लगातार कार्रवाई कर रही है।

# ओबरा में भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

## ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की सफलता पर गूंजे देशभक्ति के नारे, शहीद स्मारक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**ओबरा।** भारतीय सेना की सफलता को सलाम करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार की शाम ओबरा में ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की सफलता पर एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इस राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण यात्रा का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय मालाकार ने किया। तिरंगा यात्रा वृन्दावन वाटिका, बेल रोड से आरंभ होकर मुख्य बाजारों से होती हुई शहीद जगतपति कुमार स्मारक परिसर तक पहुंची। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और भारतीय सेना के जयघोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। शहीद स्मारक पर माल्यार्पण के साथ यह यात्रा शोभायात्रा में परिवर्तित हो गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय मालाकार के साथ जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, भाजपा नेता कौशिक दुबे, विजय निराला, अनिल मालाकार, अशोक शर्मा, रामस्वरूप जायसवाल, पप्पू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने इस दौरान कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब देकर देश की रक्षा में अपना पराक्रम साबित किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की सराहना करते हुए कहा कि अब आतंकियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। सरकार ने समय पर सटीक फैसला लेकर देश की बहन-बेटियों की सिंदूर की रक्षा की है। इस कार्यक्रम से पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं की एक संगठनात्मक बैठक वृंदावन वाटिका परिसर, बेल रोड में आयोजित की गई, जिसमें बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सभी निर्वाचित मंडल अध्यक्षों और जिले से पधारे वरिष्ठ नेताओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता देखने को मिली। यात्रा ने क्षेत्र में देशभक्ति और एकजुटता का संदेश दिया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### देश में 100 से अधिक...

वृद्धि हुई है। श्री मोदी ने कार्गो परिवहन को सुव्यवस्थित करने के लिए समर्पित माल गलियारों के तेजी से विकास और भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना के वर्तमान में जारी निर्माण का भी उल्लेख किया। इन प्रयासों के साथ-साथ, यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए 1,300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक रेलवे स्टेशनों का नाम अमृत भारत स्टेशन रखा गया है और ऐसे 100 से अधिक स्टेशनों का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इन स्टेशनों के अद्भुत परिवर्तन को देखा है, जो स्थानीय कला और इतिहास के प्रदर्शन के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने राजस्थान के मंडलगढ़ स्टेशन सहित महत्वपूर्ण उदाहरणों पर चर्चा की जो राजपूत परंपराओं की भव्यता को दर्शाता के साथ-साथ बिहार का थावे स्टेशन, मधुबनी कलाकृति के साथ माँ थावेवाली की पवित्र उपस्थिति को दर्शाता है। मध्य प्रदेश का ओरछा रेलवे स्टेशन भगवान राम के दिव्य सार को दर्शाता है, जबकि श्रीरंगम स्टेशन का डिज़ाइन श्री रंगनाथ स्वामी मंदिर से प्रेरणा लेता है। गुजरात का डाकोर स्टेशन रणछोड़राय जी को श्रद्धांजलि देता है, तिरुवन्नामलाई स्टेशन द्रविड़ वास्तुकला सिद्धांतों का पालन करता है और बेगमपेट स्टेशन काकतीय राजवंश की वास्तुकला विरासत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये अमृत भारत स्टेशन न केवल भारत की हजारों वर्ष पुरानी विरासत को संरक्षित करते हैं, बल्कि राज्यों में पर्यटन विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में भी कार्य करते हैं, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन होता है। उन्होंने लोगों से स्टेशनों की स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया क्योंकि वे ही इन बुनियादी ढांचे के असली मालिक हैं।

### चौथे चरण में 1.60 लाख...

ने कहा कि विभाग ने अनुकंपा के आधार पर नियुक्तियों के लिए नियमावली को अंतिम रूप दे दिया है। इसके तहत 6,421 पदों पर उन परिवारों के योग्य सदस्यों को नौकरी दी जाएगी, जिनके मुखिया की सेवा के दौरान मृत्यु हो गई हो। इसकी प्रक्रिया जुलाई तक शुरू कर दी जाएगी। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को महिला शिक्षकों के मातृत्व अवकाश से जुड़ी समस्याओं को हल करने के निर्देश दिए हैं।

### बिहार में 17 एसडीओ...

एसटीएफ, निगरानी, साइबर क्राइम सहित अन्य इकाईयों में तैनात किए गए हैं। सुपौल, नवगछिया, सारण, सहरसा समेत कई जिलों में नए यातायात/साइबर क्राइम डीएसपी की तैनाती कई गई है। वहीं, निलंबन से लौटे कमलाकांत प्रसाद को एससीआरबी में सीनियर डीएसपी बनाया गया है। विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार विकास केशव को ईओयू, पटना, रौली कुमारी को बि.वि.स.पु. (महिला), सासाराम, सदानंद कुमार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना, अभिजीत अलकेश को ईओयू, पटना, निशांत गौरव को साइबर क्राइम डीएसपी, खगड़िया, मिथिलेश कुमार को ईओयू, पटना, दीपक कुमार को डीआईजी कार्यालय, भागलपुर, रिशिता स्नेह को निगरानी ब्यूरो, पटना, अविनाश कुमार कश्यप को साइबर क्राइम डीएसपी, बक्सर, गौरव गुप्ता को साइबर क्राइम डीएसपी, सुपौल, सुमित शेखर को विशेष कार्यबल, पटना एवं अपूर्वा को बिहार स्वाभिमान विशेष सशस्त्र पुलिस बल, वाल्मीकि नगर भेजा गया है। वहीं शिप्रा राजपूत को तकनीकि सेवाएं डीएसपी, पटना, संदीप कुमार को विशेष शाखा, पटना, विनय कुमार को मुख्यालय-2 डीएसपी, सीतामढ़ी, स्नेह सेतु को साइबर क्राइम डीएसपी, भोजपुर, ओम प्रकाश को यातायात डीएसपी, सहरसा, संतोष कुमार पासवान को यातायात डीएसपी, सारण, मो. इश्तेखार अहमद अंसारी को मुख्यालय डीएसपी, बेगूसराय, कंचन राज को रेल डीएसपी, पटना, श्वेता कुमारी को मुख्यालय 1 डीएसपी, रोहतास, सुनील सक्सेना को डीआईजी कार्यालय, डिहरी ऑन-सोन, अभिषेक कुमार को बि.वि.स.पु.-4, डुमरांव, अभिषेक को साइबर क्राइम डीएसपी, नवगछिया (अतिरिक्त प्रभार-यातायात डीएसपी, नवगछिया), बबली कुमारी को बि.वि.स.पु. (महिला), सासाराम, नीतू सिंह को मद्यनिषेध, अपराध अनुसंधान विभाग, पटना, रवि रंजन को डीआईजी कार्यालय, दरभंगा, रीता कुमारी को बिहार स्वाभिमान विशेष सशस्त्र पुलिस बल, वाल्मीकि नगर, कमलाकांत प्रसाद को सीनियर डीएसपी, एससीआरबी एवं आधुनिकीकरण, सुधीर कुमार को डीएसपी (रक्षित), अररिया, प्रेम सागर को अपर डीएसपी, यातायात, वैशाली, अभय कुमार रंजन को बि.वि.स.पु-6 डीएसपी, मुजफ्फरपुर, प्रशांत कुमार को यातायात डीएसपी, पटना, अमित कुमार को विशेष कार्यबल, पटना, पंकज कुमार को विशेष कार्यबल, पटना, अमित कुमार को बेनीपट्टी (मधुबनी) में एसडीपीओ के पद पर तैनात किया गया है। इसी प्रकार चंदन कुमार को औरंगाबाद सदर का एसडीपीओ-2, संजय कुमार वर्मा को विशेष निगरानी इकाई, पटना, निशिकांत भारती को बि.वि.स.पु.-6, मुजफ्फरपुर, संतोष कुमार को एसडीपीओ, चकिया (मोतिहारी), ओम प्रकाश सिंह को मद्य निषेध अपराध अनुसंधान विभाग, पटना, राजू कुमार सिंह को एचक्यूआरटी, पुलिस मुख्यालय, मिथिलेश कुमार सिंह को डीएसपी (रक्षित), गया, मनोज कुमार को बि.वि.स.पु.-14, पटना, अबूसैफी मूर्तजा को विशेष कार्यबल, पटना, विनोद कुमार को विशेष कार्यबल, पटना, विजय कुमार चौरसिया को केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), पटना, सुबोध कुमार-1 को केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), पटना, दीपक कुमार यादव को सीटीएस, नाथनगर, मदन प्रसाद को बि.वि.स.पु.-6, मुजफ्फरपुर, संजीव शेखर झा को प्रशिक्षण कार्यालय, पटना, रानी कुमारी को प्रशिक्षण कार्यालय, पटना, रमेश प्रसाद सिंह को विशेष शाखा, पटना, सुरेश प्रसाद को ईओयू, पटना, अलय वत्स को विशेष निगरानी इकाई, पटना, अशोक कुमार झा को विशेष निगरानी इकाई, पटना, संजय कुमार सिन्हा को विशेष शाखा, पटना, शंभुनाथ को विशेष शाखा, पटना, रमेश कुमार मिश्रा को मद्य निषेध, अपराध अनुसंधान विभाग, पटना, गौरी कुमारी को एसडीपीओ-2, सीवान सदर एवं राजेश कुमार को गोपालगंज सदर का एसडीपीओ-2 बनाया गया है।

# दरभंगा मेडिकल कॉलेज में ‘उपस्थिति एवं संचार प्रबंधन प्रणाली’ लागू

## अब छात्रों की उपस्थिति, कक्षा रद्द होने और परीक्षा परिणाम की जानकारी मोबाइल पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** बिहार के प्रतिष्ठित दरभंगा मेडिकल कॉलेज, लहेरियासराय में शिक्षा क्षेत्र में एक डिजिटल पहल की शुरुआत करते हुए औपचारिक रूप से ’उपस्थिति एवं संचार प्रबंधन प्रणाली (अटेंडेंस एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट सिस्टम) शुरू किया गया। यह तकनीकी व्यवस्था अब कॉलेज के छात्रों की उपस्थिति, कक्षा की समय-सारणी, परीक्षा परिणाम और अन्य शैक्षणिक सूचनाओं को डिजिटल माध्यम से छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों तक तुरंत पहुंचाएगी। दरभंगा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अल्का झा ने बताया कि वर्ग में छात्रों की लगातार अनुपस्थिति को देखते हुए ’उपस्थिति एवं संचार प्रबंधन प्रणाली’ लागू की है और इसके माध्यम से उन्होंने अनुपस्थिति की सूचना छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों तक भेजना शुरु किया जिससे उपस्थिति में देखते-देखते कुछ ही दिन में 95% तक सुधार हो गया है। अब सभी वर्ग छात्र-छात्राओ से भरा रहता है। यह प्रणाली कॉलेज में पारदर्शिता बढ़ाने, प्रशासनिक प्रक्रिया को सरल बनाने और सभी छात्रों एवं शिक्षकों को समय पर सटीक सूचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लागू की गई है। उन्होंने बताया कि छात्रों की अनुपस्थिति सबसे बड़ी परेशानी बनी थी अब यह समस्या दूर हो गई है। उन्होंने बताया कि अब छात्रों की अनुपस्थिति, कक्षा रद्द होने, समय में बदलाव या परीक्षा परिणाम की घोषणा जैसी महत्वपूर्ण जानकारी तत्काल व्हाट्सऐप और ईमेल के माध्यम से संबंधित छात्र व अभिभावकों को प्राप्त होगी। इससे अनुशासन, भागीदारी और जिम्मेदारी- तीनों पहलुओं में सकारात्मक सुधार होगा। डॉ झा ने प्रणाली की मुख्य विशेषताएँ बताते हुए कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति ट्रैकिंग से छात्र और शिक्षक की हर कक्षा की उपस्थिति फ़ेस रिकॉग्निशन से ही बन जाया करेगी और एसएमएस व ईमेल अलर्ट से अनुपस्थिति की स्थिति में अभिभावकों को तुरंत सूचना मिलेगी।

उन्होंने बताया कि स्मार्ट टाइम टेबल की सुविधा स्वचालित रूप से ईमेल और मोबाइल पर अपडेट छात्र और शिक्षक को मिलेगा और परीक्षा परिणाम की सूचना भी छात्रों और अभिभावकों को सीधे भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित एसएमएस से त्वरित संचार सुविधा प्राप्त होगी। इस डिजिटल सिस्टम में विशेष रूप से तैयार एसएमएस टेम्पलेट्स के माध्यम से दैनिक अनुपस्थिति सूचना, 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति की चेतावनी, कक्षा रद्द या पुनर्निर्धारण, परीक्षा परिणाम उपलब्धता, शिक्षक उपस्थिति रिपोर्ट आदि की स्वतः संदेश भेजे जाते हैं। इस तंत्र से सूचना देने में कोई विलंब नहीं होता और संवाद प्रणाली अधिक सुदृढ़ बनती है। प्राचार्य डॉ. अल्का झा ने बताया कि इस प्रणाली के लागू होने के बाद उपस्थिति ट्रैकिंग की प्रक्रिया में 95% तक सुधार हुआ है।उन्होंने बताया कि 95% तक छात्रों की उपस्थिति बढ़ी है। पहले जो छात्र कक्षाओं से बचते थे, अब नियमित रूप से समय पर कक्षाओं में आ रहे हैं। क्योंकि अनुपस्थिति पर तत्काल व्हाट्सऐप उनके अभिभावकों तक पहुँचता है, जिससे छात्रों में जिम्मेदारी बढ़ी है।

# तीन दशक पुराने डकैती मामले में दोषी को पांच साल कैद और जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज अष्टम मनीष जायसवाल ने ओबरा थाना कांड संख्या 132/95, एस.टी.आर-259/96, 245/24 के सजा बिंदु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त अमित कुमार सिंह, भीखनपुर चंदोती, गयाजी को भादंवि की धारा 393 के तहत पांच साल की सजा और पांच हजार रुपए जुर्माना किया है। अमित कुमार सिंह को 16 मई 2025 को डकैती के प्रयास के आरोप में दोषी ठहराया गया था और उसे जेल भेज दिया गया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से एपीपी प्रदीप कुमार सिंह ने पैरवी की। यह मामला करीब तीन दशक पुराना है, जो अब न्यायालय में अंतिम चरण में पहुंचा है। कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए कड़ी सजा सुनाई है।

# शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**बारून।** शराब के बारुण पुलिस द्वारा एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए धंधेबाज की पहचान थाना क्षेत्र के मोहनगंज निवासी अजय कुमार के रूप में की गई हैं। इसके पास से 65 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है और एक बाइक जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र के न्यू एरिया से एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया हैं। पूछताछ में उसने बताया कि ये शराब थाना क्षेत्र के इंग्लिश के संजय पासवान से खरीद कर ला रहा है। इस मामले में संजय पासवान के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत अजय कुमार को जेल भेजा दिया गया।

# दारुल उलूम मुहम्मदीय मदरसा केराप से चार बच्चे भागकर पहुंचे स्टेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** थानांतर्गत केराप गांव स्थित दारुल उलूम मुहम्मदीयो मदरसा से नन्हें चार फरिस्ते भागकर अपने घर जाने वास्ते रफीगंज स्टेशन प्लेटफार्म सं. 5 पर पहुंच गए। जहां आरपीएफ ने बच्चो को संदिग्ध स्थिति में देखकर अपने संरक्षण में लिया और औरंगाबाद के एनजीओ द्वीप ज्योति सौपा गया। एनजीओ सक्रिय कर्मियों ने चारो बच्चो को सीडब्ल्यूसी में प्रस्तुत किया जहाँ से बालको के सर्वोतम हित में बालगृह मंडि वृहद आश्रय गृह में आवासित कराया गया। छानबीन चल रही है इसके बाद आवश्यक कारवाई की जा रही है। आरपीएफ ने सीडब्ल्यूसी को दिए गए आवेदन में बताया है कि गश्ती के दौरान प्लेटफार्म संख्या-1/2, 3/4 चार नाबालिग बच्चे अपने पीठ पर काला रंग का पिट्ठू बैग लेकर संदिग्ध अवस्था मे घूम रहे थे। जिन्हें पकड़कर आरपीएफ लाया गया। पूछताछ करने पर सभी बच्चे रोते हुए बताया कि हम लोग दारुल उलूम मुहम्मदीया मदरसे केराप से भागकर अपने घर अररिया (बिहार) जा रहे हैं। सभी बच्चो ने नाम और पता बताया जो इस प्रकार है। 1- मो0 मुशरफ जिला-अररिया, मो हसनैन, अरररिया, दिलजान, अररियों (बिहार), मो. कैफ अररियाँ बिहार है।

# एयरपोर्ट निर्माण का डीएम ने लिया जायजा

**बिहटा।** पटना जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह के द्वारा बिहटा में बने वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के नए टर्मिनल भवन के निर्माण को लेकर तैयारी का निरीक्षण किया।इस दौरान दानापुर एसडीएम दिव्या शक्ति सहित एयरपोर्ट अथॉरिटी के तमाम आलाधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। पटना डीएम ने बताया कि आगामी 29 मई को बिहटा में बने वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का शिलान्यास देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया जाएगा। जिसको लेकर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन के निर्माण को लेकर तैयारी का जायजा लिया गया है।

# एससी-एसटी व अति पिछड़े वोटरों के बिदकने से परेशान है राजद : संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि एससी, एसटी और अति पिछड़े वोटरों के बिदकने से राजद की परेशानी बढ़ गई है। बिहार में हुए जातीय सर्वेक्षण को फर्जी और सेल्फ रिपोर्टिंग बता कर राहुल गांधी ने न केवल बिहार के पिछड़ों, अति पिछड़ों का अपमान किया बल्कि श्रेय लेते नहीं थकने वाले राजद के राजनीतिक पलीते को ही सुलगा दिया है। श्री सुमन ने कहा कि दलित, वंचित व अतिपिछड़ों का एक मात्र हितैषी एनडीए है। एनडीए ने ही बिहार में पंचायत व निकाय चुनाव में अति पिछड़ों को 20 फीसदी आरक्षण दिया। जिसकी वजह से आज बड़ी संख्या में निचले स्तर पर जनप्रतिनिधि जीत कर आ रहे है। इससे न केवल सत्ता में उनकी हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है, बल्कि उनका लोकतांत्रिक सामाजिक सशक्तिकरण भी हुआ है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार ने ही तेली, हलुवाई जैसी जातियों को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल कर उन्हें आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया, जिससे आज उनकी राजनीतिक सहभागिता सुनिश्चित हुई है। एनडीए सरकार के प्रयासों से अति पिछड़े समाज का विकास में भागीदारी बढ़ी है। राजद, कांग्रेस ने जहां मृत्यु के 36 वर्षों तक जननायक कर्पूरी ठाकुर को उपेक्षित किया वहीं केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें पिछले साल भारत रत्न देकर अति पिछड़े समाज को सम्मानित किया। श्री सुमन ने कहा कि ‘सबका साथ, सबका विकास‘ के मूल मंत्र के साथ काम करने वाली एनडीए सरकार पर एससी, एसटी व अति पिछड़ों का पूर्ण विश्वास है। राजद-कांग्रेस के आतंक और दहशत भरे शासनकाल को बिहार का दलित, अतिपिछड़ा समाज आज भी नहीं भूला है।

# क्रेटा कार और ऑटो से 600 लीटर देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एक्साईज पुलिस ने पुनपुन बांध के पास से एक सफ़ेद रंग की महंगी क्रेटा कार में लदे पॉलिथीन में भरे हुए 300 देसी शराब और ऑटो में लदे हुए 300 देसी शराब के साथ दो को गिरफ्तार किया गया है। एक्साईज सुपरीटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि बेहरावां चकिया से ऑटो पर लदे हुए पॉलिथीन भरा हुआ देसी शराब पटना की ओर जा रहा था जिसे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक का नाम नीतीश कुमार उम्र 25 वर्ष पिता भूषण पंडित धनौत फुलवारी शरीफ करने वाला है। वही एक महंगी सफ़ेद रंग की क्रेटा कार जिसमें 300 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। जिसमें पवन कुमार पिता कामेश्वर प्रसाद मुरारचक नहर को गिरफ्तार किया गया है यह दोनों शराब धंधेबाज शराब की सप्लाई के कार्य में लिप्त मे थे। अब शराब धंधेबाज देसी शराब को भी महंगे कार से डिलीवरी कर रहे हैं गांव से लेकर शहर तक अवैध देशी शराब की डिमांड बढ़ने लगी है लगातार एक्साइज पुलिस की कार्रवाई चल रही है।

# नमस्ते योजना के तहत जिले के चयनित डेटा ऑपरेटर के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** नमस्ते योजना के अंतर्गत गुरुवार को भारती सेवा सदन ट्रस्ट कार्यालय प्रांगण में आयोजित बैठक में चयनित डेटा ऑपरेटर स्टाफ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डॉ राम नारायण भारती ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ राम नारायण भारती ने कहा कि इसके लिए शुक्रवार को भी नगर परिषद द्वारा कार्य को बताया जाएगा। नमस्ते योजना के तहत कचरा ढोने वाले कर्मचारी को वित्तीय वर्ष 2024-25 से योजना के तृतीय घटक के रूप में सम्मिलित किया है। इसका उद्देश्य कचरा संग्रह, पुर्नप्राप्ति एवं पुनर्चक्रण में उनके योगदान को पहचानना एवं उन्हें सशक्त बनाना है। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के नवीनतम निर्देशों के अनुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में संलग्न औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों प्रकार के वेस्ट पीकर्स की प्रोफाइलिंग एवं सत्यापन किया जाना अनिवार्य है, ताकि इनकी स्टीक गणना की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### जेल गेट से फरार कैदी गिरफ्तार

**बेतिया/मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** न्यायालय में पेशी के बाद जेल ले जाने के दौरान जेल गेट के समीप सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर हथकड़ी सहित फरार कैदी व्यास कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार की सुबह उसकी गिरफ्तारी हुई। पुलिस हथकड़ी भी बरामद कर ली है। वह धनकुटवा गांव का रहने वाला है।बताया जाता है कि पूर्व उपमुखिया धनकुटवा निवासी अमरेंद्र मिश्र व ग्रामीणों के सहयोग से फरार कैदी व्यास कुमार मझौलिया थाना में सरेंडर किया। उसके हाथ में ही हथकड़ी लगी थी। कालीबाग थानाध्यक्ष विवेक बालेंदु ने बताया कि फरार कैदी व्यास कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दे कि मझौलिया पुलिस पोक्सो एक्ट के मामले में धनकुटवा निवासी व्यास कुमार को गिरफ्तार की थी। मंगलवार को कोर्ट में पेशी के बाद उसे जेल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान जेल गेट के समीप सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर वह फरार हो गया था। इस मामले में गृहरक्षक के बयान पर उसके खिलाफ कालिबाग थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### विभिन्न मामलों के 16 आरोपित गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न थाने की पुलिस बुधवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 16 आरोपितों को गिरफ्तार की है। पुलिस के मीडिया सेल प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस से की ओर से की गई कार्रवाई में दो वारंटी समेत 16 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से 10 की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतिय पांच वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इनमें से 15 को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 132 लीटर 460 मिलीलीटर शराब जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से एक लाख 40 हजार पांच सौ रुपये जुर्माना वसूल की है।

### दुर्घटना में दूल्हा दुल्हन सहित पांच घायल

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के जौकटिया चौक के समीप एनएच 727 की है जहां मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रुबडी से बुधवार को बरात लालसरैया कठहीया बरात आया था।जो गुरुवार को अहले सुबह करीब 5 बजे लडकी विदाई होकर ससुराल जा रही थी।तभी जौकटिया ग्रामीण बैंक के पास अनियंत्रित पिकअप ने टकर मार दिया।जिसमें दूल्हा और दुल्हिन सहित पांच घायल हो गए हैं।सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जीएमसीएच भेजा।एवं दूल्हे की गाड़ी एवं पिकअप को जब्त कर थाना लाया।घायलों में दूल्हा रुपम कुमार जिसका पैर टूट गया है वही दुल्हन सोनी कुमारी,दुल्हन का भाई उपेंद्र कुमार,दूल्हा का बहनोई रोहित कुमार ड्राइवर लवकुश कुमार एवं अभिषेक कुमार गम्भीर रुप से घायल हो गए हैं।सभी घायलों का इलाज जीएमसीएच में चल रहा है।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ने बताया कि सभी घायलों को जीएमसीएच में इलाज हेतु भेज दिया गया है।दूल्हा की गाड़ी एवं पिकअप को जब्त कर लिया गया है।पिकअप चालक फरार है।आवेदन मिलने पर अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी।

### मारपीट में तीन पर केस

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना के सुखलही में मारपीट कर युवक को घायल कर देने के मामले में केस दर्ज की गई है। घायल युवक के पिता कमरूल होदा ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि उनका लड़का अबूलेश विगत 17 मई को शौच के लिए खेत में गया था। घर लौटने के दौरान छेदी यादव, जीतेंद्र यादव भगत यादव ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिए। मैनाटांड़ थानाध्यक्ष राणा प्रसाद ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### दवा दुकान से लाखों की चोरी

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के जौकटिया चौक पर अज्ञात चोरों के द्वारा सम्मा ड्रग दवा की दुकान का सटर का ताला काटकर लगभग 6 से 7 लाख रुपए की दवा सहित 45 हजार रुपए नगद,लैपटॉप और अन्य सामग्री की चोरी की घटना को अंजाम दिया है।मामले में पीड़ित फिरोज आलम ने बताया है कि बुधवार की रात करीब 9रू00 दुकान बंद करके घर चला गया।जब सुबह करीब 6 बजे दुकान खोलने आया तो देखा कि उसकी दुकान की ताला तोड़ी गई है और दुकान में रखे हुए नगद रुपए सहित लैपटॉप अन्य सामग्री सहित लगभग 6 से 7 लाख रुपए का दवा भी चोरी कर ली गई है।जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई है।वहीं सूचना पर पहुंची मझौलिया पुलिस ने मामले की जांच में जुट गई है।मामले में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ने बताया कि पीड़ित फिरोज आलम के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है।पुलिस पदाधिकारी को घटना स्थल भेज कर जांच कराया गया है।अनुसंधान जारी है।

### हत्यारोपितों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने जयमंगलापुर गाव में हुई एक विवाहिता की हत्या मामले में फरार चल रहे एक ही परिवार के सात नामजद अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार चस्पाया है। गुरुवार को शिकारपुर पुलिस ने डुगडुगी बजाते हुए आरोपितों से घर पहुचीं और उनके घर पर इश्तेहार चस्पाया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि जयमंगलापुर गाव में दहेज को लेकर एक विवाहिता की हत्या कर दी गई थी। मामले में मृत जुबैदा खातून के पिता मंसूर मियां ने मृतका के पति नजारुल मियां, स्वसुर हारून मियां समेत एक ही परिवार सात लोगो को नामजद किया है। हालांकि की घटना के बाद से सभी फरार चल रहे है। उन्होंने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर न्यायालय द्वारा इश्तेहार निर्गत हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार आरोपितों के घर पर इश्तेहार चस्पाया गया। इसके बाद दिए भी अगर उनकी गिरफ्तारी नही होती है तो उनके घर की कुर्की की कार्यवाई की जाएगी।

### सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईसीडीएस परिसर में पोषण भी पढ़ाई भी योजना के तहत आयोजित सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षक सीडीपीओ कुमारी सुचेता ने सेविकाओं को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि जीरो से 3 वर्ष के बच्चों के पोषण हेतु उनके माता-पिता को जागरूक करें ताकि बच्चों का सही पोषण हो सके। उन्होंने विकलांग बच्चों के विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों की भी जानकारी सेविकाओं को दी। सीडीपीओ ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण में सेविकाओं को विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई तथा खेल के माध्यम से उनका कैसे सृजनात्मक तथा बौद्धिक विकास हो इस पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के उपरांत बच्चों के बीच दवा उपलब्ध कराने हेतु सेविकाओं के बीच दवा वितरण किया गया। सेविकाओं को महिला पर्यवेक्षिका बबीता कुमारी, अंजुम आरा, रूपम कुमारी और प्रीति कुमारी भी प्रशिक्षण दि। मौके पर प्रथम एजुकेशन से नीरज चौधरी नेहा कुमारी, निंकी कुमारी उपस्थित थी।

# 12 करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ

## सांसद और विधायक ने किया शिलान्यास



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सड़क और पंचायत भवन जैसी विकास योजनाओं की शुरूआत हुई। गुरुवार को 10 नई सड़कें और 3 पंचायत सरकार भवनों का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया है। कार्यक्रम में सांसद डॉ. संजय जायसवाल और विधायक उमाकांत सिंह समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इन योजनाओं पर लगभग 12 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। सिरसिया, रानीपुर रमपुरवा, बेतिया डीह, उत्तरी घोघा और लोहियरिया पंचायत में इन योजनाओं की शुरूआत की गई।सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि एनडीए की सरकार हर गांव को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम कर रही है, ताकि लोगों को आने-जाने में आसानी हो।विधायक उमाकांत सिंह ने कहा कि अब हर पंचायत में पंचायत सरकार भवन बन रहा है, जिससे लोगों को अपनी समस्याएं गांव में ही हल कराने में मदद मिलेगी।इस मौके पर विभय रंजन चौबे, मंकेश्वर दुबे, रामप्रवेश सिंह, चंद्रभूषण राय, फुनि राय, शिवम् कुमार, संजय राय, अरुण ओझा, झुन्नू तिवारी, अनिल कुंवर, अनिल गुप्ता, अर्जुन पटेल और पप्पू गिरी मौजूद थे।

# बाढ़ से पहले तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे डीएम

## आपदा प्रबंधन शाखा का किया औचक निरीक्षण



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाढ़ की संभावित आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। गुरुवार को जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने जिला आपदा प्रबंधन शाखा का औचक निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए ताकि आपदा से पहले सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं।डीएम ने आपदा शाखा में रखे पॉलिथीन सीट्स और लाइफ जैकेट्स की उपलब्धता की जानकारी ली और निर्देश दिया कि सभी अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी आपसी समन्वय से इनकी पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने नाविकों के साथ अनुबंध (एकरारनामा) की स्थिति की समीक्षा के लिए भी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया। बाढ़ के दौरान किसानों को राहत देने हेतु आकस्मिक फसल योजना से जुड़ी जानकारी को जिला कृषि पदाधिकारी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी सुनिश्चित करने हेतु सड़कों के वेंट की सफाई की रिपोर्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल-1 और 2 तथा पथ निर्माण विभाग से मांगी गई है।जानवरों के लिए चारा एवं पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में जिला पशुपालन पदाधिकारी से विस्तृत जानकारी ली जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन विभाग सिवान एवं सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।इस संदर्भ में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि बाढ़ जैसी आपदा से निपटने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों को समुचित दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं।

# पहले ही प्रयास में पाई सफलता, बने सभी के प्रेरणा स्त्रोत

## सीनियर आईएएस अफसर बनने की राह बताई, बच्चों को दिए सफलता के टिप्स







**कृष्ण मुरारी पांडेय /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।**

**सीवान।** जीरादेई प्रखंड के पथारदेई स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में रविवार को यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में एआईआर 545 प्राप्त करने वाले डॉ. आदित्य कुमार सिंह के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. सिंह ने यह उपलब्धि अपने प्रथम प्रयास में हासिल की, जिससे वे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए हैं। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई, जिसके बाद उन्होंने छात्रों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ अपने अनुभव साझा किए बल्कि वढरउ और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने के लिए उपयोगी टिप्स भी दिए।

**'धैर्य और निरंतर अभ्यास ही है सफलता की कुंजी'**

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के शिक्षक ऋतिक राज ने डॉ. सिंह से उनके संघर्ष, दिनचर्या और रणनीति को लेकर कई सवाल पूछे। डॉ. सिंह ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई के प्रति अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ तैयारी की। उन्होंने छात्रों को समय प्रबंधन, सही मार्गदर्शन, और आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह दी। छात्रों ने भी उनसे उत्साहपूर्वक सवाल पूछे, जिनके जवाब डॉ. सिंह ने बेहद सहजता से दिए। विशिष्ट अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थितिकार्यक्रम में डी.आई.एम.एस. की प्रधानाचार्य श्रीमती रिंकू कुमारी एवं डी.सी.ओ.पी. के प्रधानाचार्य डॉ. एस. गोस्वामी ने भी अपने विचार साझा किए और डॉ. सिंह को बधाई दी। दोनों अतिथियों ने छात्रों को उनके पदचिह्नों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

**'डिवाइन ग्रुप' को मिली एक और उपलब्धि'**

कार्यक्रम के अंत में डिवाइन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष सुभाष चंद प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह स्कूल के लिए गर्व की बात है कि यहां से पढ़े छात्र अब राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही।इस मौके पर स्कूल की प्रिंसपल शिवानी विक्रम, एडमिन ऑफिसर शशि कुमार, डॉ गणेश दत्त पाठक व अन्य शिक्षकगण, अभिभावक, और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी ने डॉ. आदित्य कुमार सिंह को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संचालन शिक्षक अनिल शर्मा ने किया।

# पटना हाईकोर्ट के आदेश पर पांडेय छपरा में बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया





**एकमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना उच्च न्यायालय के आदेश व जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश पर एकमा प्रखंड के आमडाढ़ी पंचायत स्थित पांडेय छपरा गांव में अंचल प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। अंचलाधिकारी राहुल शंकर ने भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमित जमीन को कब्जा मुक्त कराते हुए बुलडोजर चलवाया। यह कार्रवाई पांडेय छपरा निवासी रविंद्र कुमार पांडेय द्वारा पटना उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर पारित आदेश के आलोक में की गई। भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई सड़क को हटाया गया। अंचलाधिकारी ने अमीनों की मदद से भूमि की मापी कराई, जिसके बाद कार्रवाई की गई। इस संबंध में रिपोर्ट जिलाधिकारी को समर्पित कर दी गई है। भूमि स्वामी रविंद्र कुमार पांडेय ने मापी प्रक्रिया पर असंतोष जताया है। वहीं सीओ राहुल शंकर ने कहा कि अगर किसी को मापी पर असंतोष हो, तो वह अनुमंडल कार्यालय के अमीन से दोबारा मापी करवा सकता है, इसके लिए वह स्वतंत्र है। इधर दलित बस्ती के लोगों ने विरोध जताते हुए कहा कि जिस रास्ते का अतिक्रमण कहकर हटाया गया, वह वर्षों से उनके आने-जाने का मार्ग था।

# एसडीएम ने की आपूर्ति अनुश्रवण समिति की बैठक



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ट में गुरुवार को आपूर्ति अनुश्रवण समिति की एक बैठक अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। बैठक के दौरान आपूर्ति से संबंधी कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान राशन में घटतौली, गोदाम में राशन देरी से पहुचने व राशन कार्ड बनने के बाद भी पॉश मशीन में नही आने का मामला उठाया गया। इसके साथ ही बैठक में पूर्व में प्रस्तावित मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया गया। एसडीएम श्री गुप्ता ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियो को निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिया। एसडीएम ने बताया कि पॉश मशीन का सर्वर अलग होने के चलते ऐसी समस्या आयी है इसको लेकर पत्राचार किया जाएगा। वही रसोई गैस को लेकर एसडीएम ने सभी एजेंसी संचालकों व गोदाम प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि निर्धारित मूल्य पर उपभोक्ताओं को रसोई गैस उपलब्ध कराए। इसके अलावा सभी एमओ को राशन कार्ड के लंबित आवेदनों का जल्द सत्यापन करने,घटतौली की शिकायत पर जांच कर आवश्यक करवाई का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि 26,27 एवं 28 मई को सभी प्रखंड में आयुष्मान कार्ड बनाने

# बोलेरो के झटके से बाइक से गिरकर महिला की मौत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के मझौलिया नानोसती मुख्य मार्ग स्थित सतभीड़वा 55 आर डी पुल के समीप बाइक पर सवार महिला पीछे से बलोरो की झटका से जमीन पर गिर पड़ी जिससे घटना स्थल पर ही महिला की मौत हो गई।मृत महिला की पहचान रामनगर बनकट निवासी अवधेश गिरी का 50 वर्षीय पत्नी इन्दु देवी के रुप में हुई है।सूचना पर पहुंचे पुलिस ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।वही परिजनों ने मृत महिला के शव को पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते हुए शव का अंतिम संस्कार हेतु घर ले गए।अकस्मात हुए मौत से पूरे परिवार सदमे में हो गए।अस्पताल में ही चीख पुकार मच गया।

# एकमा में संकुल स्तरीय तीन दिवसीय मशाल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**एकमा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संकुल संसाधन केंद्रों में संकुल स्तरीय तीन दिवसीय मशाल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसी क्रम में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर संसाधन केंद्र पर प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी, अनिल कुमार सिंह, फिजिकल शिक्षक योगेश कुमार सिंह आदि अन्य की देखरेख में पहले दिन की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। वहीं अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, संकुल संसाधन केंद्र एकमा में गुरुवार से संकुल स्तरीय तीन दिवसीय मशाल खेल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संकुल समन्वयक अरुण कुमार सिंह व संकुल संचालक कृष्ण भगवान यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को अनुशासन व खेल भावना की शपथ दिलाई गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेंद्र बैठा ने बताया कि यह मशाल प्रतियोगिताएं 22 मई से 24 मई तक आयोजित की जा रही है, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन एथलेटिक्स एवं फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक-बालिकाओं का चयन प्रखंड स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता हेतु किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शिक्षकों व शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति में संदीप कुमार, नजरे हुसैन अंसारी, किरण कुमारी, रजनीश कुमार, नसीम अंसारी, माया शर्मा, मनीष कुमार सिंह, अनूप गुप्ता, उपेंद्र कुमार यादव, गाजी हसन, संजय शाह, सत्यदेव महतो, मुकेश कुमार सिंह, सुधीर कुमार, वीरेंद्र कुमार एवं शिवजी चौधरी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाई।

# प्रशांत किशोर 23 से 27 मई तक सीवान में, जन सुराज यात्रा के जरिए बिहार बदलाव की अलख जगाएंगे



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजनीतिक रणनीतिकार और जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर 23 से 27 मई तक सीवान में रहेंगे और 'जन सुराज बिहार बदलाव यात्रा' के तहत जन संवाद और जनसभाओं के माध्यम से बदलाव की अलख जगाएंगे। इसी क्रम में गुरुवार को मैरवा के जन सुराज कार्यालय पर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें यात्रा की तैयारियों और कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जन सुराज की प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मुन्ना पांडेय ने की। इस दौरान सगीर अहमद, वृंदा लाल कुशवाहा, मुर्तजा अंसारी, कृष्णा पासवान, संजय राम, रवि शंकर जाधव, भगवान सिंह कुशवाहा समेत दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुन्ना पांडेय ने बताया कि यात्रा के दौरान 26 मई को शाम 6 बजे मैरवा प्रखंड के बभनौली गांव में एक जनसभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। इसके बाद 27 मई को प्रशांत किशोर मैरवा नगर पंचायत, नौतन, बैंका मोड़ और तीतरा होते हुए भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के पैतृक गांव जीरादेई पहुंचेंगे। वहां वे उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। जीरादेई यात्रा के बाद 27 मई को दोपहर 1 बजे जीरादेई प्रखंड के बढ़ेया गांव में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इसके जरिए प्रशांत किशोर सीवान में जन सुराज की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस कार्यक्रम के समापन के बाद वे सीवान के अन्य क्षेत्रों की ओर रवाना होंगे। जन सुराज की यह यात्रा न केवल लोगों से संवाद का माध्यम बनेगी, बल्कि यह बिहार में बेहतर शासन और जवाबदेही वाली राजनीति की दिशा में एक मजबूत कदम भी माना जा रहा है।

# एसडीएम ने की आपूर्ति अनुश्रवण समिति की बैठक



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ट में गुरुवार को आपूर्ति अनुश्रवण समिति की एक बैठक अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। बैठक के दौरान आपूर्ति से संबंधी कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान राशन में घटतौली, गोदाम में राशन देरी से पहुचने व राशन कार्ड बनने के बाद भी पॉश मशीन में नही आने का मामला उठाया गया। इसके साथ ही बैठक में पूर्व में प्रस्तावित मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया गया। एसडीएम श्री गुप्ता ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियो को निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिया। एसडीएम ने बताया कि पॉश मशीन का सर्वर अलग होने के चलते ऐसी समस्या आयी है इसको लेकर पत्राचार किया जाएगा। वही रसोई गैस को लेकर एसडीएम ने सभी एजेंसी संचालकों व गोदाम प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि निर्धारित मूल्य पर उपभोक्ताओं को रसोई गैस उपलब्ध कराए। इसके अलावा सभी एमओ को राशन कार्ड के लंबित आवेदनों का जल्द सत्यापन करने,घटतौली की शिकायत पर जांच कर आवश्यक करवाई का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि 26,27 एवं 28 मई को सभी प्रखंड में आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# हरदोबारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मिला राज्य स्तरीय एनक्यूएएस प्रमाणपत्र, अब राष्ट्रीय स्तर पर होगा मूल्यांकन

## 84% स्कोर के साथ सिवान जिले को मिली बड़ी उपलब्धि, ग्रामीणों को मिलेगी और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा




**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के बड़हरिया प्रखंड अंतर्गत हरदोबारा स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता परखने के लिए बनाए गए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (ठदअर) के तहत इस केंद्र को राज्य स्तरीय प्रमाणीकरण मिला है। यह जानकारी सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस केंद्र का राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन कर नेशनल एनक्यूएएस प्रमाणपत्र के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।

**ग्रामीणों को मिलेगी उन्नत स्वास्थ्य सेवा**

ग्रामीण इलाकों में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता रही है। हरदोबारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर इस दिशा में एक उदाहरण बनकर उभरा है। इस केंद्र को 84 प्रतिशत अंक मिलने के बाद राज्य स्वास्थ्य समिति ने इसे प्रमाणित किया है। अब इसे राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है।

**टीम ने किया साफ-सफाई, इलाज की प्रक्रिया और उपकरणों का मूल्यांकन**

राज्य स्तरीय टीम ने अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं, साफ-सफाई, इलाज की प्रक्रिया, उपकरणों की उपलब्धता, रोगी संतुष्टि और मानक संचालन प्रक्रियाओं का गहन मूल्यांकन किया। इस पूरी प्रक्रिया में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मनीषा कुमारी, बीएचएम अंजनी कुमार, एएनएम रूपम कुमारी सहित कई कर्मियों का अहम योगदान रहा।

**राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाएगा प्रस्ताव**

जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन (डीसीक्यूए) डॉ. अभिमन्यु कुमार ने बताया कि अब हरदोबारा एचडब्ल्यूसी को नेशनल एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के लिए नामांकित किया जाएगा। इसके लिए जिला स्वास्थ्य समिति, चिकित्सा अधिकारी और सहयोगी संस्था पिरामल स्वास्थ्य की मदद से आवश्यक दस्तावेज और तैयारियां की जा रही हैं।

**डीपीएम ने गिनाईं केंद्र की विशेषताएं**

जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) विशाल कुमार सिंह ने बताया कि इस केंद्र पर ओपीडी-आईपीडी सुविधा के साथ-साथ गैर संचारी रोगों (जैसे टीबी, फाइलेरिया, कालाजार) की जांच और उपचार की भी सुविधा उपलब्ध है। ये सभी सेवाएं तय मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**जल्द होगी नेशनल टीम की विज़िट**

सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि राज्य स्तर की सफलता के बाद अब नेशनल टीम हरदोबारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का मूल्यांकन करेगी। मूल्यांकन में सफल होने के बाद यह केंद्र राष्ट्रीय एनक्यूएएस प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाला जिले का एक और गौरवशाली संस्थान बन जाएगा।

**जिले के लिए गर्व का क्षण**

हरदोबारा एचडब्ल्यूसी की यह उपलब्धि सिवान जिले के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि यह दशार्ती है कि ग्रामीण इलाकों में भी सरकारी प्रयासों और स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिबद्धता से उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित की जा सकती है।

# योगासन एथलीटों को किया गया सम्मानित



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पश्चिम चम्पारण योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा जिला खेल भवन सह व्यायामशाला में योगासन एथलीटों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बोधगया में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में योगासन रिदमिक पेयर इवेंट में बिहार को कांस्य पदक दिलाने वाले पश्चिम चम्पारण के सारांश कुमार एवं अभिषेक कुमार को सम्मानित किया गया। आर्टिस्टिक पेयर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एथलीट अनाया कुमारी को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स में इस जिले ने पहली बार भाग लिया और मेडल ले आया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. जगमोहन कुमार ने कहा कि योगासन एथलीट ने जिले को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। मेडलधारी अन्य एथलीटों के लिए प्रेरणा बन गए हैं। एसोसिएशन के सचिव सह मेडल प्राप्त करने वाले एथलीटों के कोच पवन कुमार चौधरी को भी सम्मानित किया गया। श्री कुमार ने बताया कि यह वर्षों की कठिन परिश्रम का परिणाम है। इस सफलता में पूर्व की असफलता भी छिपी हुई है। एसोसिएशन के उपाध्यक्षद्वय कुमार शशि भूषण व इंदु कुमारी, कोषाध्यक्ष राजकिशोर कुमार, संयुक्त सचिव पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य आलोका प्रसाद व अर्पित केशान ने एथलीटों को बधाई देते हुए कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मेडल आना जिले में उपलब्ध प्रतिभाओं का प्रमाण है। सारांश लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल, गुरवलिया का एवं अभिषेक आलोक भारती शिक्षण संस्थान, बेतिया का छात्र है। इस अवसर पर अभिभावक जितेन्द्र राम, दिव्या कुमारी, राहुल कुमार, जिला खेल कार्यालय के सहायक अमरेन्द्र कुमार सिंह, अमित शर्मा, हेमंत कुमार, मंजय प्रसाद, योगासन एथलीट रितेश कुमार, योग प्रेमी दिवाकर कुमार, राम कुमार, इमरान कुरैशी, बब्लू कुमार आदि उपस्थित थे। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से खेलप्रेमियों में हर्ष व्याप्त है।

# तकनीक आधारित विशेष फसलों पर खेती करने की आवश्यकता : कृषि पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला स्तरीय शारदीय (खरीफ) महाभियान-सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम 2025-26 का आयोजन संयुक्त कृषि भवन के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, संयुक्त कृषि निदेशक (शष्य), मगध प्रमंडल, गया, जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद, सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण, औरंगाबाद, सहायक निदेशक, रसायन रॉकी रावत, सहायक निदेशक, पौधा सरंक्षण, औरंगाबाद, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, औरंगाबाद, सहायक निदेशक, (शष्य), भूमि संरक्षण, औरंगाबाद, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, औरंगाबाद, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, दाउदनगर, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरीस के वरीय वैज्ञानिक- सह- प्रधान के द्वारा




संयुक्त रूप से किया गया। शारदीय (खरीफ) महाभियान का मुख्य उदेश्य खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली फसलों की वैज्ञानिक खेती किसान भाई कैसे करें, ताकि फसलों की उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाई जा सके। जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद के द्वारा बताया गया कि परम्परागत कृषि के अतिरिक्त नई तकनीक आधारित विशेष फसलों पर खेती करने की आवश्यकता है। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में दिये जाने वाले अनुदान एवं प्रत्यक्षण राशि के बारे में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा विस्तार से बताया गया कि औरंगाबाद जिले को वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत 100 क्विं0 मक्का बीज का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है, उक्त योजना अंतर्गत खरीफ मौसम में मक्का के क्षेत्र में विस्तार एवं उत्पादन में वृद्धि हेतु 150 रूपये/ किलोग्राम या बीज दर का 50 प्रतिशत जो न्यूनतम होगा सहायता दर दिया जायेगा। इसी तरह बेबी कॉर्न का भौतिक लक्ष्य 8 क्विं. प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम अन्तर्गत 750 रूपये/ किलोग्राम अथवा 50 प्रतिशत जो कम हो सहायता दर दिया जायेगा साथ ही इस जिले को स्वीट कॉर्न का 3 क्विं. भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है, इस कार्यक्रम अन्तर्गत 2250 रूपये/- किलोग्राम अथवा 75 प्रतिशत जो कम हो सहायता दर दिया जायेगा। इन योजनाओं के संचालन से औरंगाबाद जिले के किसानों को मक्का, बेबी कॉर्न एवं स्वीट कॉर्न के उत्पादन में सरकार द्वारा अनुदान राशि उपलब्ध कराये जाने से किसानों को इन फसलों के उत्पादन में वृद्धि करने में सहायता प्रदान करेगा।

## मादक पदार्थ तस्कर दोषी करार

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज प्रथम सह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट इसरार अहमद ने बारूण थाना कांड संख्या 117/22, जी.आर-13/22 में सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त बलजीत सिंह पावरझांगी (गुरदासपुर, पंजाब) को मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में दोषी ठहराया है। अभियुक्त पर एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में आरोप साबित होने के बाद दोषसिद्धि की घोषणा की गई है। स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर परवेज अख्तर ने बताया कि सजा से संबंधित सुनवाई 31 मई 2025 को निर्धारित की गई है। अभियुक्त बलजीत सिंह घटना के समय से जेल में बंद है और उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय से भी जमानत नहीं मिली है। मामले की पृष्ठभूमि में अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि बारून थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि जोगिया एनएच टू मार्ग पर स्थित खालसा लाइन होटल के संचालक बलजीत सिंह मादक पदार्थों की तस्करी करता है। सूचना की पुष्टि हेतु 25 मार्च 2022 को बारून थाना की पुलिस टीम द्वारा होटल पर छापेमारी की गई, जहां तलाशी के दौरान 29 किलो डोडा, चूरा, पोष्ता, सुखा, टिकिया और कैप्सूल बरामद किए गए थे।

## डीएवी का त्रिदिवसीय कार्यशाला संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** डीएवी सीएई, नई दिल्ली एवं सीबीएसई, पटना के मार्गदर्शन, क्षेत्रीय अधिकारी बिहार प्रक्षेत्र एस0के0झा के संरक्षण, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी वी0के0 पाठक के नेतृत्व एवं समूह प्रमुख प्राचार्य विनय कुमार गुप्ता की देख-रेख में एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य तथा शिक्षकों के सहयोग से त्रिदिवसीय कार्यशाला सुचारू रूप से संपन्न हुआ। कार्यशाला का केंद्र डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार तथा दानी बीगहा, औरंगाबाद था। मौके पर क्षेत्रीय अधिकारी ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कार्यशाला का आयोजन तभी सार्थक होगा जब आप प्रशिक्षण प्राप्त कर उसका सदुपयोग कक्षा-कक्ष में जाकर प्रयोग करेंगे। इससे विद्यालय का क्यूपीआई एवं प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। सहायक क्षेत्रीय अधिकारी के. के. सिन्हा ने सभी का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर यज्ञ-हवन से कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। तदुपरांत डीएवी पब्लिक स्कूल्स, बिहार प्रक्षेत्र- एफ (औरंगाबाद) के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 300 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। डीएवी कालेज प्रबंधक समिति, नई दिल्ली से प्राप्त सभी विषयों के प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण दिया। जिसमें हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, कंप्यूटर, ईईडीपी आदि विषयों में विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। शिक्षण की तैयारी गणित में भविष्य, नई तकनीकी (एआई) का गणित में प्रयोग, नई तकनीकी का विज्ञान शिक्षा में प्रयोग, विज्ञान शिक्षण में न्यूनतम अध्ययन सामग्री का प्रयोग, विज्ञान में रुचि निर्माण, गृह कार्य और कक्षा कार्य के मूल्यांकन की रणनीतियां, कक्षा कक्ष प्रबंधन, वैश्वीकरण का प्रभावित करने वाले कारक और उसका शिक्षा पर प्रभाव, जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व, नैतिक मूल्यों का सिद्धांत, तनाव प्रबंधन, लेखन कौशल का विकास, ई पाठ- योजना, निर्माण एनआई एवं पद्य शिक्षण में नवाचार, हिंदी में अपठित गद्यांश व पद्यांश शिक्षण, व्याकरण शिक्षण में विविध रोचक गतिविधियां, भाषा का गेमिफिकेशन, आंतरिक मूल्यांकन आदि। अंत में क्षेत्रीय अधिकारी एवं सहायक क्षत्रिय अधिकारी तथा प्राचार्यों एवं प्रशिक्षकों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।

## अव्यवस्थाओं के विरोध में विधायक ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लोगों की समस्याओं को लेकर सदर विधायक आनंद शंकर सिंह ने गुरुवार को अंचल कार्यालय पहुंचे और अपने समर्थकों के साथ कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। विधायक श्री सिंह ने कहा कि जब तक लोगों का काम नहीं होगा तब तक वे नहीं जाएंगे। उन्होंने इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को दी। सूचना पर डीसीएलआर और प्रभारी सीओ शशि सिंह वहां पहुंचे और लोगों की समस्याओं को सुना। मौके पर 25 से 30 लोगों के आवेदन का निष्पादन भी किया गया। अपने काम को लेकर अंचल कार्यालय पहुंचे लोगों ने भी विधायक के सामने भड़ास निकाला। वहां मौजूद लोगों ने कहा कि अंचल कार्यालय में बिना चढ़ावा के कोई काम नहीं होता है। पैसा नहीं देने के बाद लोगों के जायज काम को भी रोक दिया जाता है। विधायक ने कहा कि अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार और लापरवाही से आम जनता परेशान है। दो दिन से अंचलाधिकारी फोन नहीं उठा रहे हैं। सरकारी नंबर पर कोई जवाब नहीं दे रहे। सीओ छुट्टी पर हैं जिन्हें प्रभार मिला है, वे भी फोन नहीं उठा रहे। बार-बार शिकायत के बाद भी अंचल की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हो रहा।

## प्लास्टिक बैग की जगह अपनाएं जूट बैग : उदय




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर शहर के अलग -अलग जगहों पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इसके तहत आज शहर के कन्या मध्य विद्यालय धरणीधर, डॉ अब्दुल कलाम पार्क एवं राजेंद्र बाल उद्यान के समीप अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता मौजूद रहे, जिन्होंने लोगों को अधिक से वृक्षारोपण को लेकर प्रेरित किया। नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता ने कहा कि प्लास्टिक बैग की जगह जूट बैग को अपनाना एक अच्छा विचार है। जूट बैग पर्यावरण के लिए अधिक अनुकूल होते हैं और प्लास्टिक बैग की तुलना में अधिक टिकाऊ होते हैं। इस अवसर पर अभियान से जुड़ी कई महिलाएं और स्कूली बच्चे मौजूद रहे। मौके पर प्रधानाध्यापक विनय कुमार, शिक्षा सेवक राजाराम, परिचारी मो. रसीद, निशा सिन्हा, प्रनीता देवी, गुड़िया देवी, रानी देवी, उषा कुमारी, रेखा देवी, बबीता देवी, पार्वती देवी एवं उषा देवी उपस्थित रहीं।

## बीआरबीसीएल में बालिका सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** बीआरबीसीएल (भारत रेलवे बिजली कंपनी लिमिटेड) ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रमुख परियोजना 'बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025' का भव्य शुभारंभ किया। इस अभियान की शुरुआत 22 मई को आयोजित पंजीकरण कार्यक्रम के साथ हुई, जिसमें 40 उत्साही बालिकाओं ने भाग लेकर अपने उज्जवल भविष्य की ओर पहला कदम बढ़ाया। यह अभियान बालिकाओं को शिक्षा, जीवन कौशल और नेतृत्व क्षमता से लैस कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों की




प्रतिभाशाली बालिकाओं को वह मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने सपनों को साकार करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और संसाधन प्राप्त कर सकें। बीआरबीसीएल प्रबंधन ने कहा कि यह पहल न केवल व्यक्तिगत विकास की ओर एक कदम है, बल्कि यह एक समावेशी और समान समाज की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस अभियान में नियमित प्रशिक्षण, कार्यशालाएं, मेंटरशिप सत्र और शैक्षणिक सहायता जैसे अनेक घटक शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान पंजीकृत बालिकाओं के चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास झलक रहा था। वे न केवल इस अभियान का हिस्सा बनने पर गर्वित थीं, बल्कि उन्होंने अपने भविष्य के सपनों को साकार करने के लिए इस अवसर को एक नई शुरुआत माना। बीआरबीसीएल का यह प्रयास आने वाले समय में कई बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण बन सकता है।

## पुनपुन नदी तटबंध, नहरों और संरचनाओं के निर्माण के लिए 658.12 करोड़ की स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार की ओर से औरंगाबाद जिले में पुनपुन नदी के तटबंध एवं अन्य सिंचाई संरचनाओं से संबंधित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए सिंचाई भवन, पटना में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के प्रधान सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई कि पुनपुन नदी तटबंध, नहरों और सहायक




संरचनाओं के निर्माण और मरम्मत कार्यों के लिए कुल 658.12 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इसमें पुनपुन तटबंध व उससे जुड़े कार्यों के लिए 89.57 करोड़, पुनपुन शाखा नहर के लिए 43.94 करोड़ और किंजर वितरणी निर्माण के लिए 9.12 करोड़ की राशि शामिल है। बैठक में मौजूद अभियंताओं और संवेदकों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए कि जहां भी कार्यों में कोई बाधा उत्पन्न हो रही हो, उसे शीघ्रता से दूर किया जाए, ताकि परियोजना के सभी घटकों का क्रियान्वयन बिना किसी विलंब के हो सके। साथ ही यह भी कहा गया कि विभाग की प्राथमिकता किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके लिए अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और कार्य प्रगति की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुनपुन नदी तटबंध योजना औरंगाबाद जिले के किसानों को लाभान्वित करेगी, जिससे क्षेत्र में कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## मारपीट में दो जख्मी

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुरगईया कर्मा गांव में पूर्व से चली आ रही विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच बुधवार की रात मारपीट की घटना घटी। इस घटना में दो लोग जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में सुजीत कुमार एवं राजाराम यादव शामिल है। सदर अस्पताल में डॉ अभिषेक कुमार सिंह ने दोनो जख्मियों का इलाज किया। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269










बिहार सरकार

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**

**आम सूचना**

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आच्छादित लाभुकों के लिए माह मई, 2025 का खाद्यान्न वितरण दिनांक 20.05.2025 तक पूर्व से निर्धारित है एवं दिनांक 22.05.2025 से माह जून, 2025 के लिए खाद्यान्न का वितरण प्रारंभ है।
- विभिन्न सूचना माध्यमों से यह संज्ञान में आया है कि कतिपय लाभुकों द्वारा उक्त निर्धारित तिथि तक माह मई, 2025 का खाद्यान्न प्राप्त नहीं किया गया है।
- वैसे लाभुक जिन्होंने माह मई, 2025 का खाद्यान्न प्राप्त नहीं किया है, वे अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली विक्रेता के पास **प्रथम बार** में ई–पॉस के माध्यम से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत **माह मई, 2025** का खाद्यान्न प्राप्त करेंगे एवं **द्वितीय बार** में ई–पॉस के माध्यम से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत **माह जून, 2025** का खाद्यान्न प्राप्त करेंगे।
- वैसे लाभुक जिन्होंने माह मई, 2025 का खाद्यान्न प्राप्त कर लिया है, वे दिनांक **22.05.2025** से ई–पॉस के माध्यम से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत **माह जून, 2025** का खाद्यान्न प्राप्त करेंगे।

PR No.- 004215 (Food)D. 2025-26

प्रधान सचिव